दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024, वैशाख कृष्णपक्ष षष्ठी विक्रम संवत-2081 वर्ष-09 अंक-16 पृष्ठ-12, मूल्य - 4 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

तीसरा चरण
1352 प्रत्याशी

244 पर गंभीर आपराधिक मामले, 2 पर रेप केस

172 प्रत्याशी गंभीर आपराधिक मामले, 5 के खिलाफ हत्या का केस, 38 प्रत्याशी के खिलाफ महिला अपराध दर्ज

नई दिल्ली/ रायपुर। एसोसिएशन फॉन डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और द नेशनल इलेक्शन वॉच ने लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों द्वारा जमा किए हलफनामों का विस्तृत रूप से विश्लेषण किया है। इस विश्लेषण में तीसरे चरण में चुनाव लड़ रहे कुल 1352 प्रत्याशियों के द्वारा जमा किए गए हलफनामों का विस्तृत विश्लेषण किया गया है।

244 पर गंभीर मामले

तीसरे चरण में चुनाव लड़ रहे 1352 प्रत्याशियों में से कुल 244 प्रत्याशियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए है। इनमें गंभीर आपराधिक मामले वाले प्रत्याशी 172 है। वहीं घोषित दोषसिद्ध वाले 7 प्रत्याशी है। इनके खिलाफ ऐसे मामले घोषित किए हैं जिनमें उन्हें दोषी ठहराया गया है। 5 प्रत्याशियों के खिलाफ हत्या से संबंधित मामले दर्ज है। जिनमें (आईपीसी धारा-302) से संबंधित मामले भी घोषित किए गए है। हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों वाले 24 प्रत्याशी है जिनके खिलाफ खिलाफ हत्या के प्रयास (आईपीसी धारा 307) से संबंधित मामले घोषित किए हैं।

38 प्रत्याशियों में 2 के खिलाफ बलात्कार का केस

वहीं इन प्रत्याशियों में महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वाले 38 प्रत्याशी भी है। इन 38 प्रत्याशियों में से 2 प्रत्याशियों पर बलात्कार (आईपीसी धारा-376) से संबंधित आरोपों की घोषणा की है और जो कोई भी एक ही महिला पर बार-बार बलात्कार करता है, उसे एक अवधि के लिए कठोर कारावास से दंडित किया जाएगा जो दस साल से कम नहीं होगा, लेकिन इसे बढ़ाया भी जा सकता है। कारावास (आईपीसी धारा-376(2)(एन)। अभद्र भाषा से संबंधित मामलों वाले 17 प्रत्याशी है जिनके खिलाफ अभद्र भाषा से संबंधित मामले घोषित किए हैं। देश के प्रमुख दलों के वे प्रत्याशी जो लोकसभा चुनाव 2024 में तीसरे चरण में चुनाव लड़ रहे उनमें से सबसे अधिक गंभीर आपराधिक मामलों वाले पार्टीवार उम्मीदवारों की संख्या इस प्रकार है। प्रमुख दलों में राजद के 2, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 2, जेडी (यू) से 1, सपा के 3, कांग्रेस के 68 उम्मीदवारों में से 14, 14(बीजेपी के 82 उम्मीदवारों में से 17प्रतिशत और एआईटीसी के 6 उम्मीदवारों में से 1 ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

ADR कुल-1352 प्रत्याशी

- आपराधिक मामले 244 प्रत्याशी
- गंभीर आपराधिक 172 प्रत्याशी
- घोषित सजायाफ्ता 7 प्रत्याशी
- हत्या से संबंधित मामले 5 प्रत्याशी
- हत्या के प्रयास 24 प्रत्याशी
- महिलाअ अपराध 38 प्रत्याशी
- 2 प्रत्याशी ने बलात्कार से संबंधित आरोपों की घोषणा की है।

तीसरे चरण के रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र

तीसरे चरण में 95 निर्वाचन क्षेत्रों में से 43 रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र हैं। रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र वे निर्वाचन क्षेत्र हैं जहां 3 या अधिक चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

आज

बेबाक

लोकसभा चुनाव के पहले चरण की तरह दूसरे चरण का मतदान भी औसत ही रहा। चुनाव आयोग की तमाम कोशिशों और पीएम मोदी सहित अन्य नेताओं की गुजारिश के बावजूद मतदान प्रतिशत में इजाफा न होना सोच ही नहीं बल्कि शोध का विषय है। बहरहाल दूसरे चरण के मतदान के बाद से सभी पार्टियों के नेता फिर अपनी- अपनी ढफली लेकर अपना- अपना राग अलापने लगे हैं। एनडीए और आईएनडीआईए दोनों बढ़ चढ़कर दावे कर रहे हैं कि जनादेश उनके पक्ष में जा रहा है। अब यह तो 4 जून को ही पता चलेगा कि कौन कितने पानी में हैं?

//-- सुविचार --//

जो मिला उसमें ही खुश रहता हूं, मेरी ऊंगलिया मुझे सिखाती हैं, दुनिया में एकसमान कोई नहीं।

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:16 प्रात:
अस्त : 06:16 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	40.0	26.0
जमशेदपुर	44.0	26.0
हजारीबाग	41.0	26.0
डालटनगंज	43.0	26.0

संक्षिप्त खबरें

जैक इंटर का रिजल्ट 30 अप्रैल को

रांची। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) इंटर का रिजल्ट 30 अप्रैल को जारी करेगा। जैक पूर्वाह्न 11 बजे इंटर साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स सभी का रिजल्ट एक साथ जारी करेगा। झारखंड बोर्ड इंटरमीडिएट के 94 हजार 433 विद्यार्थियों ने विज्ञान की परीक्षा दी थी। इनके अलावा 25 हजार 907 विद्यार्थी 12वीं कॉमर्स व 02 लाख 24 हजार 502 परीक्षार्थी आर्ट्स की परीक्षा में शामिल हुए थे। झारखंड बोर्ड 12वीं का रिजल्ट छात्र जैक की ऑफिशियल वेबसाइट पर देखा जा सकता है। झारखंड बोर्ड 12वीं की परीक्षा में करीब चार लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। झारखंड बोर्ड इंटर की परीक्षाएं 6 फरवरी से 26 फरवरी तक दूसरी शिफ्ट में आयोजित की गई थीं।

गिरिडीह में 18 लाख नकद जब्त

गिरिडीह। गिरिडीह पुलिस नशा के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को एसपी दीपक शर्मा को मिले गुप्त सूचना के आधार पर जमुआ पुलिस ने मिजार्गंज बाजार स्थित सुरेन्द्र साव के दुकान में छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में बड़े पैमाने पर सुरेन्द्र साव के दुकान और घर से 18 लाख 18 हजार 700 नगद रुपए, चार किलो गांजा, 680 पीस बोंगा और बोंगा बनाने वाली 12 पैकेट समाग्री और गांजा और खैनी का मिश्रण भी 1.66 किलो ग्राम पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान शीर्ष अदालत ने धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। गौरतलब है, शीर्ष अदालत में हाईकोर्ट द्वारा याचिका पर फैसला सुनाने में देरी करने और धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की दो न्यायाधीशों की पीठ झामुमो नेता की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान पीठ ने ईडी को नोटिस जारी किया और छह मई तक उससे जवाब मांगा। अदालत ने कहा कि मामले में सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट अपना फैसला सुना सकता है। यह आदेश 28 फरवरी को सुरक्षित रखा गया था। सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अरुणाभ चौधरी ने कहा कि वे मामले में अंतरिम जमानत चाहते हैं। बता दें, अब इस मामले में मई के दूसरे हफ्ते में सुनवाई हो सकती है।

इससे पहले, 27 अप्रैल को सोरेन को झटका लगा था। रांची की विशेष पीएमएलए अदालत ने भूमि घोटाले के एक मामले में उन्हें अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। बता दें कि हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के भाई राम सोरेन का शनिवार सुबह निधन हो गया था। वह लंबे अरसे से बीमार चल रहे थे। सोरेन ने अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अदालत से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी। हालांकि, सुनवाई करते हुए अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था।

ईडी को दिया गया था एक सप्ताह का समय

हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। उन पर जमीन से जुड़े घोटाले के मामले में धन शोधन का आरोप है। पूर्व सीएम फिलहाल रांची की बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में हाईकोर्ट द्वारा सोरेन की जमानत याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को एक और सप्ताह का समय दिया गया था।

प्रशासन या सरकार किसी भी व्यक्ति के घर को जबरदस्ती नहीं तोड़ सकते : हाई कोर्ट

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने गढ़वा सदर में अतिक्रमण बताकर एक घर को तोड़ने की नोटिस दिए जाने से संबंधित अशोक कुमार की याचिका की सुनवाई के बाद आदेश में कहा कि प्रशासन या सरकार किसी भी व्यक्ति के घर को जबरदस्ती नहीं तोड़ सकते, चाहे वह अवैध अतिक्रमण ही क्यों ना हो। कोर्ट ने कहा कि कानून के द्वारा विधि सम्मत तरीके से प्रोसिडिंग चलाएं बिना घर तोड़ने की कार्रवाई नहीं की जा सकती है, चाहे वह अतिक्रमण का क्यों ना हो। कोर्ट ने आदेश दिया कि यदि राज्य सरकार को लगता है कि याचिकाकर्ता का घर अवैध अतिक्रमण का है तो झारखंड पब्लिक लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत कार्रवाई कर करके ही उसे हटा सकती है। बगैर इसके याचिकाकर्ता का घर नहीं हटाया जा सकता है। याचिकाकर्ता के गढ़वा सदर स्थित आवास में 10 मार्च को गढ़वा सीईओ ने नोटिस निर्गत कर 24 घंटे के अंदर उनके

घर के दस्तावेज को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, अन्यथा उसके घर को अवैध अतिक्रमण मानते हुए उसे अतिक्रमण मुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही थी। इसके बाद 11 मार्च को याचिकाकर्ता ने गढ़वा सीओ के पास समुचित कागजात जमा कर दिए थे। इसके बाद भी सर्किल इंस्पेक्टर, गढ़वा सदर पुलिस बल के साथ उनके घर आए थे और उनके घर की नापी ली और लाल दाग लगा दिया था। याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में इसके खिलाफ याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने मामले में दिशा-निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी।

सीएम चंपाई ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा

दो चरण बाद ही मोदी व भाजपा का उत्साह ठंडा

गिरिडीह। गांडेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद समाहरणालय के समीप पपराटांड़ खेल मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया।



चम्पाई ने तंज कसते हुए कहा कि पिछले कई महीनों से 400 पार का नारा लगाया जा रहा था लेकिन दो चरणों के मतदान के बाद अब मोदी और भाजपा का उत्साह ठंडा पड़ता जा रहा है। इनका बस चलता तो ये 543 सीटों पर जीत का दावा कर देते लेकिन दो चरणों के मतदान के बाद अब भाजपा जान चुकी है कि उनका क्या होने वाला है। मुख्यमंत्री से पहले कल्पना सोरेन ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए पति हेमंत सोरेन और ससुर शिबू सोरेन के नामों का जिक्र करते हुए कहा कि वो भाग्यशाली हैं कि झारखंड के एक आंदोलनकारी नेता की बहू हैं। क्योंकि, गिरिडीह की धरती से शिबू सोरेन ने जो आंदोलन किया था, वो हर एक झारखंडी की अस्मिता और वजूद से जुड़ा था। जनसभा में उमड़ी भीड़ ने इस दौरान जमकर नारे भी लगाये। कल्पना सोरेन ने समर्थकों के जोश और उत्साह को बढ़ाये रखा और मंच से जमकर हेमंत सोरेन के समर्थन में नारे लगाये। कल्पना ने कहा कि हेमंत सोरेन राज्य के युवा नेता हैं और भाजपा ने उन्हें जेल भेज दिया। ये राज्य के युवा कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा कि वो पिछले कई दिनों से गांडेय का भ्रमण कर चुकी हैं। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मिथलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख, हफीजुल हसन, आलमगीर आलम, सांसद सरफराज अहमद, मंत्री बसंत सोरेन, विधायक इरफान अंसारी, सदर विधायक सुद्विया कुमार सोनू, पूर्व सांसद महुआ माजी, जेएमएम के सुप्रियो भट्टाचार्य, गिरिडीह जेएमएम, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेता कृष्ण मुरारी शर्मा, जेएमएम के संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

भीषण गर्मी एवं लू के कारण केजी से कक्षा आठ तक की कक्षाएं स्थगित

रांची। राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में केजी से कक्षा आठ तक की कक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों पर यह आदेश लागू नहीं होगा। शिक्षकों-शिक्षकेत्तर कर्मियों को देय ग्रीष्मावकाश के लिए अलग से आदेश निर्गत किया जायेगा। यह आदेश सोमवार को सरकार के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने जारी की है।

शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी करेंगे ये काम

कक्षा एक से सात तक की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए परीक्षाफल प्रकाशन, रिपोर्ट कार्ड की तैयारी, छात्रवार विद्यार्थियों के प्राप्तांक को ई-विद्यावाहिनी में ऑनलाईन कार्य पूरा करेंगे। यू-डाईस प्लस में विद्यार्थियों के आंकड़ों की शत-प्रतिशत प्रविष्टि का कार्य पूर्ण करेंगे। विद्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों की केटलागिंग करते हुए इसे संधारित करना सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय के सभी प्रकार के पंजी, बैंक पासबुक, कैशबुक इत्यादि का अद्यतन संधारण करेंगे। शैक्षणिक सत्र-2024-25 के लिए आने वाले विद्यार्थियों का नामांकन का कार्य करेंगे। शैक्षणिक सत्र-2024-25 के लिए कक्षावार एवं विषयवार पाठ्य योजना तथा संबंधित शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण करेंगे। सभी शिक्षक क्षमता निर्माण के लिए जे-गुरुजी एप्लीकेशन में स्वयं को पंजीकृत कराते हुए उस पर उपलब्ध वीडियो सामग्री का अवलोकन करेंगे।

गांडेय उपचुनाव. कल्पना सोरेन ने किया नामांकन

गिरिडीह। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत करते हुए सोमवार को गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बेबी देवी, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, मंत्री आलमगीर आलम, सदर विधायक सुद्विय कुमार सोनू, बगोदर विधायक और कोडरमा का इंडी गठबंधन के प्रत्याशी बिनोद सिंह भी उपस्थित थे। आचार संहिता के कारण ही गिरिडीह जिला समाहरणालय में स्थित जिला निवार्ची पदाधिकारी गुलाम समदानी के समक्ष

सिर्फ प्रस्तावक और समर्थक ही शामिल हुए थे। शुभ मुहूर्त 12 बजकर 20 मिनट में कल्पना सोरेन ने एक सेट में नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इससे पहले उनका काफिला गिरिडीह के उत्सव उपवन रिसोर्ट से निकला। इस दौरान उनके समर्थको की भीड़ भी उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी। बाद में पत्रकारों से बातचीत में कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड के लोगों के दिलों में बसते हैं। वो भले ही आज हमारे बीच शारीरिक रूप से मौजूद नहीं हैं, लेकिन उनकी सोच पूरे झारखंड और देश के लोगों में रचा बसा है। कल्पना सोरेन ने कहा की उन्हे गांडेय की जनता का आशीर्वाद मिलेगा और सिर्फ गांडेय ही नहीं बल्कि राज्य की जनता का आशीर्वाद उन्हें मिलने जा रहा है। खास तौर पर वो गांडेय से चुनाव लड़ रही है तो गांडेय की जनता का आशीर्वाद मिलना तय है। उल्लेखनीय है कि गांडेय सीट से झामुमो के सरफराज अहमद विधायक थे। ईडी द्वारा जमीन घोटाला मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ्तारी के दौरान सरफराज ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद पिछले दिनों वे राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो गए।

परिवर्तन... भ्रष्टाचारियों पर बड़े कदमों ने ऐसे लगाम लगाई कि मिलने लगे चुनाव के बेहतर परिणाम

एक दशक में आयोग ने बदल दी चुनाव की सारी प्रक्रिया

नीरज उपाध्याय

रायपुर/नवप्रदेश। चुनावी प्रक्रियाओं में दशकों बाद काफी सुधार आते नजर आ रहा है। एक दशक पहले की स्थिति अब देखने को नहीं मिलती है। चुनाव आयोग ने इसके लिए लगातार प्रयास किया है। बूथ कैप्चरिंग, वोट पेटियों की लूट, मतदाताओं पर दबाव, वोटिंग के दिन दंगे-फसाद, खूनखराबा, आगजनी, गोलीबारी, बमबारी जैसे हथकंडे अब बीते दिनों की बात हो गई है। देश के कुछ ही राज्य में अब इक्का-दुक्का गाहे-बगाहे ऐसी घटना सुनने की मिलती हैं।

उम्मीद से कहीं अच्छा परिणाम पेश

बता दें कि जिधर दम.. उधर बम.. और उधर ही चुनाव का परिणाम.. वाली स्थिति ने देश को विकास से दशकों पीछे छोड़ दिया था। राजा-महाराजाओं का देश, सोने की चिड़िया कहलाने वाला भारत, धर्म-अध्यात्म और साइंस में हजारों साल पहले से विश्व गुरु रहा हमारी मातृभूमि सैकड़ों साल की गुलामी से आजाद होने के बाद भी अपनी दूर्दशा पर आंसू बहा रही थी। लाखों बलिदानियों को भूलकर जिम्मेदार राजनेता मनमानी पर उतर आए, स्वार्थ में इतने डूबे कि देश की कीमती संपत्ति की लूट मचा दी, ऐसे में भारत माता की कराह साफ झलक रही थी। ऐसे में चुनाव आयोग ने अपनी कार्यप्रणाली में बेहतर

बदलाव कर जनता के बीच उम्मीद से कहीं अच्छा परिणाम पेश किया। एक दशक में आयोग ने चुनावी प्रक्रिया की छवि को पूरी तरह से सुधार कर रख दिया है। ऊच्चतम न्यायालय ने भी इस बात को माना है। चुनावी प्रक्रिया को सुगम और निष्पक्ष बनाने ठोस निर्णय लिए देश में चुनावी प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष और सुगम बनाने के लिए चुनाव आयोग ने योजनाओं, सुझावों पर बड़ी कड़ाई के साथ काम करने के निर्णय के साथ इस पर अमल किया।

राजनीतिक दलों पर कड़ी निगाह

स्वच्छ वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए आचरण संहिता के लागू होते ही अधिकारी-कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारी दी गई। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ाई से कार्रवाई का पूर्ण अधिकार देते हुए चुनाव आयोग ने शहर से लेकर गांवों तक संभावित सभी महत्वपूर्ण जगहों पर जांच टीम तैनात करनी शुरू की। राजनीतिक पार्टियों, संगठनों, नेताओं सहित आमलोगों पर कड़ी निगाह रखनी शुरू की, तो समय से पहले ऐसे लोग पकड़ में आने लगे जो जनता को संभावित लालच देने की तैयारी में थे।

अब बुलेट पर बैलेट भारी

छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग, पीआरओ आशीष मिश्रा से मिली जानकारी अनुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले स्वयं नियंत्रण कक्ष की गतिविधियों से अवगत हो रहीं हैं। चुनाव की साफ और स्वच्छ प्रक्रिया को पूरी करने के लिए कमांड एंड कमांड सिस्टम के तहत मतदान केंद्रों के अंदर और बाहर कैमरे लगाए जा रहे हैं। त्रुति रहित मतदान के लिए पारदर्शिता बनाए रखने वेब कास्टिंग के जरिए नजर रखी जा रही है। इससे कोई भी गड़बड़ी की आशंका में, शिकायत पर तत्काल पहल की जा सके। अब नई-नई टेक्नालॉजी के उपयोग से आमजन को तत्काल सूचनाएं भी मिल जाती हैं। मतदान के लिए साधन और सुविधाएं भी सुगमता से पहुंच रही है। उदाहरण सामने है कि इस बार मतदान के दौरान नक्सली घटना नहीं हुई। बुलेट पर बैलेट भारी पड़ा है।

कमांड सेंटर में 16 बड़ी स्क्रीन से सीधी तस्वीरें

कमांड सेंटर में 16 बड़ी स्क्रीन पर एक साथ 144 मतदान केंद्रों की वेब कास्टिंग के जरिए लाइव वीडियो देखी जा सकती है। स्क्रीन पर जिलावार एवं विधानसभावार हर 30 सेकंड में मतदान केंद्र स्क्रीन पर बदल जाते हैं जिससे सभी मतदान केंद्रों से आए वीडियो को बारी-बारी से देखा जा सके। तीसरे और अंतिम चरण में 7 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान के दौरान 7856 मतदान केंद्रों से लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। इस प्रकार तीनों चरणों के लिए कुल 11910 मतदान केंद्रों पर मतदान की गतिविधियों की सीधी तस्वीरें देखने की सुविधा दी गई है।

6 घंटे तक कक्षा में अकेले रहा बंद, रोता रहा मासूम

मेदिनीनगर : झारखंड के पलामू में छठवीं कक्षा का एक छात्र स्कूल के कमरे में 6 घंटे तक रोता रहा। शिक्षक स्कूल के सभी कमरों की जांच करने के बाद घर चले गए थे। शाम के समय जब बच्चे के रोने की आवाज ग्रामीणों ने सुनी तो कमरे का दरवाजा तोड़कर बच्चे को बाहर निकाला गया। मामला सामने आने के बाद लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। उनका वेतन रोक दिया गया। साथ ही शिक्षकों से 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया है। घटना शनिवार की है। पलामू के मेदिनीनगर सदर अंचल के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिंदुरिया में शनिवार को छठी कक्षा का छात्र अपनी क्लास में सो गया था। स्कूल के शिक्षक सभी कमरों में ताला लगाकर घर चले गए थे। गांव के लोग स्कूल के पास से गुजर रहे थे, तभी उन्हें बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। बाद में गांव वालों ने घटना की सूचना सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी और स्कूल का दरवाजा तोड़कर बच्चे को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर शिक्षकों से संपर्क किया, लेकिन शिक्षक पहले ही अपने घर जा चुके थे। सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी रणधीर कुजूर जांच के लिए स्कूल पहुंचे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बच्चा कमरे में सो गया था, जिसे ग्रामीणों ने बाहर निकालने में मदद की।

झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के कॉन्टेस्ट के आयोजन से बढ़ेगा मतदान प्रतिशत

लोकसभा चुनाव में झारखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर रहने की संभावना: रवि कुमार

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि प्रतिभागियों की रचनात्मक्ता से मतदाताओं में जागरुकता आएगी। साथ ही झारखंड का वोटिंग प्रतिशत भी बढ़ेगा। झारखंड में लगातार चल रहे विभिन्न मतदाता जागरुकता अभियानों से भी लोकसभा चुनाव-2024 में झारखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर होने की संभावना है। वे सोमवार को निर्वाचन सदन स्थित सभागार में झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के विजेताओं को पुरस्कृत कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट की परिकल्पना काफी पहले की गई थी। इस कॉन्टेस्ट में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं ने रचनात्मक कार्य किया है। उन्होंने प्रतिभागियों को कॉन्टेस्ट में सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में प्रतिभागियों के भाग लेने से मतदान के लिए प्रचार-प्रसार बढ़ा है। मतदाताओं में जागरुकता बढ़ी है। सभी मतदाता मतदान करेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए सार्थक पहल करने की अपील की। पुरस्कार वितरण में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने विषय प्रवेश कराया। कार्यक्रम का संचालन सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता ने किया। झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में झारखंड सहित दूसरे राज्यों से भी प्रविष्टियां आईं थीं। शार्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो, रील्स एवं पोस्टर मेकिंग कैटेगरी में प्रतिभागियों ने भाग लिया और प्रतिभा का प्रदर्शन कर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान भी विजेता प्रतिभागियों ने रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

चार कैटेगरी में बंटा था झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट

झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट चार कैटेगरी में बंटा था। इसमें शार्ट फिल्म कैटेगरी में रंजीत कुमार को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नकद के साथ शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। म्यूजिक वीडियो कैटेगरी में सोलोमोन दास को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नकद, रील्स कैटेगरी में प्रथम अजय कुमार को 10 हजार रुपये, पोस्टर कैटेगरी में प्रथम सूरज कुमार को 15 हजार रुपये नकद के साथ शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया।

इन सभी कैटेगरी के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के साथ स्पेशल मेंशन के कुल 41 विजयी प्रतिभागियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों ने नकदी, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।

सिंहभूम लोकसभा सीट से एनडीए उम्मीदवार गीता कोड़ा को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की

झामुमो और कांग्रेस ने झारखंड अलग राज्य आंदोलन को कुचलने का काम किया : बाबूलाल

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में झामुमो, कांग्रेस और राजद के नेतृत्व में सरकार चल रही है। ये सभी झारखंड के विरोधी हैं। झारखंड के विकास के विरोधी हैं। इनसे झारखंड का विकास कभी नहीं हो सकता। झारखंड अलग राज्य का आंदोलन देश की आजादी के समय से ही चल रहा था। कांग्रेस पार्टी की सरकार केंद्र में थी। कभी उन्होंने झारखंड अलग राज्य नहीं बनाया।

मरांडी सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा के राजनगर में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। मरांडी ने कहा कि केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार आने पर अलग झारखंड राज्य का निर्माण हुआ। यदि हम अपने आप को झारखंड के वासी कहते हैं तो यह भारतीय जनता पार्टी की देन है। झारखंड अलग राज्य झारखंड मुक्ति मोर्चा ने नहीं बनाया। कांग्रेस ने नहीं बनाया। इन लोगों ने झारखंड अलग राज्य के आंदोलन को कुचलने का काम किया। उन्होंने सिंहभूम से एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा को भारी बहुमत से विजय बनाने की भी अपील की।

मरांडी ने कहा कि सूचना मिली कि जनसभा में आने से लोगों को मना किया जा रहा था लेकिन इस चिलचिलाते धूप में आए लोगों को देखने से एक बात स्पष्ट हो गया इस क्षेत्र की जनता एनडीए उम्मीदवार को वोट देकर विजयी बनाने का मन बना चुकी है। चम्पाई सोरेन कितना ही रोकने का प्रयास क्यों ना कर लें, क्षेत्र की जनता अब नहीं रुकेगी और 13 मई को कमल निशान में ही बटन दबाएगी।

मरांडी ने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन के लोगों ने राज्य की खनिज को बेच डाला। लोहा-कोयला को बेच दिया। नदी के बालू तक को नहीं छोड़ा। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसी कारण से जेल में बंद हैं।यदि अपराधियों को संरक्षण देंगे तो सजा भुगतना ही होगी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास का जितना काम किया है, वह किसी से छिपा नहीं है। मोदी ने जितना काम किया है उतना आज तक किसी प्रधानमंत्री के कार्यकाल में नहीं हुआ।

मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के घर-घर तक गैस का कनेक्शन पहुंचाया। कोरोना काल में नरेन्द्र मोदी ने गरीबों की चिंता की। सभी के घरों में मुक्त राशन पहुंचाने की व्यवस्था की, ताकि कोई गरीब भूखा ना रहे। अगले पांच वर्ष तक लोगों को मुफ्त अनाज मिलता रहेगा। प्रधानमंत्री गरीब की चिंता करते हैं। किसान की चिंता करते हैं। महिला की चिंता करते हैं। युवा की चिंता करते हैं। सभी वर्ग की चिंता करते हैं।

मोदी पर कांग्रेस ने साधा निशाना

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी देश में भ्रष्टाचार का विद्यालय चला रहे हैं। विद्यालय की शाखाएं उन्होंने भाजपा शासित राज्यों में खोल रखी है। सिन्हा सोमवार को कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपने शासनकाल में हुए प्रत्येक घोटाले का जवाब जनता को देना चाहिए। केरल के पांच एयरपोर्ट बिना किसी अनुभव के अदानी को ठेके पर देना, गुजरात में अदानी समूह को लाभ पहुंचाने के लिए 14305 एकड़ जमीन का आवंटन सहित अन्य घोटाले भाजपा शासित राज्यों में और केंद्र सरकार के शासनकाल में हुए हैं। इन सभी का जवाब प्रधानमंत्री से जनता मांग रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के केंद्र में मंगलसूत्र, हिंदू-मुसलमान और पाकिस्तान है। झारखंड की धरती से इन्हें सरना धर्मकोड के बारे में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

अखिल भारतीय कांग्रेस के मीडिया कोऑर्डिनेटर वैभव शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं करते। मणिपुर में महिलाओं हुए अत्याचार और मणिपुर के हिंसा पर दो शब्द नहीं बोलते। महीनों किसान धरने पर बैठे रहे लेकिन किसानों के हित की कोई बात प्रधानमंत्री ने कभी नहीं की।

मीडिया कोऑर्डिनेटर सुमेर चारण ने कहा कि महिलाओं और मंगलसूत्र पर बात करने से पहले प्रधानमंत्री को मणिपुर हिंसा पर देश से माफी मांगनी चाहिए। हिंदुस्तान में सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल का मामला सामने आया है, जिसका कर्ताधर्ता खुद उनकी पार्टी का सांसद प्रज्ज्वल रमन्ना है, जिसकी शिकार सैकड़ों महिलाएं हुई हैं। इसके लिए मोदी ने सिर्फ चंद दिनों पहले ही रैली के माध्यम से जीताने की अपील की थी और उसका साथ देने के लिए नीरव मोदी, विजय माल्या, मेहुल चौकसी की तरह उसे भी देश से भागने में मदद की गई।

स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब कल्याणकारी पहलों के माध्यम से समाज में दे रहा योगदान : रेखा जैन

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के महिला कल्याण विंग ने वार्षिक दिवस समारोह उल्लास के साथ मनाया। सभा को संबोधित करते हुए स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन ने कहा कि क्लब विभिन्न कल्याणकारी और सीएसआर पहलों जैसे कौशल विकास प्रशिक्षण यानी वंचितों को कंप्यूटर प्रशिक्षण, आवश्यक खाद्य पदार्थ प्रदान करना आदि के माध्यम से समाज में योगदान दे रहा है। सदस्यों के संयुक्त प्रयासों के कारण क्लब द्वारा सभी पहल की गई।

रेखा ने सदस्यों के लिए कौशल विकास के लिए कार्यशालाओं सहित पूरे वर्ष विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में योगदान के लिए सदस्यों के प्रति आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही सदस्यों को एक एकजुट परिवार के रूप में खड़े होने और समाज पर स्थायी प्रभाव डालने का आह्वान किया। उन्होंने संबोधन का समापन इस टिप्पणी के साथ किया कि हम बदलाव बनें, हम समाज में बदलाव देखना चाहते हैं।कार्यक्रम में लेडीज क्लब के सदस्यों, बच्चों और कर्मचारियों की भारी भागीदारी के साथ कुछ आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखी गईं, जिसने शाम को बहुत ही खास और मनोरंजक बना दिया। विभिन्न प्रश्नोत्तरी और इंटरैक्टिव खेलों का आयोजन किया गया और विजेताओं को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सीजीएम (एचआर) रजनीश रस्तोगी, जीएम (इंफ्रा), श्रीखंडे, जीएम (टीएस), एस पांडेय, जीएम (सी एंड एम), उपाध्यक्ष, शिका रस्तोगी और पूर्णिमा श्रीखंडे, महासचिव, मनसा वर्मा, संयुक्त सचिव, दीपा कुमारी, कोषाध्यक्ष, स्निग्धा रानी मांझी और सांस्कृतिक सचिव, टी परमेश्वरी और अन्य सदस्यों सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

अबकी बार 400 पार का लक्ष्य होगा साकार, फिर एक बार मोदी सरकार : खीरू महतो

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सोमवार को प्रेस क्लब में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने की।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने एनडीए को समर्थन का ऐलान किया। कार्यकताओं को अपने - अपने लोकसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार के साथ समन्वय स्थापित कर चुनाव में सहयोग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को साकार करना है और पुनः देश में मजबूत सरकार लानी है।

जदयू कार्यसमिति की बैठक में जदयू नेता डॉ आफताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सुशील सिंह, सागर कुमार, निर्मल सिंह, रेणु गोपीनाथ, शैलेंद्र महतो, पिंटू सिंह, राजू महतो, दुष्यंत पटेल, अर्जुन मेहता, सरयू गोप, आशा शर्मा, बिगा मिंज, कौशल कुमार, उदय सिंह, नागमणी सिन्हा, संजय ठाकुर, अखिलेश राय, उपेंद्र सिंह, दीप नारायण सिंह, रामाशीष डांगी, प्रदीप महतो, तेतरा महतो, रामजी प्रसाद एवं अन्य शामिल थे। वहीं दूसरी ओर बैठक से पहले सांसद संजय सेठ, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो से उनके निवास पर मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया । साथ ही उन्हें दो मई को अपने नामांकन में शामिल होने का अनुरोध किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार, भाजपा नेता संजीव साहू भी उपस्थित रहे। खीरू महतो ने सेठ को शुभकामनाएं और जीत की अग्रिम बधाई दी।

एक नजर

झारखंड हाई कोर्ट ने बार काउंसिल आफ इंडिया को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड स्टेट बार काउंसिल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उसे छह माह की कार्य अवधि का विस्तार मिलने के बाद बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआई) की ओर से फिर से काउंसिल के कार्यकाल को 18 माह का विस्तार देने के खिलाफ दायर संजय कुमार तिवारी की याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने बार काउंसिल आफ इंडिया को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता की ओर से झारखंड स्टेट बार काउंसिल के काम पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया गया था लेकिन हाई कोर्ट ने फिलहाल अंतरिम राहत नहीं दी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता निलेश कुमार ने सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल का कार्यकाल जुलाई 2023 में समाप्त हो गया था। इसके बाद उसे छह माह का और कार्य अवधि विस्तार दिया गया था, जो जनवरी 2024 में समाप्त हो चुका है। इसके बाद बार काउंसिल आफ इंडिया ने पत्र जारी कर स्टेट बार काउंसिल के कार्यकाल को 18 माह का अवधि विस्तार दिया है, जो गलत है।

झारखंड हाई कोर्ट ने मानव तस्कर की पत्नी की जमानत याचिका खारिज की

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने कुख्यात मानव तस्कर पन्नालाल महतो की पत्नी सुनीता देवी की जमानत याचिका खारिज कर दी। सुनीता देवी ने 12 अप्रैल, 2022 को एनआईए की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण किया था। सुनीता पर पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया था। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की कोर्ट ने उसकी जमानत खारिज कर दी थी। इसके बाद उसने जमानत के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की। पन्नालाल महतो और उसकी पत्नी सुनीता पर 15 साल में पांच हजार बच्चों का सौदा कर करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। झारखंड की बच्चियों को काम दिलाने के नाम पर दिल्ली-मुंबई समेत बड़े शहरों में बेचने के मामले में तीन जुलाई, 2019 को ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट थाने में एफआईआर दर्ज किया गया था।

गर्मी की छुट्टियों से पहले रेलवे चला रहा समर स्पेशल ट्रेनें

रांची। राज्य के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां जल्द होने वाली हैं। ऐसे में दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से इस दौरान समर स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की गयी है, जिससे राज्य के यात्री छुट्टी मनाने अलग अलग स्थानों पर जा सकते हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे के अनुसार, नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त एक दर्जन समर स्पेशल ट्रेनें हैं, जिसमें सीट मिल सकती है। अधिकांश गाड़ियों को जून के अंतिम सप्ताह तक परिचालित किया जाएगा। ट्रेनों में मुख्य रूप से शामिल -08624 रांची-इस्लामपुर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को चलेगी। ट्रेन संख्या 08183 टाटानगर पटना स्पेशल प्रत्येक शनिवार को टाटानगर एवं पटना से चलायी जायेगी। ट्रेन संख्या 02839 और 02840 शालीमार-पुरी स्पेशल शालीमार से प्रत्येक रविवार और पुरी से प्रत्येक सोमवार चलेगी। ट्रेन संख्या 07223 और 07224 सिकंदराबाद-संतरागाछी स्पेशल सिकंदराबाद से प्रत्येक शुक्रवार और संतरागाछी से प्रत्येक शनिवार। ट्रेन संख्या 07225 और 07226 सिकंदराबाद-शालीमार स्पेशल सिकंदराबाद से प्रत्येक सोमवार और शालीमार से प्रत्येक मंगलवार। ट्रेन संख्या 02863 और 02864 हावड़ा-यशवंतपुर स्पेशल हावड़ा से प्रत्येक गुरुवार को और यशवंतपुर से प्रत्येक शनिवार को चलेगी। ट्रेन संख्या 06507 और 06508 एसएमवीटी बेंगलुरु-खड़गपुर-एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल एसएमवीटी बेंगलुरु से प्रत्येक शुक्रवार और खड़गपुर से प्रत्येक सोमवार। ट्रेन संख्या 06081/06082 कोचुवेली-शालीमार स्पेशल, कोचुवेली से प्रत्येक शुक्रवार और शालीमार से प्रत्येक सोमवार को चलेगी। ट्रेन संख्या 02847 और 02848 संतरागाछी-दीघा स्पेशल प्रत्येक शनिवार को संतरागाछी और दीघा से हर रविवार को चलाई जायेगी। ट्रेन संख्या 03465/03466 मालदा टाउन-दीघा स्पेशल मालदा टाउन से हर शनिवार और दीघा से हर रविवार चलेगी. ट्रेन संख्या 06585/06586 एसएमवीटी बेंगलुरु-हावड़ा-एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल एसएमवीटी बेंगलुरु से प्रत्येक शुक्रवार और हावड़ा से प्रत्येक शनिवार चलेगी। ट्रेन संख्या 07221/07222 सिकंदराबाद संतरागाछी स्पेशल सिकंदराबाद से प्रत्येक मंगलवार और संतरागाछी से प्रत्येक बुधवार चलेगी। ट्रेन संख्या 08014/08013 रांची-स्पेशल रांची से प्रत्येक गुरुवार को और भागलपुर से प्रत्येक शुक्रवार को जायेगी। ट्रेन संख्या 08103/08104 टाटानगर-वाराणसी स्पेशल टाटानगर से प्रत्येक गुरुवार को और वाराणसी से प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। ट्रेन संख्या 08483/08484 पुरी-शालीमार स्पेशल पुरी से प्रत्येक रविवार और शालीमार से प्रत्येक सोमवार चलेगी।

युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने रांची उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

रांची। युवा आजसू का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा से मिला और ज्ञापन सौंपा। साथ ही मोरहाबादी मैदान, धार्मिक स्थलों व शैक्षणिक संस्थानों के समीप संचालित बार व शराब दुकानों को अविलंब स्थानांतरित करने की मांग की। युवा मोर्चा के राज्य संयोजक गौतम सिंह के नेतृत्व में युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने शराब दुकानों और बार के चलते मोरहाबादी के समीप हुई कई अप्रिय घटनाओं के साथ आमजनों और वीवीआईपी आवासीय परिसर में रहने वाले विशिष्ट जनों को होने वाली समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। ज्ञापन के माध्यम से युवा आजसू ने मोरहाबादी मैदान के समीप संचालित शराब दुकानों के कारण असामाजिक तत्वों के बढ़ते जमावड़े से इस क्षेत्र की सुरक्षा में सेंध लगने की संभावना से उपायुक्त को अवगत कराया। साथ ही कहा कि आसपास स्थित विद्यालयों में पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों और खेल परिसरों में अभ्यास करने वाले सैकड़ों खिलाड़ियों के बीच भी असुरक्षा का भाव रहता है। युवा आजसू के रांची जिला सह प्रभारी नीतीश सिंह ने कहा कि रांची में कई बार व शराब दुकानें धार्मिक स्थलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के बेहद करीब संचालित हो रही हैं। यह बार और शराब दुकानें राज्य सरकार की नियमावली की अवहेलना भी करते हैं। इन सभी पर कार्रवाई की जानी चाहिए। युवा नेता वेदांत कौस्तव ने कहा कि धार्मिक स्थलों व शैक्षणिक संस्थानों के पास खुलेआम शराब बिक रही है। इस पर प्रशासन को जल्द से जल्द संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

यह चुनावी साल झारखंड के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण : सुदेश महतो



नवप्रदेश संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि साढ़े चार साल से सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस ने राज्य का बड़ा नुकसान किया है। झामुमो से इस राज्य को बचाने के लिए हर वर्ग को आगे आना होगा। लोकसभा चुनाव में एनडीए की सभी सीटों पर जीत के बाद से ही झामुमो की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। महतो सोमवार को बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान पार्टी की नीति एवं सिद्धांतों से प्रेरित होकर कई समाजसेवियों तथा जनप्रतिनिधियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

महतो ने कहा कि यह चुनावी साल झारखंड के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। हम सभी पर दोहरी जिम्मेदारी है। लोकसभा चुनाव के कुछ महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। इन दोनों चुनावों में हमें संगठनात्मक मजबूती के आधार पर जीत हासिल करनी है। पार्टी में शामिल हुए सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी समाज के हर वर्ग की चिंता करने के साथ और उनके विचार, भावना को साथ लेकर चलती है। आप सभी के पार्टी में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी। आने वाले दिनों में क्षेत्र में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

सीता नवमी महोत्सव महानगर के सभी प्रखंडों में 12 मई से मनाया जाएगा

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि 12 मई से 19 मई तक सीता नवमी महोत्सव महानगर के सभी प्रखंडों में भव्य रूप से मनाया जाएगा, जिसमें मातृशक्ति- दुर्गा वाहिनी की बहने सक्रिय रूप से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनायेंगी। साथ ही सभी नगरों में दुर्गा वाहिनी- मातृशक्ति का गठन किया जाएगा। उन्होंने जून माह में होने वाले परिषद शिक्षा वर्ग ,बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग ,मातृशक्ति- दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण वर्ग की जानकारी देते हुए सभी प्रखंडों से कार्यकर्ता वर्ग में प्रशिक्षण लेने जाएं इसके लिए प्रखंड के अध्यक्ष एवं मंत्री को सूची बनाने का निर्देश दिया। विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर की जिला बैठक प्रांत कार्यालय में सोमवार को हुई। बैठक के बाद चंद्रकांत रायपत ने कहा कि विगत कार्यक्रमों अंबेडकर जयंती, श्रीरामोत्सव, श्री हनुमान जन्मोत्सव की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

साथ ही लोकसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रहित में मतदान का प्रतिशत अधिकतम हो इस दृष्टि से सभी कार्यकर्ता लोक जागरण का कार्य अपने-अपने क्षेत्र में रहकर व्यक्तिसह संपर्क द्वारा करेंगे यह निर्णय लिया गया । इन सभी कार्यों को सफल बनाने के लिए महानगर की 16 नगरों में 29 अप्रैल से पांच मई तक प्रखंड बैठकों का आयोजन किया जाएगा । बैठक में महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, महानगर सहमंत्री विश्वरंजन, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख कृष्ण कुमार झा विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० 01/2024-25

कार्य की विवरणी :-

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रुपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में)	अग्रधन राशि (रुपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Strong Room Preparation and Finishing work after EVM Distribution in Engineering College Baghar Dist Koderma for General Lokaabha Election 2024	[illegible]	1,250.00	20,000.00	20 Days
2	Preparation of Ground, Making Helipad and Barricating work for Six Nos. Selected Ground for Lokaabha Election 2024 at Koderma Dist	[illegible]	750.00	8,000.00	15 Days

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमंडल, कोडरमा

PR 324189 Building (24-25)_D

लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी

अभ्यर्थी 06 मई 2024 तक कर सकेंगे नामांकन, 07 मई को स्क्रूटनी व 09 मई तक अभ्यर्थी वापस ले सकेंगे अपने नाम

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी हो गयी। इसे लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा रांची संसदीय क्षेत्र के चुनाव कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गयी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी होते ही नामजदगी के पर्चे दाखिल किये जा सकेंगे। अभ्यर्थी 06 मई 2024 तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। अगले दिन 07 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी, इसके दो दिन बाद यानि 09 मई 2024 तक अभ्यर्थी अपने नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके साथ ही योग्य उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी, 25 मई को मतदान होगा और 04 जून पंडरा बाजार समिति प्रांगण में मतगणना होगी।

राहुल कुमारा सिन्हा ने बताया कि अभ्यर्थी समाहरणालय ब्लॉक-ए के कमरा संख्या 312 से नामांकन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक नामांकन पत्र प्राप्त किया जा सकेगा। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या 202 को निवार्ची पदाधिकारी का कक्ष बनाया गया है। जहां नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अधिसूचित स्थल पर सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

रांची जिला में कुल 24 लाख 88 हजार 715 मतदाता

रांची जिला में मतदाताओं की जानकारी भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दी गयी। उन्होंने बताया कि दिनांक 26 अप्रैल 2024 के अनुसार रांची में कुल मतदाता 24 लाख 88 हजार 715 हैं, जिनमें 12 लाख 55 हजार 479 पुरुष जबकि 12 लाख 33 हजार 168 महिला मतदाता है। थर्ड जेंडर वोटर्स की संख्या 68 है।

वोट जरुर करें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने एक बार फिर से रांची वासियों से वोट अपील की। उन्होंने कहा कि इलेक्शन मशीनरी द्वारा लोकतंत्र के पर्व में मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की गयी हैं, लोकतंत्र को मजबूत बनाने और देश गढ़ने में 25 मई 2024 को अपने बूथ में जाकर अवश्यक मतदान करें।

पहले दिन 08 अभ्यर्थियों ने खरीदा नाम-निर्देशन पत्र, एक अभ्यर्थी ने दाखिल किया पर्चा

रांची। लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी होते ही रांची संसदीय क्षेत्र से सोमवार को 08 अभ्यर्थियों द्वारा नाम-निर्देशन पत्र खरीदा गया। इन अभ्यर्थियों ने खरीदा नाम-निर्देशन पत्र-मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय संजय सेठ, भारतीय जनता पार्टी, मिंटू पासवान, एसयूसीआई (कम्यूनिस्ट), रामहरि गोप, एपीआई, धर्मेन्द्र तिवारी, भारतीय जनतंत्र मोर्चा, हरिनाथ साहू, लोकहित अधिकार पार्टी (झा), पंकज कुमार रवि, (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक), मनोज कुमार, निर्दलीय। रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के पहले दिन एक अभ्यर्थी ने अपना नामांकन दाखिल किया। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) के अभ्यर्थी मिंटू पासवान ने समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। मालूम हो कि समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या-312 से नामांकन पत्र सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकेगा। जबकि निवार्ची पदाधिकारी के कक्ष (ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या-202) में रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 तक नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

अवैध हथियार व गोली सहित कार सवार युवक गिरफ्तार

स्वीप्ट डिजायर कार से चार बकरी बरामद

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। लोअर बाजार थाना की पुलिस ने अवैध हथियार व ब्राउन शुगर सहित रिजवान कुरैशी उर्फ रिज्जु को गिरफ्तार की है। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त सदर थाना क्षेत्र के गढ़ा टोली का रहनेवाला है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से स्वीप्ट डिजायर कार जब्त की है,जिसमें चार बकरी बरामद की है।

इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि राजधानी में मादक द्रव्यो के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान गुप्त सूचना पर नगर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा सोमवार को स्वीफ्ट डिजायर कार (जे एच 01 बी पी 2879 सिल्वर रंग) की डिक्की से कुल चार बकरी , एक रिवाल्वर , दो गोली और ब्राउन शुगर 07.00 ग्राम के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में शामिल तीन युवक मौके से भाग निकलने में सफल रहे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है। पुलिस की गिरफ्त में आये अभियुक्त का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस टीम में के वी रमन, पुलिस उपाधीक्षक, नगर, दयानन्द कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी, लोअर बाजार,पुअनि संजीव कुमार, प्रभारी खादगढ़ा टी ओ पी, लोअर बाजार, सअनि भीम सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

देर रात देशी कट्टा व गोली सहित बाइक सवार युवक गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। गोंदा थाना की पुलिस ने हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार की है। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त संजय सिंह बरियातू थाना अंतर्गत जय मातादी अपार्टमेंट के पीछे, मोरहाबादी, एदलहातू का रहनेवाला है। पुलिस ने इसके पास से एक देशी कट्टा, एक गोली व बाइक जेएच01 जी-2046 जब्त की है।

इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गोंदा थाना पुलिस को रविवार रात्रि गश्ती केरौरान करीब साढ़े तीन बजे गुप्त सूचना मिली कि हॉट लिप्स चौक से पहाड़ी मंदिर के रास्ते से संदिग्ध अवस्था में एक बाइक सवार जा रहा है। उक्त सूचना पर पहाड़ी मंदिर

की तरफ से संदिग्ध अवस्था आते मोटर साइकिल सवार को गश्ती दल के द्वारा रोकने का इशारा किया गया, जिस पर मोटर साइकिल सवार भागने के प्रयास करने के दौरान ग्पुलिस बल के द्वारा रोका गया। जिसके बाद पुलिस द्वारा पकड़े गये युवक की तलाशी लेने पर लोडेड देशी कट्टा बरामद की गई। मौके पर युवक को हथियार सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में सअनि रामेश्वर हांसदा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

06.13 ग्राम ब्राउन शुगर सहित दो युवक गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। लोअर बाजार थाना की पुलिस ने ब्राउन शुगर सहित दो युवकों को गिरफ्तार की है। पुलिस की गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्त अंकित लकड़ा और नितिन खलखो लालपुर थाना क्षेत्र के करम टोली के रहनेवाले है। पुलिस ने दोनों के पास से 06.13 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है।

इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मादक द्रव्यों के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान जारी है। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर नगर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा ब्राउन सुगर के साथ दो युवको को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस की गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्त अंकित लकड़ा और नितिन खलखोका पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस टीम में के वी रमन, डीएसपी, नगर, दयानन्द कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी, लोअर बाजार, पुअनि संजीव कुमार, प्रभारी खादगढ़ा टी ओ पी, लोअर बाजार, पुअनि अन्यापर्य भंडारा लोअर बाजार, सअनि भीम सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

लोकसभा चुनाव को लेकर रांची पुलिस अलर्ट,1200 दागियों से भरवाया बांड

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके संपन्न कराने के लिए रांची पुलिस अलर्ट है। उसने रांची और इसके आसपास के इलाकों से वैसे 1200 लोगों को चिह्नित किया है, जो प्रत्यक्ष या फिर अप्रत्यक्ष रूप से किसी विवाद में शामिल रहे हैं। उन सभी लोगों को पुलिस ने नोटिस भेजकर थानों में बुलाया। चुनाव के दौरान माहौल नहीं बिगाड़ेंगे और न बिगड़ने देने का सभी से बांड भरवाया गया।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने फरवरी माह में ही जिले के सभी थानेदारों को निर्देश दिया था कि माहौल बिगाड़ने वालों वैसे लोग जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहते हैं, उन्हें चिन्हित कर उनकी सूची बनाकर गोपनीय शाखा को उपलब्ध कराएं, सभी थानेदारों ने अप्रैल माह में सूची तैयार कर एसएसपी को सौंपी। इसी आधार पर थानेदारों द्वारा भेजे गए नामों की सूची की जांच की गई। इसमें से 1200 लोगों को चिन्हित किया गया। उन सभी को थाना स्तर से पहले नोटिस भेजा गया। उसके बाद उन्हें थाना बुलाकर बांड भरवाया गया है।

वहीं दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव को लेकर दागी और संदिग्ध चरित्र के लोगों के खिलाफ भी रांची पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसके तहत जिलेभर में 23 सौ लोगों को सीआरपीसी की धारा 107 के तहत नोटिस किया गया है। इसमें अधिकतर संदिग्ध चरित्र के लोग शामिल है।

एसएसपी चन्दन सिन्हा रविवार देर रात तक राजधानी रांची के सभी थानेदारों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने बताया कि जिला में होने वाले लोकसभा चुनाव को बिना किसी बाधा के संपन्न कराने के लिए दबंग, दागी तथा संदिग्ध चरित्र के लोगों को चिहित करके उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। बूथवार भी लोगों को चिहिन्त किया जा रहा है, जो पहले हुए चुनाव के दौरान माहौल खराब कर चुके हैं। एसएसपी ने बताया कि बांड भरने के बाद अगर कोई व्यक्ति आशांति फैलाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।ऐसे व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। इसके अलावा सभी थाना प्रभारी को वारंटी की गिरफ्तारी, नशे के सौदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ-साथ आपराधिक वारदातों पर पूरी तरह से नकेल कसने की हिदायत दी गई है।

यूपीएससी द्वारा आयोजित सेंट्रल लेबर सर्विस परीक्षा 2024 में पूरे भारत मे दूसरे स्थान पर रहीं अनुष्का

हार्डवर्क से ज्यादा स्मार्टवर्क करना जरूरी है

नव प्रदेश संवाददाता

रांची। विद्यालय की बहुमूल्यवान परिसंपत्ति और धरोहर उसके बच्चे होते हैं जो अपने नाम के साथ-साथ परिवार और विद्यालय का नाम रोशन करते हैं। इसी रोशनी में नहाया हुआ एक नाम है - अनुष्का। यूपीएससी द्वारा आयोजित सेंट्रल लेबर सर्विस परीक्षा 2024 में अनुष्का ने अपना लोहा मनवाते हुए पूरे भारत मे दूसरे स्थान पर रहीं। उनका पद आयुक्त/सहायक निदेशक, श्रम और रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत के अंतर्गत आता है। अनुष्का ने कक्षा नर्सरी से बारहवीं (2015) तक की पढ़ाई जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली से पूरी की है। विद्यालय के उच्च माध्यमिक विभाग के मल्टी पर्पस हॉल में ह्यूमैनिटीज विभाग के छात्रों और शिक्षक समुदाय के बीच अनुष्का का गर्मजोशी के साथ स्वागत हुआ।

उप प्राचार्य बी एन झा और संजय कुमार, छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष अमित रॉय तथा विद्यालय प्रशिक्षण नॉडल अधिकारी एल एन पटनायक ने अनुष्का को पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया।

विद्यालय में पढ़ना और उसी विद्यालय में मुख्य अतिथि बनकर अन्य छात्रों को प्रेरित करना अनुष्का के लिए आंनद दायक और गर्व से भरा पल रहा। विद्यालय में बिताए अनेक यादगार लम्हों को साझा करते हुए कक्षा बारहवीं के ह्यूमैनिटीज के छात्रों को अपनी उपलब्धियों, यूपीएससी में उनके पाठ्यक्रम, देश और विदेशों में कैरियर और लॉ के अवसर, उनकी संभावनाएँ और चुनौतियाँ, वर्तमान में मिले पद, उनकी कार्यशैली, उनके कार्य के अधिकार क्षेत्र आदि से अवगत कराया। उन्होंने बुनियादी बातें बताकर छात्रों के प्रश्नों का सीधे उत्तर देते हुए कहा कि असफलता से घबराएं नहीं, इससे आपकी कमियों का पता चलता है। इसे एन्जॉय करें यह आपको सफल होने की शक्ति प्रदान करेगी। आज के डिजिटल युग मे सब कुछ स्मार्ट होता जा रहा है इसलिए सफलता के लिए भी हार्डवर्क से ज्यादा स्मार्टवर्क करने की आवश्यकता है। पढ़ाई से अधिक नेचर ऑफ एग्जाम और योजना बद्ध तरीके से अधिक से अधिक अभ्यास के महत्त्व को समझना होगा। एक घंटे पुनरावृत्ति के लिए अलग समय रखते हुए प्रतिदिन अपना एक टारगेट सुनिश्चित करें। टेस्ट सीरीज और मॉक टेस्ट जरूर दें, इससे विशिष्ट क्षेत्र में अपनी कमजोरी, सिलेबस की पूर्णता और आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होती है।

उप प्राचार्य संजय कुमार ने इस क्षण को गर्व से भरा पल बताया उन्होंने कहा कि अनुष्का विद्यालय की प्रतिभावान छात्रा रही है। आज यह छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्वरूप है। इसकी सफलता की कहानी कहती है कि जीवन में लक्ष्य सुनिश्चित कर, ईमानदारी और योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ने पर सफलता कदम चूमती है। अनुष्का को सम्मान देकर ऐसा लगता है कि हम विद्यालय के टैलेंट को सम्मान दे रहे हैं। वहीं छात्रगण भी अनुष्का के संभाषण से अभिभूत नजर आए और उनसे फोन या अन्य सोशल मीडिया द्वारा जुड़े रहने का वादा किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी शशांक कुमार सिन्हा, विद्यालय कार्यक्रम समन्वयिका सुष्मिता मिश्रा, वरीय शिक्षक डॉ मोती प्रसाद, रजनीश कुमार आदि मौजूद थे।

निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई तीन मई को

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सेना के कब्जे वाली जमीन से संबंधित ईडी के अनुसंधान के क्रम में आए वैसे दस्तावेज की मांग की गई है, जिसे ईडी ने कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किया है। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस एसएन प्रसाद की अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख तीन मई निर्धारित की है। सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फजीर्वाड़े में छवि रंजन चार मई, 2023 से जेल में बंद हैं। उन्होंने निचली अदालत से जमानत नहीं मिलने पर हाई कोर्ट में जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है।

एक नजर

अमन ग्रीन सोसाईटी में रक्तदान शिविर का आयोजन

रांची। ''जिम्मेदार बनें,रक्तदान करें,जीवन बचाने में सहायता करें'' के अभियान के तहत पहली बार अमन ग्रीन सिटी (कॉलोनी),पुंदाग, अरगोड़ा रांची में अल-फलाह सोसाईटी के नेतृत्व में रक्तदान संगठन लहू बोलेगा संस्था के सहयोग से पहली बार नागरमल मोदी सेवा सदन रांची को रक्तदान शिविर समर्पित किया गया। रक्तदान करने वाले में आयोजक तौसीफ खान,नदीम खान, नौशाद अलाम लाइब्रेरियन,इंजीनियर शाहनवाज अब्बास , सैफ हैदरी, सादिक मल्लिक, मो असलम, मो बेलाल शामिल थे। मौके पर सभी रक्तदाताओं को मेमेंटो और डोनर टोपी देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में तौसीफ खान,डॉ नीरज कुमार,हाजी जाकिर अंसारी,मो मुजीब,मो शफीक अंसारी,मो गुलजार अंसारी,मो अली,संजीव कुमार और नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड बैंक,रांची के मोहसिन खान और उनकी टीम शामिल थी।

अतुल मुखर्जी के निधन पर शोक व्यक्त



रांची। लोहरदगा के युवा व्यवसायी सह सामाजिक कार्यकर्ता 45 वर्षीय अतुल मुखर्जी के आकस्मिक निधन पर विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि अतुल मुखर्जी सरल स्वभाव, मृदुभाषी धार्मिक विचारधारा व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे। वे हमेशा सभी धार्मिक और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेते थे। उनके शालीनता स्पष्टवादिता सरलता एवं समाज के प्रति समर्पण पूरा समाज हमेशा याद रखेगा। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। अतुल मुखर्जी विद्या भारती से जुड़े उत्तम मुखर्जी के छोटे भाई तथा पत्रकार दीपक मुखर्जी के भतीजे थे।

लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए जिला में विभिन्न स्तर पर नियंत्रण कक्ष क्रियाशील

रांची। लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए जिला में विभिन्न स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। पोल डे में पी-1 से पोलिंग डे अंतर्गत उपायुक्त के सभा कक्ष कमरा संख्या- 207 में एक अस्थाई नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी, जो क्रमशः चतुर्थ एवं छठा चरण में कार्य करेगी। ज्ञातव्य है कि जिला में चौबीस घंटे कंपोजिट कंट्रोल रूम दिनांक 22 मार्च 2024 से कार्यरत है। व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग के द्वारा भी नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है जो क्रियाशील है। आदर्श आचार संहिता एवं सी- विजिल कोषांग के सुचारू क्रियान्वयन हेतु चौबीस घंटे नियंत्रण कक्ष का गठन किया जा चुका है। उप विकास आयुक्त, रांची को सभी प्रकार के कार्यरत नियंत्रण कक्ष के लिए वरीय पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति किया गया है।

महाप्रसाद वितरण के साथ भक्तिमय माता जागरण का समापन

रांची। श्री महावीर मंदिर रामनवमी पूजा समिति (शारदा बैटरी गली,शांति नगर, पिस्कामोड़,रातू रोड,रांची) के तत्वावधान में भव्य माता जागरण , महाप्रसाद वितरण व महाआरती का आयोजन शांतिनगर पिस्कामोड़ मे किया गया। महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष विकास कुमार दुबे ने किया। इस भक्तिमय जागरण में स्काई इवेंट के कलाकारों राकेश सोनी की टीम ने श्री गणेश जी,माता दुर्गा जी,हनुमान जी,छठी मैया पर आधारित संगीत एवं भोजपुरी,नागपुरी,फिल्मी संगीत एवं नाटक प्रस्तुत कर रात भर श्रोताओं को झुमने पर विवश किया। महोत्सव को सफल बनाने मे मुख्यरूप से श्री महावीर मंदिर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष विकास कुमार दुबे, उपाध्यक्ष अजय कसेरा,प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा, सचिव रिंकू झा, संरक्षक बजरंग वर्मा, संयोजक अजय कुमार यादव, सह संयोजक मनी पासवान, वरिष्ठ सदस्य सुनील सिंह एवं सदस्य संजीव सिन्हा,हरिमोहन चौधरी, किशोर दुबे, मुकेश सिंह, बड़कू जी, नंदू जी, साकेत सिंह, सोनू जी, चिंटू वर्मा,धर्मेन्द्र शर्मा,विवेक भारद्वाज,महेश चौधरी,विवेक यादव,ि रंकू साव,अमित चौधरी, शिवांस सिन्हा आदि की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

महासंघ ने उप परिवहन आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

रांची। झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के द्वारा सोमवार को उप परिवहन आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस संबंध में महासंघ के दिनेश सोनी ने बताया कि रांची नगर निगम क्षेत्र में ऑटो परमिट व ऑटो परिचालन के समस्या के सबंध में ज्ञापन सौंपा गया हैं। जिसमें रूट परमिट, ऑटो पड़ाव व ऑटो पकड़ने का अभियान बंद करने से संबंधित मांग है।

रिमांडअवधि पूरी होने के बाद अंतू तिर्की सहित अन्य आरोपितों को भेजा गया जेल

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले मामले में सोमवार को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद झामुमो नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहमद इरशाद, प्रियरंजन सहाय और अफसर अली को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी की ओर से इनसे और पूछताछ के लिए रिमांड का आग्रह नहीं करते हुए उन्हें जेल भेजने का आग्रह किया गया। इसके बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने इन सभी पांचों आरोपितों को जेल भेज दिया। इससे पूर्व ईडी ने गत 16 अप्रैल को अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद के ठिकानों पर छापेमारी और लंबी पूछताछ के बाद देर शाम अपने साथ ईडी ऑफिस ले गयी थी, जहां ईडी ने चारों को गिरफ्तार कर लिया था।

एकाउंटेंट संजय कुमार हत्याकांड के आरोपित सुशीला कुजूर की जमानत याचिका खारिज

रांची। अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट ने बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की पत्नी सुशीला कुजूर की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मामले में सुशीला कुजूर की ओर से 27 अप्रैल को जमानत याचिका दाखिल की गई थी। मामले के आरोपित डब्लू कुजूर, उसका भाई छोटू कुजूर और बेटा राहुल कुजूर की जमानत याचिका अदालत से पूर्व में ही खारिज हो चुकी है। आरोप है कि डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर षड्यंत्र रचकर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार की ऑफिस से घर लौटने के दौरान शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्या की घटना के बाद एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 11 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में सभी आरोपित जेल में हैं।

झारखंड की सभी 14 सीटें जीतेगा एनडीए : मुख्यमंत्री मोहन यादव

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि राज्य की सभी 14 सीटें एनडीए जीतेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भगवान कृष्ण भी मुस्कुराएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के दृढ़ संकल्प के कारण ही अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण हो पाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में शाहबानो मामले में भी सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया था। कांग्रेस ने इसे लागू करने का बजाये संसद में विधेयक लाकर इससे पलट दिया था। माननीय न्यायालय के फैसले को लागू करने का संकल्प और इच्छाशक्ति सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

डॉ यादव ने कहा कि चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका को देश के साथ-साथ पूरी दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जीवन का हर क्षण देश के लिए समर्पित कर दिया है। दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री भी रहे। उन्होंने अपना पूरा जीवन निष्कलंक भाव से जिया है। यह हम सबों के लिए प्रेरणादायक है। प्रधानमंत्री मोदी चुनाव लड़ नहीं रहे हैं, उन्हें देश की विकास के लिए चुनाव लड़ाया जा रहा है।

डॉ यादव ने कहा कि भगवान श्री राम और भगवान कृष्ण के कारण भारत का नाम पूरी दुनिया में अलग तरह से जाना जाता है। प्रधानमंत्री मोदी के 10 सालों के कार्यकाल का मूल्यांकन करेंगे तो उन्होंने काफी काम किया है। इतने बड़े देश में प्रधानमंत्री मोदी जैसे लोग के लिए 10 साल का कार्यकाल काफी कम पड़ता है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मैकाले की शिक्षा नीति को बदलकर नई शिक्षा नीति लागू की है। नई शिक्षा नीति में सनातन भी है, संस्कार भी है, विरासत भी है और रोजगार भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में सनातन का सम्मान करने वाले नेताओं ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की। बाल गंगाधर तिलक ने गणेश उत्सव की शुरूआत की, लेकिन कांग्रेस का वर्तमान नेतृत्व परिवारवाद से ग्रसित है। तुष्टीकरण उसका एजेंडा है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में भारत की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा दोनों मजबूत हुई है। पाकिस्तान के आतंकवादी भारत में आना बंद हो गये। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से दुश्मन को घर में घुसकर कड़ा जवाब दिया गया। उन्होंने कहा कि चाहे धारा 370 का मामला हो या कोविड के टीकाकरण का, कांग्रेस ने केवल और केवल दुष्प्रचार किया। धारा 370 पर कांग्रेस ने कहा था कि इसके हटने के बाद खून की नदियां बहेगी, लेकिन आज पूरे कश्मीर में अमन चैन है और विकास की धारा बह रही है।भारत के संविधान के आधार पर दलित, पिछड़ों, आदिवासी सबको आरक्षण का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कोविड टीकाकरण का मजाक उड़ाया, एयर स्ट्राइक का सबूत मांगा।

उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के लोग पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। मध्य प्रदेश में ढाई लाख से ऊपर कांग्रेस के लोग भाजपा में शामिल हो चुके हैं। अमेठी में एक तरफ जबरदस्त प्रत्याशी है, तो दूसरी और जबरदस्ती थोपा गया प्रत्याशी। जनता थोपे हुए प्रत्याशी को नकारने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके पूर्व प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डॉ यादव का स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत व अभिनंदन किया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भगवान बिरसा की प्रतिमा देकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र प्रदान किये। ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी बजरंगी यादव ने चांदी का मुकुट एवं बांसुरी प्रदान कर उनका सम्मान किया। शोभा यादव ने भगवान कृष्ण की प्रतिमा भेंटकर उनका सम्मान किया।

लोहरदगा लोस सीट : 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में, प्रतीक चिन्ह की गई आवंटित

गुमला। लोहरदगा (अ.ज.जा.) सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया के सोमवार को समापन के उपरांत अपराह्न चार बजे नये समाहरणालय भवन के सभा कक्ष में 12- लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया ।

जिसमें उन्होंने प्रत्याशियों की अंतिम सूची एवं उन्हें आवंटित प्रतीक चिन्ह से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस बार 12 लोहरदगा (अ. ज.जा) लोकसभा संसदीय क्षेत्र से 15 प्रत्याशी भाग लेंगे । जिसका प्रतीक चिन्ह भी आवंटित कर दी गई है। निवार्ची पदाधिकारी ने नॉमिटेटेड प्रत्याशियों की अंतिम सूची एवं उन्हें आवंटित प्रतीक चिन्ह की जानकारी दी

मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों के अभियार्थियों एवं प्रतीक चिन्ह की सूची-

गिरजानंद उरांव (बहुजन समाज पार्टी), प्रतीक चिन्ह - हाथी, समीर उरांव (भारतीय जनता पार्टी), प्रतीक चिन्ह - कमल, सुखदेव भगत (इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी), प्रतीक चिन्ह- हाथ

राजिस्ट्रिक राजनैतिक दलों के अभियार्थी (मान्यता प्राप्त और राजनैतिक दलों से भिन्न) एवं प्रतीक चिन्ह की सूची

बिहारी भगत (पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया), प्रतीक चिन्ह - फलों से युक्त टोकरी, मनी मुंडा (भागीदारी पार्टी), प्रतीक चिन्ह- एयरकंडीशनर, महेंद्र उरांव (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया), प्रतीक चिन्ह- बाल एवं हंसियाए रामचंद्र भगत (लोकहित अधिकार पार्टी) प्रतीक चिन्ह - सेव

अन्य अभियार्थी एवं उन्हें आवंटित प्रतीक चिन्ह

अर्जुन टोप्पो (निर्दलीय) आवंटित प्रतीक चिन्ह झ्र केतली, अर्पण देव भगत (निर्दलीय) , आवंटित प्रतीक चिन्ह - कैंची, चमरा लिंडा (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह - बल्लेबाज, पवन तिग्गा (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह - फूलगोभी, मरियानूस तिग्गा (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह - हॉकी और बॉल, रंजीत भगत (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह - फुटबॉल खिलाड़ी, सनिया उरांव (निर्दलीय),आवंटित प्रतीक चिन्ह - अलमारी, स्टेफन किंडो (निर्दलीय), आवंटित प्रतीक चिन्ह - आरी।

भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड के गांवों में किया जनसंपर्क

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड (खूंटी) के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि देशभर में रहने वाले किसान, महिला, युवा, गरीब, सबके लिए नीति बनाने का काम हमारी सरकार कर रही है। आज भारत सरकार जनता की भलाई के लिए नीतियां बनाकर राज्य सरकार को पैसा भेजती है लेकिन राज्य सरकार इन योजनाओं को लागू करने में विफल है।

अर्जुन मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार ने नल-जल योजना के लिए पैसा भेजा लेकिन उसका बुरा हाल है। केंद्र सरकार गरीबों के लिए मुफ्त अनाज भेज रही है लेकिन उसका भी बंदरबांट यह सरकार कर रही है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार सबके कल्याण के बारे में सोचती है और कार्य करती है। ऐसी सरकार को हमें फिर से लाना है। फिर से हम सब मोदी सरकार बनाएं।

अर्जुन मुंडा ने कहा कि हमारे बच्चे शिक्षित हों, परिवार स्वस्थ्य हो, लोगों को रोजगार मिले, इस तरह के कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। आज हमारा देश आत्मनिर्भर बन रहा है। विदेशों में बनने वाले सामान हमारे देश में बन रहे हैं। खूंटी वासियों के लिए गर्व करने का पल यह है कि सबसे महंगा बिकने वाला फोन ह्यआईफोनह्ण यहां की बेटियां बना रही हैं। रोजगार मेले के माध्यम से हमने खूंटी लोकसभा क्षेत्र की हजारों बेटियों को रोजगार दिया है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के दस साल की उपलब्धियां गिनायी और केंद्र में मोदी सरकार को फिर से लाने की अपील की।

झारखंड और विकास विरोधी है कांग्रेस: मरांडी

खूंटी(हि.स.)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह विकास विरोधी और झारखंड विरोधी है। झारखंड भाजपा की देन है। कोंग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने तो झारखंड आंदोलन के नाम पर सौदेबाजी और इसे बेचने का काम किया। 50-60 वर्ष कें शासनकाल में भी कांग्रेस ने अलग झारखंड राज्य नहीं बनाया। भाजपा ने अलग राज्य का वादा किया था और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अल्ग राज्य दिया। कांग्रेस से झारखंड का कभी भला नहीं हो सकता। मरांडी सोमवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के सोय बगीचा बानो में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आनेवाले लोकसभा चुनाव में आप सिर्फ सांसद नहीं, भारत सरकार के मंत्री को चुनेंगे। आपके एक-एक वोट से फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। मरांडी ने कहा कि भारत विकसित होगा, तो झारखंड भी विकसित होगा। दस वर्षो में न्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो काम किया है, उतना काम किसी भी प्रधानमंत्री ने झारखण्ड या देश के लिए नहीं किया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ खूंटी विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 31 हजार गरीबों को प्रधानमंत्री आवास मिला है। 70 हजार 960 लोगों को निःशुल्क गेस कनेक्शन मिला। चूल्हा मिला, अनाज मिला।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना काल में गरीबों की मदद की। हर गरीबों के खाने की व्यवस्था की और पांच किलो मुफ्त अनाज देने का काम किया। यदि केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनती है, तो अगले पांच वर्षों तक गरीबों को मुफ्त अनाज मिलेगा। उन्होंने कहा कि 17 लाख से अधिक लोगों को अनाज मिल रहा है। गरीब आयुष्मान कार्ड योजना के तहत पांच लाख तक का इलाज करा सकते हैं। नौ लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड बना है। मोदी हमेशा गरीबों के खाने और इलाज की चिंता करते है। देश के प्रधानमंत्री जब हमारी इतनी चिंता करते हैं, तो हमारा भी दायित्व है कि हम अपना वोट देकर उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायें। कांग्रेस के लोग यहां के लोगों की भावना का सम्मान नहीं करते हैं। कांग्रेस ने गांव की चिंता कभी नहीं की।

यह चुनाव रामभक्तों और रावण भक्तों के बीच है: कोचे मुंडा

तोरपा के विधायक और खूंटी लोकसभा के संयोजक कोचे मुंडा ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव रामभक्तों और रावण भक्तों के बीच है। यह लड़ाई शक्ति और शक्त् विनाशकों के बीच है। आपको चुनाव करना है कि आप किससे चुनत हैं। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण की योजना चला रहे हैं, जिसका लाभ सभी समुदाय के लोगों को मिल रहा है। जब से नरेंद्र मोदी प्रधानंत्री बने हैं, गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले गरीबों के लिए निकले सौ रुपये में 15 पैसे ही जरूरतमंदों मिलता था। उन्होंने कहा कि जो काम सदियों से लटका था, प्रधानमंत्री ने दसे पूरा किया, चाहे मामला अयोध्या में राम मंदिर को, धारा 370 हो या तीन तलाक, सभी को सरकार ने चुटकियों में पूरा किया।

खूंटी सीट से किसी प्रत्याशी ने नहीं लिया नाम वापस, सात उम्मीदवार चुनाव मैदान

खूंटी(हि.स.)। खूंटी सुरक्षित लोकसभा सीट के लिए सोमवार को नाम वापसी के निर्धारित समय अपाह्न तीन बजे तक किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। इस प्रकार स्क्रूटनी के बाद सात प्रत्याशी अब चुनाव मैदान में रह गए हैं। यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने दी। वे नाम वापसी के लिए निर्धारित समय समाप्त होने के बाद समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उपायुक्त ने बताया कि निर्धारित समय तक किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापस नहीं लिए जाने के बाद चुनाव मैदान में रह गए तीन राष्ट्रीय दलों के प्रत्याशियों सहित सभी सातों प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया गया। जो प्रत्याशी अब चुनाव मैदान में रह गए हैं उनके नाम और आवंटित चुनाव चिह्न इस प्रकार है अर्जुन मुंडा भाजपा चुनाव चिह्न कमल, कालीचरण मुंडा इंडियन नेशनल कांग्रेस चुनाव चिह्न हाथ, सावित्री देवी बहुजन समाज पार्टी चुनाव चिह्न हाथी, अर्पणा हंस झारखंड पार्टी चुनाव चिह्न फलों से भरी टोकरी, बबीता कच्छप भारत आदिवासी पार्टी चुनाव चिह्न हॉकी एंड बॉल, पास्टर संजय कुमार तिर्की निर्दलीय चुनाव चिह्न एयर कंडीशनर तथा बसंत कुमार लोंगा चुनाव चिह्न अलमीरा। उपायुक्त ने बताया कि चुनाव मैदान में बचे प्रत्याशियों की संख्या तय हो जाने के बाद बैलेट पेपर प्रिंटिंग सहित अन्य सभी प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं। इवीएम जांच की प्रक्रिया भी लगभग पूरी कर ली गई है।

उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसे लेकर लगभग सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। मतदान के दिन सभी बूथों में ऑटो अथवा टोटो की व्यवस्था की जाएगी, ताकि दूर दराज क्षेत्र के मतदाताओं को सुगमता से मतदान केंद्रों तक लाया जा सके। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मत का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए सभी मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़कर भागीदारी करें।

झारखंड पार्टी के चुनावी समर में उतरने से बदल सकता है खूंटी का राजनीतिक समीकरण

खूंटी(हि.स.) । लोकसभा चुनाव में सबसे हॉट सीट बन चुकी खूंटी संसदीय सीट में इस बार भी दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला है। अब तक हुए सभी लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस अथवा भाजपा और झारखंड पार्टी के बीच ही मुकाबला होता आया है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के दिग्गज नेता कड़िया मुंडा का सीधा मुकाबला झारखंड पार्टी के एनोस एक्का से था, जिसमें कड़िया मुंडा ने बाजी मार ली थी।

कांग्रेस के वर्तमान उम्मीदवार कालीचरण मुंडा उस समय तीसरे स्थान पर थे। 2019 के संसदीय चुनाव में भाजपा के अर्जुन मुंडा की सीधी टक्कर कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से ही था, जिसमें 1445 वोटों के अंतर से अर्जुन मुंडा चुनाव जीत गये थे। इस बार भी लोगों को उम्मीद थी कि इन्हीं दोनों पुराने राजनीतिक योद्धाओं के बीच ही चुनावी दंगल होगा, पर झारखंड पार्टी की अपर्णा हंस और

पूर्व विधायक निर्दलीय उम्मीदवार बसंत कुमार लोंगा की चुनाव मैदान में इंट्री से चुनावी समीकरण बदलने की संभावना राजनीति के जानकार जता रहे हैं।

जानकारों का मानना है कि झारखंड पार्टी का अब भी खूंटी संसदीय क्षेत्र खासकर सिमडेगा, कोलेबिरा और तोरपा में अच्छा जनाधार है। अपर्णा हंस खूंटी नगर पंचायत की वार्ड पार्षद हैं और काफी दिनों से राजनीति में सक्रिय हैं। उनके पति सिरिल हंस भी खूंटी के रानीतिक क्षेत्र में एक जाना पहचाना नाम है। अपर्णा हंस ऑ चर्चेज कमेटी की सचिव भी रह चुकी हैं। बसंत लोंगा भी कोलेबिरा के पूर्व विधायक रह चुके हैं। अब देखना है कि लोंगा दूसरे दलों को कितना नुकसान पहुंचा सकते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि झारखंड पार्टी के मैदान में आने से कांग्रेस और भाजपा दोनों के वोट प्रभावित हो सकते हैं।

ईसाई मतों के ध्रुवीकरण का लाभ मिल सकता है भाजपा को

राजनीति के जानकारों का मानना है कि आमतौर पर ईसाई समुदाय खासकर आरसी चर्च से जुड़े ईसाई मतदाता कांग्रेस के परंपरागत वोटर माने जाते हैं, जबकि जीईएल चर्च को झारखंड पार्टी का समर्थक माना जाता है। बताया जाता है कि ईसाई मतों के विखराव का लाभ भाजपा को मिल सकता है।

भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा के समक्ष भी लोकसभा चुनाव के दौरान चुनौतियां भी कम नहीं हैं। सरना कोड, लैंड बैंक, कुद समुदायों को जनजाति का दर्जा देना, कुर्मी समुदाय को इसका लाभ नहीं देना जैसे कई सवालों से भाजपा प्रत्याशी को रू ब रू होना पड़ सकता है।

भाजपा, कांग्रेस और झामुमो का दो-दो विधानसभा सीटों पर है कब्जा

पांच जिलों खूंटी, रांची, सिमडेगा, गुमला और सरायकेला-खरसावां की छह विधाानसभा सीटों में भाजपा, कांग्रेस और झामुमो का दो-दो सीटों पर कब्जा है। खूंटी और तोरपा में भाजपा के विधायक हैं, तो सिमडेगा और कोलेबिरा में कांगेस के। वहीं खरसावां और तमाड़ विधानसभा सीट झामुमो के कब्जे में है। ऐसी स्थिति में चुनावी राजनीति किस करवट लेती है, यह कहना मुश्किल है, पर इतना तो तय है कि खूंटी में इस बार भी उम्मीदवारों के बीच कांटे का संघर्ष देखने को मिल सकता है।

बोकारो पुलिस ने साइबर ठगी से बचने के लिए लोगों को दी जानकारी

बोकारो। पुलिस ने साइबर अपराध से बचाव के लिए आम लोगों को कई टिप्स दिए। बताया गया कि किसी अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आने पर कोई निजी जानकारी साझा ना करें। इंटरनेट सर्च इंजन गूगल एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दिए गए कस्टमर केयर या हेल्प लाइन नंबर पर भरोसा ना करें। कस्टमर केयर नंबर के लिए हमेशा ऑफिशियल वेबसाइट पर ही संपर्क करें। पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने बताया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए अनजान लिंक या यूआरएल पर क्लिक ना करें और ना ही किसी अन्य नंबर पर फॉरवर्ड करें। बैंक के यूपीआई एप्लीकेशन से संबंधित रजिस्ट्रेशन के लिए बैंक के ऑफिशियल नंबर से ही मेसेज भेजा जाता है। अनजान नंबर से लिंक आने पर ना ही क्लिक करें और ना ही अनजान ऐप डाउनलोड करें। साइबर अपराध के शिकार होने पर हेल्प लाइन नंबर 1930 या [illegible] पर रिपोर्ट करें। साथ ही बताया गया कि यदि आपके थाना क्षेत्र में किसी भी जगह पर साइबर अपराध हो रहा है तो फैलने से रोकने के लिए मोबाइल नंबर 9608015891 पर गुप्त रूप से सूचना दे सकते हैं।

एक नजर

15 दिनों से अंधेरे में डूबा बक्सीडीह गांव

अनगड़ा। हरातू पंचायत के बक्सीडीह गांव में पिछले 15 दिनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ है। ट्रांसफार्मर जलने से गांव अंधेरे में डूब गया है।करीब 20 परिवार भीषण गर्मी में परेशान है। बिजली नहीं रहने से पंखा,कूलर ची चलने से ग्रामीण घरों के अंदर बेहाल हो रहे है। स्कूल-कॉलेज के छात्रों की पढ़ाई नहीं हो पर रही है। समाजसेवी बलराम साहू ने बताया की इस समस्या को लेकर सांसद, विधायक, बिजली विभाग के महाप्रबंधक, अभियंता व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा चुके है। परन्तु अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए विभाग से यथा शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है।

प्रावि जराटोली में स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन

अनगड़ा। प्राथमिक विद्यालय जराटोली में सोमवार को स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा पांच के 24 बच्चों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई, वही कक्षा एक में नव नामांकित 5 बच्चों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव व गेतलसूद मुखिया शांति मुण्डा ने सभी बच्चों को माला पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्षता प्रधान शिक्षिका सोमिता देवी व संचालन विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजदेव पाहन ने किया । विद्यालय परिवार ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर प्रमुख दीपा उरांव ने सरकार से जराटोली प्राथमिक विद्यालय को मिडिल स्कूल में अपग्रेड करने की मांग की। कहा कि इस विद्यालय के पोषक क्षेत्र में अनेक आदिवासी बहुल गांव है। इन बच्चों को मिडिल स्कूल की शिक्षा लेने के लिए तीन से पांच किमी की दूरी तय कर गेतलसूद आना होता है। इससें गरमी के दिनों में बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। मुखिया शांति मुण्डा ने सभी अभिभावकों से अपने अपने बच्चों को पढ़ाने का आहवान किया। राजदेव पाहन ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष रेशमी देवी, सहायक शिक्षिका लिली खलखो, संगीता टोप्पो, मनोज बेदिया आदि उपस्थित थे।

अनगड़ा थाना पुलिस व एसएसबी के जवानों ने सघन जांच अभियान चलाया

अनगड़ा। लोस चुनाव को लेकर सोमवार को अनगड़ा थाना पुलिस व एसएसबी बटालियन 26 के जवानों ने सघन जांच अभियान चलाया। इसके तहत जोन्हा इलाके के बुढ़ाकोचा, कामता, डहुआ व डोकाद तक बने विभिन्न पक्का सड़कों में बनाये गए पुल-पुलिसा की जांच की गई। इसके तहत पुल-पुलिया के नीचे लगाये गये विस्फोटक पदार्थो की जांच की जा रही है। साथ ही सुरक्षा की दृष्टिकोण से संवेदनशील इलाकों की पहचान कर रोडमैप तैयार किया गया। अनगड़ा थाना प्रभारी चमरा मिंज ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से लगातार पुल-पुलिया का सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। सभी संवेदनशील जगहों की जांच की जा रही है। इसकी रिपोर्ट जिला को भेजा जाएगा।

एनएसयूआई ने योगदा कॉलेज में बाँटा युवा न्याय घोषणापत्र

रांचीः झारखंड कांग्रेस एन.एस.यू.आई नेत्री आरुषी वंदना के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के योगदा कॉलेज में मोहब्बत की दुकान अभियान चलाकर विद्यार्थियों को कांग्रेस के युवा न्याय घोषणा पत्र बांटा गया। विद्यार्थियों को युवा न्याय की पांच गेरंटी, पहली नौकरी पक्की, सामाजिक सुरक्षा, युवा रौशनी, नारी न्याय, श्रमिक न्याय, हिस्सेदारी न्याय के बारे बताया गया। विद्यार्थियों के बीच युवा न्याय पम्पलेट एव गौरांती कार्ड दिया गया। मौके पर आरुषी वंदना ने विद्यार्थियों से बात की एव उन्हें संबोधित किया। कांग्रेस के मैनिफेस्टो को समझाया। नए वोटर्स को वोट का महत्व बताया। मौके पर आरुषी वंदना, प्रणव राज, साहिल सिंह सोनू, आकाश रजवार, अब्दुल राबनवाज अनिकेत सिंह, पल्लवी, रानी, बुलबुलन, सुमन, प्रीति, रेशम, कार्तिक, विनीत, प्रियंका एव अनेकों विद्यार्थी मौजूद थे।

देवघर में पिस्टल-गोली के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

देवघर। पुलिस ने बुढ़ई थाना क्षेत्र से पिस्टल-गोली के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में शमीम अंसारी उर्फ सोनू और मो फिरोज अंसारी शामिल हैं। दोनों आरोपित बूढ़ेई थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने मो. शमीम अंसारी उर्फ सोनू के पास से एक पिस्टल, 6 गोली, 5500 रुपये नकदी जबकि मो. फिरोज अंसारी के पास से तीन गोली बरामद किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार की रात बुढ़ई थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी कि पावरचक के निवासी मो शमीम अंसारी उर्फ सोनू घर में हथियार लाया है। सूचना पर मधुपुर एसडीपीओ और अंचल निरीक्षक पुलिस की टीम ने छापेमारी कर पावरधक (नावाडीह) निवासी आरोपितों को पकड़ा और बरामदगी की।

ऑटो को पीछे से अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर छह घायल, दो रिम्स रेफर

बेड़ोः बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बारीडीह गांव स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप रविवार की शाम लगभग सात बजे अज्ञात वाहन ने एक सवारी ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ऑटो में सवार एक बुजुर्ग व पांच महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सिजुआ बेड़ो निवासी 60 वर्षीय शिवनारायण उरांव रांची नगड़ा टोली निवासी 60 वर्षीय सुकरमनी देवी सिसई गरवाली सरना टोली निवासी 40 वर्षीय बसंती देवी कोकड़े जोभी टोली बेड़ो निवासी 50 वर्षीय सोमरी देवी सिजुआ बेड़ो निवासी 40 वर्षीय लक्ष्मी कुमारी व 35 वर्षीय रेणु मुंडा है। जिन्हें सुजीत कुमार राय,पवन कुमार व सुखदेव महतो ने ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया।जहां डा काजल सिंह ने घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल शिवनारायण उरांव व सुकरमनी देवी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल महिला लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि वे सभी ऑटो से अपने घर जा रही थी। तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो आगे जाकर पलट गई।

नवोदय विद्यालय में प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम आयोजित



लोहरदगा। जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के निदेर्शानुसार लोहरदगा जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित प्रेरणा उत्सव का शुरूआत विद्यालय के प्रचार्य अवनीश चंद्र झा तथा शिक्षकों ने शुभारम्भ किया । प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में जिले भर के 25 विद्यालय के 9 वी और 12 वी कक्षा के 67 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया.,जिसमें निबंध लेखन,कविता, पेंटिंग, नारा, म्यूजिक के द्वारा प्रतिभागियों का चयन किया जा जाना है,जिसमें 30 विद्यार्थियों 15 छात्र व 15 छात्राओं का चयन कर जिला भैजा जाएगा.जिला द्वारा साक्षात्कार कर दो छात्र छात्रा का चयन कर गुजरात राज्य अन्तर्गत बाड़नगर गुजरात भैजा जाएगा, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा प्राप्त की थी। प्रधानाचार्य अवनीश चंद्र झा ने बताया कि प्रेरणा उत्सव का आयोजन विद्यार्थियों के लिए अनुभवजन्य शिक्षा प्राप्त करने का एक स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है। इसका मुख्य उद्देश्य है बच्चों में जागृति पैदा करना,भारतीय संस्कृति और इतिहास के बारे में जानकारी रखना और अपने को पहचानने को लेकर यह आयोजन किया जा रहा है।

हमारे संकल्प में देश का समावेशी विकास झलक रहा है : अमित शाह

अमित शाह ने मजबूर नहीं मजबूत नेता को नेतृत्व सौंपने की अपील की

जनसमूह ने हाथ उठाकर गिरिराज को रिकॉर्ड तोड़ मतों से जिताने का किया जयघोष



बेगूसराय। केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को झंझारपुर के बाद बेगूसराय लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार गिरिराज सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार, बंगाल, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश सहित सम्पूर्ण देश में इनके विभाग ने प्रधानमंत्री मोदी की सोच, सेवा, सुरक्षा और गरीब के कल्याण को धरातल पर उतारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनते हैं तो इस बार तीन करोड़ लखपति दीदियां बनेंगी। हमारे संकल्प में देश का समावेशी विकास झलक रहा है।

अमित शाह ने कहा कि देश को मजबूर नहीं, बल्कि मजबूत नेतृत्व की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए में पीएम प्रत्याशी कौन होगा, इसका अब तक कोई अता-पता नहीं है। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि मुझे तो लगता है कि लालू, ममता, स्टालिन, केजरीवाल और अन्य बारी-बारी से देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने जनसमूह से पूछा कि क्या आप ऐसे लोगों को देश का नेतृत्व सौंपना चाहेंगे? उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त हुआ है। राष्ट्रीय आपदा कोरोना में उनके प्रयासों का न केवल भारतीय, बल्कि विदेशी भी कायल रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस, कम्युनिस्ट और लालू जैसे लोगों ने भगवान राम के साथ क्या सलूक किया, यह किसी से छुपा नहीं है। पीएम मोदी के दृढ़ निश्चय से राम मंदिर का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा का मार्ग प्रशस्त हुआ। धारा 370 को हटाया गया। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा ने कहा था कि यदि धारा 370 हटाई जाएगी तो देश में खून की नदियां बहेंगी लेकिन आज मैं पूछता हूं कि खून की तो बात ही छोड़ो एक कंकड़ भी कहीं नहीं गिरा। अमित शाह ने कहा कि वे लोग फिर कह रहे हैं कि यदि हम सत्ता में आएंगे तो धारा 370 को हटा देंगे। आप लोग हाथ उठाकर बोलिए कि क्या आप ऐसा होने देंगे? उन्होंने कहा कि बिहार का बच्चा बच्चा कश्मीर के लिए जान दे सकता है। जब तक भाजपा का एक कार्यकर्ता जिंदा है तब तक किसी की मजाल नहीं है कि धारा 370 को खत्म कर सके। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने उग्रवाद और नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। यदि आप उन्हें तीसरी बार पीएम बनाते हैं तो हमारा देश विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी और उनके कुशल नेतृत्व में हम भारत को नंबर वन बनाकर रहेंगे।

कम्युनिस्ट पार्टी पर लगाया बेगूसराय को बर्बाद करने का आरोप

अमित शाह ने बरौनी रिफाइनरी और फर्टिलाइजर का उदाहरण देते हुए कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी ने बेगूसराय को बर्बाद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में बेगूसराय का सर्वांगीण विकास हो रहा है। न केवल आधारभूत संरचनाओं का चतुर्दिक विकास हो रहा है, बल्कि लोगों में खुशहाली आ रही है और राष्ट्रवाद की भावना भी बलवती हो रही है। शाह ने कहा कि चारा घोटालेबाज की सरकार के बाद बिहार में नीतीश और मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। यदि मोदी को आप लोग तीसरी बार पीएम बनाते हैं तो भारत दुनिया का तीसरा बड़ा अर्थतंत्र बनेगा। पाकिस्तान की हरकतों का करारा जवाब मिलेगा और भारत विश्व स्तर पर मजबूती के साथ उभरेगा। उन्होंने तीन तलाक के मुद्दे को लेकर भी विपक्ष पर जमकर हमला बोला। साथ ही पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि इस बार भाजपा हर हाल में यूसीसी लाने का काम करेगी।

गिरिराज को अजेय बहुमत से विजयी बनाने की अपील की

गृहमंत्री अमित शाह ने न केवल केंद्र और राज्य सरकार, बल्कि गिरिराज सिंह की उपलब्धियों को भी गिनाया और उन्हें अजेय बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 3.75 हजार गरीबों का आयुष्मान कार्ड बना है, 5.75 हजार गरीबों को प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज मिल रहा है, 4.20 हजार महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलिंडर मिला है, 4.75 हजार लोगों को नल से जल मिला है, 1.20 हजार किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये मिला है।

अपने चर्चित बयान पर कायम रहे गिरिराज सिंह

अमित शाह की मौजूदगी में गिरिराज सिंह ने एक बार फिर दोहराया कि उन्हें किसी भी कीमत पर राष्ट्रद्रोही, आतंकवादी और पाकिस्तान परस्त लोगों का वोट नहीं चाहिए। उन्होंने अमित शाह को भारतीय राजनीति का चाणक्य और लौहपुरुष से विभूषित करते हुए कहा कि गरीबी के कोख से पैदा लेने वाले हमारे पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के गरीबों का कल्याण हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार के कार्यों और पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में ही देश के सर्वांगीण विकास होने का दावा करते हुए लोगों से बहुमत देने की अपील की।

खेत में पराली जलाने को लेकर कृषि विभाग के प्रखंड समन्वयक ने किसान पर एयर एक्ट के तहत थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। प्रखंड अंतर्गत अगरेड़कला गांव के एक किसान पर खेत में पराली जलाने को लेकर स्थानीय कृषि विभाग के प्रखंड कृषि समन्वयक अखिलेश कुमार सिंह ने एयर एक्ट 1981 के तहत स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने बताया कि जिला कृषि पदाधिकारी एवं न्यायालय के द्वारा सख्त निर्देश के बावजूद भी थाना क्षेत्र के कई गांव में गेहूं की फसल कटाई के बाद किसान अपने खेतों में फसल अवशेष को जलाने के लिए आग लगाकर जला दे रहे हैं. जिससे आसपास के किसानों के खेतों में मवेशियों का चारा भी जल का नष्ट हो जा रहा है. मामले को लेकर कृषि समन्वयक ने थाना क्षेत्र के अगरेड़कला निवासी किसान छोटे लाल सिंह पर खेत में पराली जलाने को लेकर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। वही प्रखंड कृषि समन्वयक अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि बीते दिनों उक्त गांव के ग्रामीणों के द्वारा मिली सूचना के बाद गांव में जाकर स्थल निरीक्षण में जांचोंप्रांत पाया गया कि किसान छोटेलाल सिंह ने अपने खेत में फसल अवशेष जलाने के लिए आग लगाई थी. जिससे आसपास के लगभग 30 बीघा खेतों में आग फैल जाने से मवेशियों का चारा जल गया। जिससे पर्यावरण प्रदूषण होने के साथ ही उर्वरा शक्ति भी कमजोर होती है. मिट्टी में पानी सूखने की क्षमता में कमी आती है. वही मवेशियों का चारा भी जलकर नष्ट हो गया. मामले में उक्त किसान पर रविवार की संध्या स्थानीय थाने में थाना कांड संख्या 114/20 24 दंड प्रक्रिया संहिता 4 की धारा 188 तथा वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा 39 के तहत प्राथमिकी दर्ज करवाई है। उक्त किसान का रजिस्ट्रेशन अभी तक नहीं हुआ है.वहीं कृषि समन्वयक ने बताया कि प्रखंड में अभी तक का यह पहली घटना है. इस संबंध में पूछने पर स्थानीय अंचल के सीओ गोल्डी कुमारी ने बताया कि फसल कटाई से पूर्व जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा स्थानीय प्रखंड क्षेत्र में सभी किसानों से खेतों में पराली एवं फसल अवशेष नहीं जलाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरुक भी किया गया था .वहीं उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र के सभी किसानों से अपील किया जाता है कि पराली ना जलाएं। यह मानव स्वास्थ्य एवं वातावरण को प्रभावित करता है. जिससे प्रकृति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। तथा जान माल की गंभीर क्षति होती है।

शिष्या ने शिक्षक के प्रेम में गंवाई जान

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। श्रीनगर थाना क्षेत्र के कोहड़ा भवानीपुर गांव में चलने वाले एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाली 22 वर्षीय छात्रा का शव पुलिस ने कोचिंग सेंटर में बरामद किया है इस धटना के बाद क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म मृतक छात्रा के परिजनों का आरोप है कि कोचिंग संचालक द्वारा छात्रा को कोचिंग में बुलाकर हत्या कर दी गई है वहीं सूत्रों की माने तो पिछले दो वर्षों से छात्रा और कोचिंग संचालक के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था छात्रा कोचिंग संचालक से शादी करना चाह रही थी परन्तु कोचिंग संचालक शिक्षक शादी से इनकार कर रहा था शनिवार को दिन कोचिंग संचालक कि शादी तय हो गई और यह बात छात्रा बर्दाश्त नही कर पाई और आहत होकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली वहीं परिजनों का कहना है कि कोचिंग संचालक ने उसे कोचिंग में बुलाकर कर हत्या कर दी है फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है वही इस संबंध में थाना अध्यक्ष संजीव कुमार का कहना है कि परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं हालांकि छात्रा का शव कोचिंग सेंटर में संदिग्ध अवस्था में बरामद किया गया है पुलिस पुरे मामले कि जांच पड़ताल में जुट गई है वहीं कोचिंग संचालक अपने पूरे परिवार के साथ फरार है बताते चले कि कोचिंग संचालक एवं मृतक छात्रा अलग-अलग जाति से आते थे इसीलिए दोनों की शादी नहीं हो पाई खैर मामला जो भी हो और कोचिंग संचालक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता था खैर मामला जो भी हो लेकिन इस प्रकार की घटना गुरु और शिष्या कि महिमा को कलंकित करने वाली बात है जिसकी जितनी भी बुराई कि जाए ओ कम ही है।

पाली ओवर ब्रिज के निर्माण में हुई अनियमितता और समय से पूर्व क्षतिग्रस्त होने के कारण संवेदक हो करवाई

नवप्रदेश प्रतिनिधि पाली। ओवर ब्रिज के निर्माण में हुई अनियमितता के जांच करने। अनियमितता के कारण पुल के समय से पूर्व छतिग्रस्त होने के कारण संवेदक पर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने समेत जनहित में योजनाओ के संचालन को ले सहायक अभियंता सुमन कुमार से सोमवार को यूथ फेडरेशन आफ इंडिया के अनुमंडल कमिटी अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद सिंह और प्रखंड प्रमुख मनीष कुमार के नेतृत्व में शिष्ट मंडल मिला। मिलकर पाली ओवर ब्रिज के बंद रहने के कारण शहर से पटना, विक्रम गंज, आरा, नासरीगंज समेत कई शहरों तक जाने वाले रास्ते एक वर्ष से अवरूद्ध रहने की बात कही। जिससे शहर के व्यापार के साथ साथ छात्र छात्राओं को विद्यालय आने जाने समेत विभिन्न प्रकार के होने वाले कठिनाइयों से अवगत कराया। साथ ही रेल मंडल प्रबंधक द्वारा अक्टूबर 2023 तक वैकल्पिक मार्ग सोन नदी के तट से होकर गुजरने वाले को अलकतरा युक्त सड़क निर्माण के आश्वासन भी पूरा नहीं होने के कारण वैकल्पिक मार्ग में भारी पैमाने पर गढ़ा बन जाने से हो रही परेशानी से अवगत कराया। शिष्टमंडल में शामिल यूथ फेडरेशन के सचिव ददन सोनी, अमरेंद्र भाष्कर, उजाला ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि दो सप्ताह में अग्रेतर कार्रवाई नही होने की स्थिति में धरना प्रदर्शन रेल रोको आन्दोलन किए जाएंगे रेल मंडल सहायक अभियंता सुमन कुमार ने कहा कि ज्ञापन प्राप्त हुए है। जिससे वरीय अधिकारियों को अवगत कराया हूं। यथा निर्देश कार्यवाई की जाएगी।

आग लगने से एक ही परिवार के पांच लोगों की जलकर मौत

नवप्रदेश प्रतिनिधि सासाराम। सीपीआईएमएल के जिला सचिव अशोक बैठा अपने कार्यकर्ता के साथ श्याम सुंदर पाल रंजन कुमार सोनू कुमार हरिकांत महतो सुजीत कुमार सचिन कुमार साहब राम हरिहर राम छोटेलाल सहित पंचायत के हथनी तिलाई बाद योग फरीदपुर और रूपहथा के 60 की संख्या में घटनास्थल पर पीड़ित परिवारों से मिलकर दुःख प्रकट किया और इस घड़ी में हर तरह से साथ देने का सहयोग देने का कार्य किया गया। अशोक बैठा ने कहा की इस तरह की बिहार में घटनाएं घट रही है सरकार को पता है कि पूरे बिहार में भूमि परिवारों की संख्या करीब 21 लाख परिवार रोड और नहर और करहा के चार्ट में कपड़ा और बोरा के प्लास्टिक के घर नुमा बनाकर और खपरैल और मड़ई में रहते हैं और सरकारी योजना आवास की योजना नल जल की योजना और 3 डेसिमल 5 डेसिमल आवासीय भूमि देने का योजना इन परिवारों तक आज तक नहीं पहुंचा है और सरकार की मनसा भी नहीं है उसे गरीब को यह सुविधा पहुंचे यह सामंती और पूंजीवादी मानसिकता की शासन वर्गीय पार्टी और यह सरकार पूरे रूप से इस हत्या का दोषी है और स्थानीय प्रतिनिधि भी वोट के लिए तो पहुंचते हैं दरवाजे पर लेकिन उनकी दुःख और सरकारी योजना की लाभ नहीं पहुंचने देते हैं।

पहला मतदाता जागरूक नि:शुल्क शतरंज प्रतियोगिता कोतवाली चौक अकादेमी मे 5 मई रविवार को

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। अखिल बिहार शतरंज संघ से मान्यता प्राप्त चंपारण शतरंज अकादमी के द्वारा आयोजित होगी पहला मतदाता जागरुकता अभियान ऑनलाइन निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता 2 मई बृहस्पतिवार को ऑनलाइन लीचेस पे आयोजित होगी । यह प्रतियोगिता 2 मई को रात 8 बजे से शुरू होगा और रात 9:10 तक चलेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के चंपारण शतरंज के प्रांगण कोतवाली चौक में जाकर अपना एंट्री करा सकते हैं और अपना लीचेस भी आई डी बनवा सकते हैं और प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं पहला मतदाता जागरुकता अभियान ऑनलाइन निःशुल्क शतरंज प्रतियोगिता 2 मई बृहस्पतिवार को इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 01 मई बुधवार तक हैं। यह प्रतियोगिता लीचेस पेयरिंग सिस्टम पर खेला जाएगा और खेलने का समय प्रत्येक मैच पाँच मिनट तीन सेकंड इंक्रीमेंट मैच में होगा और कुल एक घंटा दस मिनट का प्रतियोगिता होगा उसमे से टॉप दस आने वाले को विजेता घोषित किया जाएगा। उसमें से टॉप आने वाले 10 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमे से जितने वाले सभी खिलाडियों ट्रॉफी मेडल और डिजिटल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा।

तेजस्वी के नौकरी देने के दावे की प्रशांत किशोर ने खोली पोल, कहा

चीफ सेक्रेटरी से लेकर चपरासी तक को भी अगर जोड़ें, तो भी बिहार में मात्र 2 प्रतिशत से भी कम लोग ही हैं सरकारी नौकरियों में

नवप्रदेश प्रतिनिधि पटना। शिक्षकों की भर्ती करके खुद अपनी वाहवाही लूटने में लगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने पोल खोल दी। प्रशांत किशोर ने कहा कि जो सिस्टम है, जिसे आप तंत्र कहते हैं, सरकारी नौकरियों में पूरे बिहार के 1.57 प्रतिशत लोग ही हैं। चपरासी से लेकर चीफ सेक्रेटरी तक को भी अगर आप जोड़ देंगे, तो 2 प्रतिशत से भी कम लोग सरकारी नौकरियों में हैं। पूरी जो व्यवस्था है, वो सिर्फ 2 प्रतिशत सरकारी नौकरी करने वाले लोगों की वजह से नहीं है। दिक्कत ये है कि जो जनप्रतिनिधि हैं, लोकतंत्र में मालिक वो हैं, जो अफसरों को चुनकर बैठाते हैं। अफसर वैसे ही काम करता है, जैसा लोग कराना चाहते हैं। पत्रकारों से बातचीत में प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि यही नीतीश कुमार हैं, 2005 से 2010 में यही तंत्र था, यही अफसर थे और इन्हीं की वजह से कई क्षेत्रों में सुधार दिखा।

विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ डीएम एवं एसपी ने की बैठक

नवप्रदेश प्रतिनिधि मोतिहारी। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विधानसभावार बनाए गए सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा लगातार बैठक कर सभी जरूरी निर्देश दिए जा रहे हैं। आज जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा के द्वारा 10-रक्सौल,11-सुगौली तथा 12-नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारियों के साथ सुगौली प्रखंड सभागार बैठक कर समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा सभी सेक्टर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहें और आचार संहिता के अनुपालन पर कड़ी नजर रखें। निर्वाचन आयोग के निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन कराना सेक्टर पदाधिकारी की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। डीएम ने कहा कि जो भी संवेदनशील क्षेत्र है वहां पर लगातार नजर बनाए रखें एवं कहीं भी कोई तनाव की स्थिति पता चले तो उसकी सूचना तुरंत वरीय पदाधिकारी को दें। डराने, धमकाने जैसे कृत्य के विरुद्ध 107 की कार्रवाई के लिए तत्काल सूचना दें। डीएम ने कहा कि सभी नाकों को पूर्ण रूप से एक्टिव करें। वहां निरीक्षण पंजी रखें और जो भी कार्रवाई की जा रही है, निरीक्षण पंजी में उसे अंकित करें। नाकों पर पेयजल की भी व्यवस्था कराई जाए। डीएम ने कहा कि सभी 39 जगह जहां एसएसटी की प्रतिनियुक्ति की गई है वहां सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश निर्गत कर दिए गए हैं। सीसीटीवी कैमरा भी जल्द ही इंस्टॉल करवाई जाए। सेक्टर को कहीं कोई परेशानी हो तो तुरंत संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को इसकी सूचना देंगे। जिलाधिकारी के द्वारा बैठक में मुख्य रूप से ईवीएम कमिश्निंग, पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया एवं तिथि के बारे में बताया गया। सेक्टर पदाधिकारी को मतदान से पूर्व, मतदान के दिन एवं मतदान के पश्चात किए जाने वाले कार्य एवं बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी के द्वारा मतदान की तिथि से 5 दिन पहले से लेकर मतदान की समाप्ति तक सेक्टर पदाधिकारी द्वारा किए जाने वाले कार्यों को विस्तार से बताया गया और उसे ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। 10-मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारी के साथ समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभा भवन में बैठक कर सभी जरूरी निर्देश दिया गया। यहां पर जिलाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि बाहर से आने वाले बल के अवसान स्थल पर बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराई जाए। प्रखंड विकास पदाधिकारी अवसान स्थल का लगातार भ्रमण कर की जा रही तैयारी को देखते रहें और कहीं कोई कमी मिले तो उसे शीघ्र दुरुस्त कराई जाए। अवसान स्थल पर व्यवस्थाओं को देखने के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक डेडीकेटेड टीम लगाने का निर्देश दिया गया ताकि कोई भी समस्या आए तो उसका तुरंत निदान किया जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा भी उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि क्षेत्र में कहीं भी तनाव की स्थिति का पता चले तो उसकी सूचना तुरंत संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दी जाए ताकि नियमानुकूल त्वरित कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतदान के दिन सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी लगातार भ्रमणशील रखकर स्थिति पर नजर रखेंगे और कहीं भी गड़बड़ी की आशंका हो तो वहां विशेष चौकसी रखेंगे। कहीं कोई दिक्कत होगी तो 5 मिनट के अंदर फोर्स वहां पहुंच जाएगी। सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का आपसी सहयोग एवं समन्वय जरूरी है। बैठक में उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण, नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष एवं सभी संबंधित सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर

नोनहर में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। स्वीप कार्यक्रम के तहत नोनहर पंचायत में किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रोहतास नविन कुमार के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में नोनहर पंचायत में मुखिया आभा सिंह की उपस्थिति में स्विप कार्यक्रम के तहत पंचायत के सभी गावों में घर घर जाकर मतदान संवाद कार्यक्रम करते हुये प्रखंड में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जीविका के कार्यकताओं ने रैली निकाली। मुखिया प्रतिनिधि मिक्की राज मेहता ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य लोकसभा चुनाव मे शत प्रतिशत मतदान कराने के साथ महिला मतदाताओं को जागरूक करना है। कार्यक्रम में प्रखंड परियोजना पदाधिकारी विजय कुमार चौधरी, सामुदायिक समन्वयक आलोक कुमार, जीविका के राजेश कुमार, सीएम प्रियंका कुमारी, जुली कुमारी, मुन्नी देवी, पिंकी पटेल, तमन्ना खातुन सहित काफी संख्या में जीविका समूह के सदस्य शामिल थे।

बीडीओ ने किया साधु महात्मा को अपमानित, ग्रामिणों ने एसडीएम से की शिकायत

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। प्रखंड के खरगपुरा में बीडीओ बिक्रमगंज द्वारा साधु महात्मा को अपमानित करने और ग्रामीणों को धमकी दिये जाने की शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम बिक्रमगंज अनिल बसाक से की है। एसडीएम को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि खरगपुरा गांव में शिव मन्दिर का निर्माण उपरांत मन्दिर प्रांगण में प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया था। जो 27 अप्रैल को पुणार्हुति व भण्डारा के साथ संपन्न हुआ। महायज्ञ कराने वाले सन्त राजन जी महाराज मठाधीश सोनवर्षा एवं वैशाडीह मठ के द्वारा यज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा का कार्य सम्पन्न कराया गया। इसी बीच 24 अप्रैल को राजन जी महाराज के कुटिया जो कि यज्ञशाला में आग लग गई और वह पूरी तरह से जल गया। समयाभाव के कारण महाराज के कुटिया का व्यवस्था नहीं हो पाया तो सभी ग्रामिणों के ओर से विद्यालय प्रांगण में साफ-सफाई कर उनके ठहरने का व्यवस्था विद्यालय समिति के सदस्यों के सामुहिक निर्णय से किया गया। 27 अप्रैल को साधु महाराज जी लोगों का विदाई हो रहा था, उसी समय बीडीओ बिक्रमगंज, अमित प्रताप सिंह वहां पहुंचे और साधु महात्मा लोगों को ऊँच्ची आवाज में बोलने लगे। इस दौरान उन्होंने अमर्यादित एवं अभद्र भाषा का प्रयोग उन सन्त महात्माओं के लिए किया। इसी बीच ग्रामीण भी आ गए। जिनको भी बीडीओ अपशब्द बोलने लगे। इन सारी बातों को देखते हुए साधु सन्त ग्रामवासी से बोले कि आपलोग के सामने हम साधु सन्तों को इतना अपमानित होना पडा, इस पर सभी ग्रामवासी बहुत दुःखी हो गए। फिर जाते जाते बोले कि सभी ग्रामवासियों को झुठे केश में फसाऐंगे। क्योकि आपलोग बिना सूचित किए विद्यालय को धर्मशाला बना दिये थे। ग्रामीणों ने एसडीएम से बीडीओ द्वारा सरकारी पद एवं पावर का दुरुपयोग करके साधु महात्मा के साथ-साथ ग्रामिणों को भी अपमानित करने, धार्मिक कार्य में बाधा डालने एवं शान्ति भंग करने के लिए कानूनी दण्डात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

नवप्रदेश प्रतिनिधि अगिआंव। प्रखण्ड अंतर्गत माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा 2024 में उच्च प्राप्तांक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम का आयोजन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार द्वारा प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में किया गया। इस अवसर पर चयनित छात्र-छात्राओं के साथ -साथ विद्यालय प्रधान एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे। समारोह को प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी केशरी सुधीर सिंह, पूर्व प्रखण्ड साधन सेवी संतोष कुमार राय, धर्मेंद्र कुमार सिन्हा ने संबोधित किया। पुरस्कृत होनेवाले छात्र-छात्राओं में माध्यमिक परीक्षा उतीर्ण संध्या कुमारी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय नारायणपुर, बादल कुमार, उच्च विद्यालय चिलहर, एवं समृद्धि सिंह, उत्क्रमित उच्च विद्यालय लसारी थी। उच्च माध्यमिक परीक्षा उतीर्ण कृष्ण कुमार पांडेय, उच्च विद्यालय बाघी, एवं पिंकी कुमारी, उच्च विद्यालय गोरपा को सम्मानित किया गया। सम्मान के बाद सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

बाबू कुंवर सिंह की धरती पर पहुंची जन सुराज की टीम

नवप्रदेश प्रतिनिधि बड़हरा। भोजपुर जिले के जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत हसवा ढीह मैदान में जन सुराज की कैंप सोमवार को लगाया जा रहा है। जन सुराज के साथी चंदन सिंह, राकेश तिवारी अनीश कुमार तथा नीलकमल पांडेय ने 1857 के महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ ही हर घर जन सुराज अभियान की शुरूआत की। जनसुराजी चंदन सिंह ने बताया कि हर घर जन सुराज अभियान के तहत जन सुराजी साथी जगदीशपुर प्रखंड तथा पीरो प्रखंड में गांव गांव जाकर डोर टू डोर भ्रमण कर जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के मुहिम को आगे बढ़ते हुए लोगों को जन सुराज की जानकारी दी। मौके पर नीलकमल पांडेय, जितेंद्र तिलाठ प्रदुमन कुमार यादव, पंचम तिवारी तथा राकेश तिवारी अनीश कुमार व सुरज सिंह परमार मौजूद थे।

दुष्कर्म की शिकार 13 वर्षीय नाबालिक ने सदर अस्पताल में दिया एक बच्चे को जन्म

गुमला। शहर के बीचो-बीच एक मोहल्ले की दुष्कर्म की शिकार नाबालिक लड़की ने सदर अस्पताल में रविवार की रात एक बच्चे को जन्म दिया। वही बच्चा और उसकी मां दोनों सुरक्षित हैं जानकारी के मुताबिक आज से पांच माह पूर्व नाबालिक को पेट दर्द की शिकायत पर सदर अस्पताल लाया गया था। जहां जांच के क्रम में उसके पेट में पांच माह का बच्चा होने की बात पता चली। इसके बाद परिजनों के होश उड़ गए। परिजन नाबालिक से पूछताछ किए तब उसने बताया कि मोहल्ले के उसके अपने मौसा ने ही उसके साथ दुष्कर्म किया था। उसने बताया कि उसकी मां शहर के एक दुकान में काम करती है। जब घर पर कोई नहीं था तब मौसा घर आया और जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं इस बात को किसी नहीं बताने की धमकी भी दी थी जब लड़की 5 माह की गर्भवती हो गई तब लोगों को इस बात का पता चला इसके बाद समाज में पंचायत भी हुई जिसमें पीड़ित के मौसा ने पूरे मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की लेकिन समझौता नहीं हुआ इसके बाद पीड़िता के परिजन गुमला थाना में मामले को लेकर प्राथमिक की दर्ज कराई फिलहाल आरोपी जेल में है 5 माह के गर्भवती होने के कारण उसका ऑपरेशन भी संभव नहीं था इसके बाद रविवार को पीड़िता ने एक लड़का बच्चे को जन्म दिया।

सरकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचना हम सभी का कर्तव्य

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया । पत्रकारों का संगठन वाल्मीकि प्रेस की एक बैठक जयप्रकाश नगर स्थित प्रधान कार्यालय संपन्न ट्रस्ट के सचिव निरंकार भास्कर कि अध्यक्षता में हुई जिसमें सचिव ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार आम जनता की बहुत सी कल्याणकारी योजना चल रही है लेकिन इन योजनाओं के बारे आम जनता तक जितनी जानकारी होनी चाहिए नहीं हो पा रही जिससे लाभ से आम जनता वंचित हो जा रही है ऐसे योजनाओं को लाभ दिलाने का प्रयास ट्रस्ट जुड़े हर सदस्य करेंगे इतना ही नहीं लाभों से वंचित व्यक्ति ट्रस्ट के अध्यक्ष या किसी भी सदस्य से मिलकर जानकारी हासिल कर सकते मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राणा प्रताप गुप्ता, मिडिया प्रभारी शेखर सोनी, राकेश कुमार प्रवक्ता सत्यम सिंघानिया, उपाध्याय अश्वनी कुमार सिंह, समाजसेवी पुण्यदेव प्रसाद, सेवा निवृत्त पुलिस उपाधीक्षक रमेश चंद्र उपाध्याय, मुन्ना महतो, धर्मेंद्र सोनी, सोनू भारद्वाज, मिथिलेश कुमार, नवीन कुमार, विधि सलाहकार रवि कुमार आदि मौजूद रहे

संपादकीय

बूथ से दूर होते मतदाता

लोकसभा चुनाव के लगातार दूसरे चरण में भी मतदान प्रतिशत घटने से राजनीतिक दलों का आत्मविश्वास डगमगाने लगा है। पार्टियों को अब ऐसे क्लिक करने वाले मुद्दे की तलाश है, जो वोटर को पोलिंग बूथ तक खींच कर ला सके। कम होते वोटिंग के साथ-साथ मुद्दों की शिफ्टिंग भी साफ तौर पर परिलक्षित होने लगी है। विकास और कुछ बड़ा करने के दावे अब हाशिए पर हैं। हकीकत में राजनेता अब मतदाता को रिझाने की जगह उसे डराने के खतरनाक खेल पर उतर आये हैं। कहीं मतदाता को आरक्षण खत्म करने और संविधान बदल डालने के नाम पर डराया जा रहा है तो कहीं महिला मतदाता से सम्पत्ति के समान वितरण के नाम पर महिला मतदाताओं से मंगल-सूत्र तक छीन लेने और हिंदुओं की आय को मुसलमानों में बांट देने की बात कही जा रही है। इसकी व्यावहारिकता और सच्चाई पर कोई नहीं जा रहा है। चुनाव के कुरूक्षेत्र में भिड़ी दोनों राजनीतिक गठबंधनों की सेनाएं अब अपना-अपना वोट बैंक किसी भी कीमत पर बचाने में लगी हैं। लेकिन मतदाता राजनेताओं और राजनीतिक दलों की इस ड्रामेबाजी से मन ही मन खिन्न नजर आता है, शायद यही कारण है कि प्रलोभनों की बारिश और भयादोहन की पराकाष्ठा के बीच वह घर बैठना ही ज्यादा बेहतर समझ रहा है। भाव यह है कि किसी को भी वोट देने से फायदा क्या? हमाम में सभी निर्लज्ज और झूठे हैं। यूं हर चुनाव में मतदान प्रतिशत की घट-बढ़ नयी बात नहीं है और वोटों की यह कमी बेशी कभी सत्ता की वापसी तो कभी बेदखली के रूप में सामने आती है। वोट प्रतिशत के घटने बढ़ने का हार जीत से कोई सीधा रिश्ता नहीं है। यहां ऊंट किसी भी करवट बैठ सकता है। हालांकि चुनाव आयोग भी लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाता की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी को लेकर कई तरह से कोशिश करता है ताकि चुनाव नतीजों की साख अधिकाधिक बढ़े। राजनीतिक दल भी अपने पक्ष में वोट डलवाने के लिए पूरी कोशिश करते हैं, क्योंकि वोटों की संख्या ही सियासी रण में विजेता का फैसला करती है। लेकिन इस बार वोटर ही बहुत ज्यादा उत्साहित नहीं दिख रहा है, इसके पीछे जो कारण गिनाए जा रहे हैं, उन्हें राजनीतिक मनोविज्ञानी, समाजशास्त्री और चुनावी रणनीतिकार भी समझने की कोशिश कर रहे हैं। इधर कुछ तर्क सामने भी आए हैं, जिनमें गर्मी ज्यादा होने, एक वर्ग द्वारा मतदान दिवस की छुट्टी को पिकनिक डे के रूप में मनाने, भाजपा शासित ज्यादातर राज्यों में चुनावी माहौल एकतरफा होने का नरेटिव बनने, नई सरकार बनाने या बदलने के प्रति मतदाता के अप्रतिबद्ध होने, भाजपा नेताओं द्वारा चुनाव के पहले ही 400 पार का नारा देकर चुनाव नतीजों की प्री सेटिंग करने से भाजपा के वोटर द्वारा चैन की नींद सोने, विपक्ष के एकजुट होने के बाद भी नेतृत्वविहीन होने तथा सत्ता परिवर्तन के लिए ऐसा कोई आंतरिक बल या प्रेरणा का अभाव जो मतदाता को पोलिंग बूथ तक जाने के लिए विवश करे आदि शामिल है। चुनाव आयोग के सभी प्रयास इस चुनाव में विफल नजर आ रहे हैं। मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने में आयोग सफल नहीं हो पाया। यह चिंतानजक है।

सामयिकी : व्यंग

जीवन में रामत्व

ऋचा सिंह

श्रीराम को सनातन धर्म में विष्णु का अवतार माना गया है। लोग उनको भगवान और आराध्य मान कर पूजा–अर्चना करते हैं। लेकिन जब हम राम के सम्पूर्ण जीवन का अवलोकन करते हैं तो पाते हैं कि राम केवल पूजा के विषय नहीं हैं, वह अनुकरणीय हैं हर स्थिति काल में जीवन को दिशा प्रदान करने वाले प्रेरणा पुंज हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि राम ने स्वयं को एक राजा और भगवान के अवतार के रूप में नहीं अपितु जननायक के रूप में स्थापित किया। हम उनके संपूर्ण जीवन में देखते हैं कि कैसे उन्होंने कठिन स्थितियों में भी मयार्दा के नूतन आयाम स्थापित किए। राजकुल में जन्म लेने के बाद भी राम ने अपना जीवन राजसी वैभव में नहीं बिताया। उनका बाल्यकाल आश्रम में व्यतीत हुआ, गुरुकुल में वह राजकुमारों की भांति नहीं अपितु सामान्य बालकों की भांति अपने और आश्रम के सारे कार्य करते थे। जब वह युवा हुए और राज्याभिषेक का समय आया तो उन्हें पिता के वचन के लिए वनगमन करना पड़ा। राम का जीवन मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन में प्रेरणा देता आया है जिसके कारण वह लोक चेतना और परम्परा में सदैव जीवंत रहते हैं। जो लोक में व्याप्त है वह कालजयी है, वही सर्वमान्य है, वही अनुकरणीय है, वही वंदनीय है। लोक परंपरा में भी हम पाते हैं कि जन्मोत्सव, विवाह, हवन, कीर्तन, मांगलिक आयोजन आदि में महिलाएं जो मंगल गीत गाती हैं उसमें भी राम का नाम और उनका संबंध मूल्य ही समाहित है। ऐसे मयार्दा पुरुषोत्तम राम जो लोक के मन में हैं, जो जन–जन के हृदय में बसते हैं। देखें तो राम ही त्योहार हैं, उल्लास हैं, उत्सव हैं, भक्ति हैं, शक्ति हैं, पूजा हैं, ज्ञान हैं, प्रेरणा हैं और जीवन के प्रकाश स्तम्भ हैं। राम केवल जन–जन की भावना नहीं या सनातन धर्म को मानने वालों की आस्था का केंद्र नहीं बल्कि भगवान राम तो जीवन जीने का तरीका है। फिर चाहे वह संबंध मूल्यों को निभाना हो, धर्म के मार्ग पर चलना हो या फिर अपने दिए हुए वचन को पूर्ण करने के साथ कर्त्तव्य का निर्वहन हो। राम सिर्फ कहने में ही मयार्दा पुरुषोत्तम नहीं है बल्कि हर मायने में वह एक उत्तम और आदर्श पुरुष है वह जीवन के मार्ग को प्रशस्त करने वाले प्रकाश हैं। राम के जीवन आदर्शों को अनुकूल स्थिति में अपने आचरण में लाना जीवन को सरल और सहज बनाता है। राम का जीवन आदर्श, नैतिकता और व्यवहार का उच्चतम मापदंड है जो हर स्थिति में प्रासंगिक है। गुरु–शिष्य, राजा–प्रजा, स्वामी–सेवक, पिता–पुत्र ,पति –पत्नी, भाई–भाई, मित्र–मित्र के आदर्शों के साथ धर्म नीति, राजनीतिक,अर्थनीति के साथ सत्य, त्याग, सेवा, प्रेम, क्षमा, शौर्य, परोपकार, दान आदि मूल्यों का सुंदर समन्वित आदर्श रूप राम के संपूर्ण जीवन में समय–समय पर देखने को मिलता है। राम के जीवन के पुरुषोत्तम होने की विशेषताओं का संदर्भ रामायण में अनेक स्थानों पर देखने को मिलता है, जिसका जीवन में अनुकरण करने पर समरसता पूर्ण समन्वित और खुशहाल व्यक्तित्व का निर्माण होता है। राम का जीवन इतना अद्भुत और विशाल है कि उनके जीवन के प्रसंगों को बार–बार देखने और सुनने से भी मन नहीं भरता। आज ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी ने कितनी भी प्रगति कर ली हो लेकिन जब व्यक्ति भावनात्मक रूप से खुद को कमजोर पाता है तब वह श्रीराम के जीवन आदर्शों में ही समाधान ढूंढने का प्रयास करता है। राम तो प्रभु का अवतार थे लेकिन जब उन्होंने भी मानव शरीर में धरती पर जन्म लिया तब उन्हे भी सामाजिक, पारिवारिक, सांसारिक बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन राम ने हर स्थिति में स्थित प्रज्ञ होकर कभी मयार्दा का उल्लंघन नहीं किया, उनके जीवन में यह विशेष और अनुकरणीय है । राम का जीवन हर मानव के हृदय में मन मस्तिष्क में इसलिए बसा हुआ है क्योंकि उनकी कथाएं लोक में व्याप्त हैं। हजारों वर्षों से राम कथा का जतन एवं संवर्धन कलाओं के माध्यम से, गीतों के माध्यम से, मंचन के माध्यम से आम जनमानस के बीच होता रहा है।

क्यों श्रेष्ठ कॉलेज-स्कूल खोले जाएं गांवों में

आरके सिन्हा

यहां इन्द्रप्रस्थ हिन्दू गर्ल्स स्कूल की चर्चा करना समीचीन होगा। राजधानी का यह कन्या विद्यालय 1904 में शुरू हुआ था। यह उत्तर भारत के पहले कन्या विद्यालयों में से एक माना जाता है। कमला नेहरू, प्रख्यात सरोद वादिका शरण रानी बाकलीवाल, कपिला वात्सायन वगैरह ने इसी में शिक्षा ग्रहण की थी। इस स्कूल के प्रबंधन ने ही राजधानी में इन्द्रप्रस्थ कॉलेज खोला जिसने हाल ही में अपना 100 साल का सफर पूरा किया है।

कभी विचार कीजिए कि किसी स्कूल या कॉलेज को किस आधार पर श्रेष्ठ कहा जाना चाहिए? बेशक, इसका एकमात्र पैमाना यही हो सकता है कि उस शिक्षण संस्थान ने अपने विद्यार्थियों को इस तरह के संस्कार दिए जिसके चलते उन्होंने आगे चलकर बेहतर नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा की। इसका एक पैमाना यह भी हो सकता है कि क्या उसने (शिक्षण संस्थान) ने अपना विस्तार किया ? विस्तार से मतलब है कि क्या उसने अपनी कोई अन्य शाखा भी खोली और वहां का शिक्षण भी श्रेष्ठ और स्तरीय रहा । बेशक, इस मोर्चे पर दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज का नाम लेना होगा। सेंट स्टीफंस कॉलेज को गांधी जी के परम सहयोगी दीनबंधु सी.एफ.एंड्रूज की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। एंड्रूज ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी भारत की आजादी के समर्थक थे। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाया भी। अब उनके कॉलेज ने अपना विस्तार कर लिया है। इसने कोई अन्य कॉलेज नहीं खोला है।

दरअसल अब दिल्ली ब्रदरहुड़ सोसायटी ने दिल्ली और हरियाणा के सोनीपत की सीमा के राई नामक ग्रामीण क्षेत्र में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल खोला है। यानी कि यह स्कूल शहरों और महानगरों की चमक-दमक से दूर ज्ञान की रोशनी को फैलाएगा। निश्चित रूप से प्रत्येक शिक्षण संस्था का यही लक्ष्य होना चाहिए। भारत के गांवों में जितने बेहतर स्कूल खुले, उतना ही बेहतर होगा। हमारे बड़े-बड़े शहरों में तो अब खूब स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय खुल रहे हैं, पर जरूरत है ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक स्कूल खोलने की है, जिनकी स्तरीय फैक्ल्टी हो और वहां बाकी तमाम सुविधाएं भी मौजूद हों। यह प्रयास पिछले लगभग 140 वर्ष में 700 से ज्यादा शिक्षण संस्थान देश में कर रहे हैं। सन 1885 में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित डीएवी (पूरा नाम- दयानंद ऐंग्रो वैदिक स्कूल और कॉलेज) समूह इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण है कि समाज में सेवा भावना से चलाया जाने वाला कार्य भी सफल हो सकता है

अभी कुछ दिन पहले संघ लोक सेवा परीक्षा (यूपीएससी) की परीक्षा के नतीजे घोषित किए गए। सारा मीडिया सफल कैंडिडेट्स के इंटरव्यू करता रहा। बीते सालों की तरह से इस बार भी राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज से पढ़े हुए बहुत से विद्यार्थियों ने यूपीएससी परीक्षा को क्रैक किया। सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे अंशुल भट्ट ने मेरिट लिस्ट में 14 वां स्थान ग्रहण किया। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से लेकर भारतीय रिजर्व बैंक अध्यक्ष शक्तिकान्त दास सेंट स्टीफंस कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी सेंट स्टीफंस कॉलेज से ही पढ़ाई की है। इसने देश के न जाने कितने सितारे निकाले हैं। उनकी गिनती करना असंभव है।

सेंट स्टीफंस कॉलेज के शुरूआती दौर में पढ़ने के लिए मौजूदा हरियाणा राज्य से चौधरी छोटूराम भी आया करते थे। वे आगे चलकर किसानों के मसीहा कहलाए। अब भी हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ग्रामीण जनता चौधरी छोटूराम को अपना मसीहा मानती है। संयोग देखिए कि अब उनके प्रदेश में उनके शिक्षण संस्थान ने दस्तक दे दी। जाहिर है, इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को भी मिलेगा।

अगर आपका कभी दिल्ली के चांदनी चौक में जाना हो तो आपको वहां पर किनारी बाजार को ढूंढने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। वहां से आप कटरा खुशहाल राय में चंद मिनटों में पहुंच सकते हैं। यहां पर पहुंचकर किसी से पूछिए कि सेंट स्टीफंस कॉलेज कहां था? आपको कोई ना कोई बता देगा कि उस सामान्य सी हवेली का रास्ता जहां से 1 फरवरी, 1881 को सेंट स्टीफंस कॉलेज की यात्रा शुरू हुई थी। यह तब कलकत्ता यूनिवर्सिटी का हिस्सा था। सेंट स्टीफंस कॉलेज की दिल्ली के चांदनी चौक में स्थित पहली इमारत को देखकर कोई सोच भी नहीं सकता कि यहां से शुरू हुआ सेंट स्टीफंस कॉलेज बुलंदियों को छूने लगेगा। जो सफर 140 साल से भी पहले शुरू हुआ था था, उसका अब विस्तार हो चुका है। सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज खुल चुका है। महत्वपूर्ण है कि दिल्ली में ब्रदरहुड ऑफ द एसेंनडेंड क्राइस्ट की स्थापना सन 1877 में हुई थी। इसका संबंध कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से है। इसने आगे चलकर अपना नाम दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी रखा। इसने ही राजधानी में सेंट स्टीफंस अस्पताल की भी स्थापना की थी। देश के बंटवारे के बाद सरहद के उस पार से लुटे-पिटे आए लाखों हिन्दू और सिख शरणार्थियों का इस अस्पताल ने श्रेष्ठ इलाज किया था।

एक बात बहुत साफ है कि स्तरीय शिक्षा सर्वसुलभ होनी बहुत आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि सालों, दशकों से स्थापित शिक्षण संस्थाएं अपना तेजी से विस्तार करें। वे देश के ग्रामीण क्षेत्रों का रुख भी करें। वहां पर स्तरीय और सस्ती शिक्षा उपलब्ध करवाएं। स्कूल या कॉलेज खोलने का आधार अपनी जेबें भरना नहीं होना चाहिए। जो शिक्षा के नाम पर मोटी कमाई कर रहे हैं, वे सच में मां सरस्वती का अपमान कर रहे हैं। मैं यहां पर महात्मा गांधी के परम शिष्य ब्रज कृष्ण चांदीवाला का उल्लेख करना चाहता हूं। चांदीवाला गांधी जी से पहली बार 1918 में मिले थे। तब गांधी जी दिल्ली आए ही थे। उसके बाद वे गांधी जी के जीवपर्यंत शिष्य बनकर साथ रहे। उन्होंने गांधी जी के पार्थिव शरीर का 31 जनवरी,1948 की रात को अंतिम स्नान भी करवाया था। ब्रज कृष्ण चांदीवाला ने अपनी मां और समाज सेविका श्रीमती जानकी देवी जी के नाम पर 1959 में राजधानी में जानकी देवी कॉलेज स्थापित किया था। इस कॉलेज ने अब तक लाखों बेटियों को साक्षर बनाने में अभूतपूर्व योगदान दिया है।

यहां इन्द्रप्रस्थ हिन्दू गर्ल्स स्कूल की चर्चा करना समीचीन होगा। राजधानी का यह कन्या विद्यालय 1904 में शुरू हुआ था। यह उत्तर भारत के पहले कन्या विद्यालयों में से एक माना जाता है। कमला नेहरू, प्रख्यात सरोद वादिका शरण रानी बाकलीवाल, कपिला वात्सायन वगैरह ने इसी में शिक्षा ग्रहण की थी। इस स्कूल के प्रबंधन ने ही राजधानी में इन्द्रप्रस्थ कॉलेज खोला जिसने हाल ही में अपना 100 साल का सफर पूरा किया है। यह कैसे हो सकता है कि दिल्ली यूनिवर्सिटी के सबसे पुराने कॉलेजों में से एक रामजस कॉलेज के संस्थापक, शिक्षाविद् और दानवीर राय केदारनाथ का उल्लेख रह जाए। उन्होंने अपने पिता लाला रामजस मल के नाम पर रामजस कॉलेज और अनेक स्कूल स्थापित किए। राय केदारनाथ दिल्ली के सेशन जज भी रहे। उन्होंने अपनी नौकरी को छोड़कर ज्ञान की रोशनी फैलाने में अपना जीवन लगा दिया। कहते हैं कि वे अपने स्कूलों की इमारतों के निर्माण के समय खुद सिर पर ईंटे ढोया करते थे। रामजस कॉलेज और स्कूलों में देशभर के बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। यहां दिल्ली विश्वविद्यालय की तरफ से भी एक स्कूल चलाया जाता है। यह विश्वविद्यालय कैंपस में ही है। उसने कुछ समय पहले अपनी 75वी वर्षगांठ मनाई। कितना अच्छा हो कि दिल्ली विश्वविद्यालय की तरफ से किसी ग्रामीण इलाके में स्कूल चलाया जाए।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

ईरान-इजराइल संघर्ष और भारतीय अर्थव्यवस्था



डॉ अनिल कुमार निगम

इस बात में सोलह आने सत्यता है कि विगत दस वर्षों से इजराइल के साथ भारत के काफी घनिष्ट संबंध रहे हैं। इजराइल भारत को आतंकवाद के खिलाफ सहयोग देता रहा है। भारत इजराइल से रक्षा उपकरणों की भी आपूर्ति लेता रहा है। इजराइल भारत का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक दोस्त है।

क्या आप जानते हैं कि ईरान और इजराइल के बीच होने वाले संघर्ष सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ने वाला है। अगर इन दोनों देशों के बीच संघर्ष लंबा खिंचता है तो डॉलर में मजबूती आएगी और भारतीय रुपया कमजोर हो जाएगा। इससे विश्व में तो मुद्रास्फीति बढ़ेगी लेकिन भारत में न केवल महंगाई बहुत अधिक बढ़ जाएगी बल्कि इससे भारत की अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

दरअसल, पश्चिम एशिया में तनाव तो उसी समय बढ़ गया था जब हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया था। उसके बाद इजराइल ने गाजा पटटी पर हमास ने तबाड़तोड़ हमले किए। लेकिन जिस तरीके से इजराइल ने 1 अप्रैल 2024 को सीरिया स्थित ईरान के दूतावास पर हमला किया, उससे पश्चिम एशिया में तनाव गहरा गया । ईरान ने इसकी प्रतिक्रिया इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन से सीधा हमला कर दिया। उसके बाद इजराइल ने ईरान पर जवाबी हमला किया। इस संघर्ष के चलते पश्चिम एशिया में तो जबरदस्त तनाव तो है लेकिन इस संघर्ष का असर भारत सहित संपूर्ण विश्व पर पड़ना तय है।

हम यह भलीभांति जानते हैं कि आज अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और चीन जैसे देश अपने हथियारों के व्यापार को चमकाने के लिए किसी न किसी के साथ खड़े हैं। इन देशों की विदेश और रक्षा नीति में यह रणनीति और मंशा होती है कि विश्व में कहीं न कहीं युद्ध चलता रहने चाहिए ताकि उनके हथियारों की आपूर्ति ऐसे देशों में होती रहे और उनके देश की अर्थव्यवस्था सशक्त बनी रहे।

इजराइल व ईरान के बीच युद्ध का इन दोनों देशों पर तो विपरीत असर पड़ेगा लेकिन इन दोनों देशों के बाद इसका सबसे प्रतिकूल असर भारत में कच्चे तेल की कीमतों पर वृद्धि के तौर पर पड़ेगा। आज भारत कच्चे तेल का विश्व में तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। विश्व को कुल कच्चे तेल का एक-तिहाई हिस्सा पश्चिम एशिया से ही मिलता है। ईरान और इजराइल के बीच चलने वाले संघर्ष के चलते कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने लगी हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने के कारण परिवहन महंगा हो जाता है और इसका सीधा असर अन्य उत्पादों की कीमतों पर पड़ने लगता है। अगर यह संघर्ष लंबा चला तो डॉलर की स्थिति मजबूत होगी और भारतीय रुपया कमजोर हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि ईरान लेबनान में हिजबुल्ला, यमन में हूती और फिलिस्तीन में हमास आतंकी संगठनों को समर्थन देता है और समय-समय पर वह उनकी मदद भी लेता है। ऐसी स्थिति में ईरान इन संगठनों की मदद फारस खाड़ी से खुले महासागर में जाने वाले एक मात्र समुद्री स्ट्रेट को बाधित कर सकता है। और अगर ऐसा होता है तो वैश्विक स्तर पर व्यापारिक आवागमन पर इसका गहरा प्रभाव पड़ना भी तय है।

इस बात में सोलह आने सत्यता है कि विगत दस वर्षों से इजराइल के साथ भारत के काफी घनिष्ठ संबंध रहे हैं। इजराइल भारत को आतंकवाद के खिलाफ सहयोग देता रहा है। भारत इजराइल से रक्षा उपकरणों की भी आपूर्ति लेता रहा है। इजराइल भारत का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक दोस्त है। इजराइल में लगभग 20 हजार भारतीय रहते हैं। वहां पर साफ्टवेयर प्रोफेशनल्स, हीरा व्यापारी, स्टूडेंट्स और मजदूर रहते हैं। जब हमास से संघर्ष के बाद इजराइल ने फिलिस्तीनियों के अपने देश में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया तो भारत ने अनेक भारतीय यहां से भेजे जो इजराइल में बुजुर्गों की देखभाल कर रहे हैं। इसके अलावा भारत में भी भारी संख्या में यहूदी रहते हैं। इसलिए भारत के लिए इजराइल बहुत अहम है। दूसरी ओर भारत ईरान का बहुत पुराना मित्र देश है। भारत ईरान से कच्चा तेल तो आयात करता रहा है। पूर्व सोवियत गणराज्य के हिस्सा रहे एशियाई देश कजाकिस्तान, तुकेर्मेनिस्तान, उज्बेकिस्तान जैसे देशों में हाईड्रोकार्बन के भंडार हैं। भारत को इन संसाधनों तक पहुंचने और इन देशों से मजबूत व्यापारिक संबंध बनाए रखने के लिए ईरान से जाने वाली मार्ग की आवश्यकता होती है। हालांकि ईरान द्वारा इस्त्राइल पर हमला करने के बाद अमेरिका ने ईरान के खिलाफ तेल खरीदने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसलिए भारत ईरान से तेल खरीदने में हिचकिचा रहा है।

लेकिन, अमेरिकी प्रतिबंध के बावजूद चीन ईरान से कच्चा तेल खरीद रहा है। हमने यह भी देखा था कि जब रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था तो अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन भारत ने इस पर स्वतंत्र निर्णय लेते हुए अपने पुराने मित्र देश रूस से कच्चा तेल खरीदना नहीं बंद किया। चूंकि भारत के लिए इजराइल और ईरान दोनों महत्वपूर्ण हैं। इसलिए उसे दोनों ही पलड़ों के बीच समन्वय एवं संतुलन बनाकर चलना पड़ेगा ताकि पश्चिम एशिया में होने वाले इस संघर्ष से भारत को कम से कम आर्थिक नुकसान हो।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

मोबाइल की आभासी दुनिया में खोता बालमन

डॉ राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

बच्चे को चुप कराने से लेकर उसे व्यस्त रखने तक के लिए मोबाइल की घुट्टी पिलाई जाने लगी है और लोरी की जगह मोबाइल ने ले ली है तो फिर हमें बालमन पर इसके पड़ रहे दुष्प्रभाव से दोचार होने के लिए तैयार रहना होगा। देखा जाए तो पूरा सामाजिक ताना-बाना ही बदल गया है।

सोशल मीडिया पर आए दिन इस तरह की तस्वीर देखने को मिल जाएगी जिसमें ड्राइंग रूम में तो परिवार के लगभग सभी सदस्य बैठे हैं पर उनके बीच किसी तरह के संवाद की बात करना ही बेमानी होगा। सभी अपने-अपने स्थान पर अपने मोबाइल फोन में खोये मिलेंगे। खोये होने का मतलब साफ है कि कोई गेमिंग कर रहा होगा तो कोई इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्स ऐप या इसी तरह के किसी दूसरे ऐप पर व्यस्त होगा। सवाल साफ है कि जो हम देखेंगे उसमें हमें पसंद भी वो ही आएगा जो अधिक ग्लैमरस होगा और यही कारण है कि गेमिंग, चैटिंग या फिर रील्स बनाने देखने में बच्चों से बड़े तक व्यस्त मिलेंगे।

इसके साथ ही गेमिंग जहां बच्चों-बड़ों को लालच दिखाकर एक तरह से जुआरी बना रही है वहीं कुछ गेम तो इस कदर हानिकारक रहे हैं कि उन्हें फॉलों करते करते बच्चों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। सोशियल मीडिया, ओटीटी व गेमिंग के साथ ही गूगल बाबा सहित खोजी चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्म खोजी सामग्री तो कोई समाचार देखते-देखते ही कितने तरह के विज्ञापन सामने आ जाते हैं उनमें कई बार तो लगभग प्रोन जैसी सामग्री होने के बावजूद मजे से परोसी जाती रहती है और उसे बैन करने या सेंसर करने का कोई सिस्टम नहीं होने से उसका दुष्प्रभाव साफ देखा जाता है। भले ही सरकार द्वारा इस तरह के चैनलों, प्लेटफार्म, ऐप आदि पर रोक लगाने के लाख दावे किए जाते हों पर साफतौर से इस तरह की सामग्री आम है। इसके साथ ही इन प्लेटफार्मों पर परोसी जाने वाली सामग्री बच्चों तक नहीं पहुंचे या बालमन पर को प्रदूषित नही करे, इसकी कोई व्यवस्था नहीं होती है। जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी तो उसका प्रभाव से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा।

तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि एक-दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशियल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवतः इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चे को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं।

अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टैबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से बच्चे गुस्सैल होते जा रहे हैं। बच्चों द्वारा स्कूल में गोलीबारी सहित एक-दूसरे से मारामारी-हाथापाई व इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही है। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफ हो गया है कि शहरी बच्चे, गेमिंग, सोशियल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सैल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेश लड़कों और लड़कियों दोनों में ही समान रूप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में यही हो रहा है। अमेरिका में किए गए एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है।

कोई दोराय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। स्मार्ट फोन व इंटरनेट की दुनिया का अपना महत्व है। पर इनके दुष्प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। प्लेटफार्मों पर चाइल्ड लोक की बात भी की जाती है पर चाइल्ड लोक कितना कारगर है यह हम सब अच्छी तरह से जान और समझ सकते हैं। मजे की बात तो यह है कि मोबाइल फोन, टैब, कम्प्यूटर, सोशियल मीडिया प्लेटफार्म आदि के फीचर्स व उपयोग का तरीका बड़ों से ज्यादा बच्चों को आता है। यहां तक कि प्ले ग्रुप के बच्चे को भी यह जानकारियां होने लगी हैं। ऐसे में इन पर परोसी जाने वाली सामग्री को सेंसर करने या इससे बच्चों और बालपन को दूर रखने की बात बेमानी होती जा रही है। समाज विज्ञानियों, मनोविश्लेषकों, चिकित्सकों यहां तक शिक्षाविदों के सामने यह गंभीर चिंतनीय चुनौती सामने आ रही है।

आज बच्चे के सामने दो विकल्प एक मोबाइल फोन या सोशियल मीडिया पर सफरिंग और दूसरा परिवार के साथ गप्पे लड़ाना या आउटडोर गेम्स जैसा विकल्प होगा तो बच्चे की पहली पसंद मोबाइल फोन व सोशियल मीडिया पर सफरिंग ही होती जा रही है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है और दूसरा यह कि गरीब हो या अमीर सभी घर परिवारों के हालात लगभग यही है। दरअसल आज समय के बदलाव को इस तरह से समझा जा सकता है कि तीन से चार दशक पहले मोहल्ले में एक फोन होता था, ट्रंक काल में तो घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी वहीं फिर एसटीडी का युग आया और एसटीड़ी बूथों का अंबार लग गया उसके बाद पेजर युग को अलग कर भी दिया जाए तो मोबाइल युग ने घर-घर ही नहीं अपितु परिवार के लगभग सभी सदस्यों तक पहुंच बना ली है। ऐसे में इसके लाभ के साथ ही साइड इफैक्ट जो हमारे सामने आ रहे हैं उनका समाधान खोजना भी सबका दायित्व हो जाता है।

बच्चे को चुप कराने से लेकर उसे व्यस्त रखने तक के लिए मोबाइल की घुट्टी पिलाई जाने लगी है और लोरी की जगह मोबाइल ने ले ली है तो फिर हमें बालमन पर इसके पड़ रहे दुष्प्रभाव से दोचार होने के लिए तैयार रहना होगा। देखा जाए तो पूरा सामाजिक ताना-बाना ही बदल गया है। एकल परिवार, आने वाले समय में चाचा-चाची, मौसा-मौसी या इसी तरह के रिश्तों की तलाश आदि सामने आने लगी है। शादी विवाह आदि पारिवारिक फंक्शन तक अब औपचारिक होते जा रहे हैं। बारात के समय पहुंचना, खाना-खाना, लिफाफा थमाना तक रिश्ते सीमित हो गए हैं। ऐसे में समाज के सामने गंभीर समस्याएं आती जा रही हैं। ऐसे में मोबाइल या सोशियल मीडिया प्लेटफार्म आने वाली पीढ़ी को कहां ले जाएंगे यह भयावह तस्वीर कल्पना में नहीं अपितु हमारे सामने आती जा रही है। समय रहते विकास और विनाश के बीच कोई रास्ता तलाशना ही होगा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को वोट बहिष्कार के निर्णय को वापस लेने की अपील

गुमला। जिले के बिशुनपुर प्रखंड के पूर्वी पठार स्थित हाड़ूप रिसा पाठ गांव में सोमवार को अंचल अधिकारी शेखर वर्मा, थाना प्रभारी उदेश्वर पाल एवं इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। उल्लेखनीय है कि आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने बुनियादी सुविधाएं बहाल करने और सड़क निर्माण की मांग को लेकर सामुहिक रूप से वोट बहिष्कार का निर्णय किया है। अधिकारियों ने ग्रामीणों को इस बात की जानकारी दी कि सड़क निर्माण कराये जाने को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मगर आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। वर्मा ने कहा कि निश्चित तौर पर बिशुनपुर प्रखंड के पूर्वी पठार में सड़क का घोर अभाव है और यहां के लोगों को प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने में काफी परेशानियों

का सामना करना पड़ता है। मैं आपका परेशानी को भली-भांति समझ रहा हूं। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि वोट देना आपका अधिकार है। आप अपना मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और निष्पक्ष होकर अच्छे एवं योग्य उम्मीदवार का चयन करें। जिससे कि आपका क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके। मौके पर थाना प्रभारी उदेश्वर पाल ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। कोई भी जनप्रतिनिधि या प्रत्याशी अगर चुनाव प्रचार को लेकर गांव आते हैं तो आप लोग उसका विरोध ना करें । उन्हें गांव घुसने से नहीं रोकें, नहीं तो आप लोगों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कभी किसी गांव के लोगों को केस के उलझन में फंसा कर परेशान नहीं करना चाहती है। अधिकारियों की बात सुनने के बाद ग्रामीण संतुष्ट होते जरूर नजर आए । परंतु लोगों ने कहा कि ग्रामीणों की संख्या कम होने के कारण अभी निर्णय लेने में परेशानी हो रही है। पुनः बुधवार को केचकी गांव में बैठक का आयोजन किया जाएगा, जहां पर सभी गांव के लोग मौजूद रहेंगे और प्रशासन के लोग भी उस बैठक में उपस्थित रहेंगे। वहीं पर वोट बहिष्कार का निर्णय को बदलने का काम किया जाएगा।

बीचा मुखिया महेश बेदिया की हत्या के आरोप में साहिल को उम्रकैद

रामगढ़। पतरातू प्रखंड के बीचा पंचायत के मुखिया महेश बेदिया की हत्याकांड में साहिल उर्फ सिद्दीकी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे की अदालत ने किया सजा सुनाई। अदालत ने धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया गया है। वहीं एक अन्य धारा के तहत आरोपी को सात वर्ष सजा व दस हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया है। दोनों सजा साथ-साथ चलेगी। न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देने से पूर्व जांच अधिकारी सहित सभी गवाहों की गवाही और लोक अभियोजक परमानंद यादव के बयान के आधार पर दोषी पाया था।

पैसे के लेनदेन के कारण हुई थी मुखिया की हत्या

जानकारी के अनुसार पैसे की लेनदेन के कारण पतरातू प्रखंड स्थित बीचा पंचायत के मुखिया

महेश बेदिया की हत्या 9 जनवरी 2022 को हुई थी। मामले का दोषी साहिल ठेकेदारी का काम करता था। पंचायत में हुए शौचालय निर्माण के बकाया पैसे और कमीशन को लेकर उसकी मुखिया महेश बेदिया से अनबन चल रही थी। वह बार-बार हिसाब के लिए मुखिया को मिलने बुला रहा था, लेकिन वे नहीं आ रहे थे। घटना के दो दिन पूर्व इसी बात को लेकर दोनों के बीच झड़प भी हुई थी। 9 जनवरी 2022 को मुखिया अपनी बाइक मरम्मत करवाने भदानीनगर पहुंचे तो साहिल को मौका मिल गया। उसने सुनियोजित तरीके से मुखिया महेश बेदिया की हत्या कर शव को सौंदा डी स्थित सीसीएल की पोखरिया में फेंक दिया था।

लोहरदगा में सड़क दुर्घटना में कार सवार दो की मौत, तीन घायल

लोहरदगा। जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग डिपो के समीप हुई सड़क दुर्घटना में आल्टो कार सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना में घायल सभी पांच युवकों को स्थानीय लोगों ने पुलिस के सहयोग से सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार लोहरदगा-गुमला मुख्य पथ एनएच 143ए के किनारे खड़ी बॉक्साइड ट्रक (जेएच 07ई 6671) से आल्टो कार संख्या (जेएच 01एन 5743) पेड़ को टक्कर मारते हुए जा टकराई, जिससे कार सवार पांच युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर के निर्देश पर एएसआई राजेश राम लोहार, जमशेद खान दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आल्टो कार लोहरदगा की ओर से सेन्हा की ओर जा रही थी। कार सवार सभी युवक नशे में धुत थे और कार की गति काफी तेज थी।

सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां में ड्यूटी से गायब डॉक्टर आशीष कुमार को कारण बताओ नोटिस

नवप्रदेश, सतगावां। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित दंत चिकित्सक डॉ आशीष कुमार यादव को बिना सूचना के अपने ड्यूटी से गायब रहने के मामले में सोमवार को चिकित्सा प्रभारी रामाशीष चौधरी के द्वारा कारण बताओ नोटिस दीया गया। ज्ञात हो की रविवार की शाम में बिना सूचना के कार्यस्थल से अनुपस्थित रहने के कारण चिकित्सा व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ा है, जिसके कारण मरीजों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, जिसको लेकर 24 घंटे के अंदर जवाब देने को कहा गया। और कहा गया क्यों नही एक दिन का मानदेय अगले आदेश तक स्थगित रखा जाय। जिसकी प्रतिलिपि असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा को भी भेज दी गई है। गौरतलब हो की रविवार को पेट्रो जलप्रपात में कुछ युवकों के द्वारा लड़ाई के दौरान चोटें आई थी। और वाहन दुर्घटना के कारण घायल युवक सामुदायिक केंद्र सतगावां में दर्द से बेचैन रहा लेकिन कोई चिकित्सक कार्यस्थल पर मौजूद नही थे।

नीलाम्बर विवि में बीसीए फिजिक्स में 76 छात्रों के फेल होने पर आजसू ने परीक्षा नियंत्रक का किया घेराव

पलामू। नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग एक बार फिर कटघरे में खड़ा हो गया है। वोकेशनल कोर्स सत्र 2022-25 जिसकी प्रथम साल की परीक्षा अक्टूबर महीने में हुई थी, उसका रिजल्ट अभी दो दिन पूर्व आया है। परीक्षा परिणाम में गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के बीसीए के 76 विद्यार्थियों को फिजिक्स के विषय में फेल कर दिया गया है, जिससे छात्र संतुष्ट नहीं थे। इनका कहना है कि विश्वविद्यालय के परीक्षा परिणाम में अनियमितता बरती गयी है, जिसके कारण हमारा रिजल्ट फेल आया है। छात्र नेता हिमांशु रंजन के नेतृत्व में छात्रों ने सोमवार को विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने मांग की कि त्वरित कार्रवाई करते हुए रिजल्ट में सुधार कराया जाए। इसके बाद परीक्षा नियंत्रक वार्ता के लिए आए और छात्रों को

समझाने का प्रयास करने लगे। छात्रों की अधिक संख्या को देखते हुए प्रसाशन को भी बुला लिया, ताकि छात्रों पर दबाव बनाया जा सके लेकिन छात्र तत्काल कार्रवाई पर अड़े रहे। इसके बाद छात्र नेता अभिषेक राज के नेतृत्व में छात्रों ने विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति बाल किशुन मुंडा का घेराव कर परीक्षा विभाग की अनियमितताओं से अवगत कराते हुए परीक्षा विभाग पर कार्रवाई की मांग की। छात्रों ने कुलपति से रिजल्ट में सुधार का आग्रह किया। कुलपति ने कहा कि अब मैं रोज विश्वविद्यालय में उपलब्ध हूं। आपकी समस्या के निदान के लिए जो भी प्रक्रिया होगी, उसपर कल मैं परीक्षा नियंत्रक को निर्देश देकर जल्द से जल्द समाधान कराने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर हिमांशु रंजन, प्रांजल, ओम प्रकाश, प्रियम, राजन, अंशु, प्रकाश, नितिन, प्रभात और राकेश सहित तमाम छात्र उपस्थित थे।

पलामू सीट से दो अभ्यर्थियों ने लिए नाम वापस, नौ चुनाव मैदान में

पलामू। पलामू लोकसभा निर्वाचन के तहत सोमवार को नाम वापसी के अंतिम दिन 11 उम्मीदवारों में से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के अभय कुमार व भागीदारी पार्टी (पी) के सतेंद्र कुमार पासवान ने अपना नाम वापस ले लिया। अब नौ अभ्यर्थी चुनाव मैदान में रह गये जिनके लिये 13 मई को वोट डाले जायेंगे। इस दिन पलामू लोकसभा के लिए 22 लाख 43 हजार 34 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। 2426 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कई मतदान केंद्रो पर वेब कास्टिंग की सुविधा होगी। नाम वापसी, उम्मीदवारों की संख्या एवं चुनाव तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने सोमवार की शाम समाहरणालय में संयुक्त रूप से प्रेस को संबोधित किया। डीआईओ ने बताया कि नाम वापसी के बाद चुनाव मैदान में बचे नौ अभ्यार्थियों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया गया। जिला निर्वाचन प्राधिकारी ने बताया कि 11 विभिन्न तरह के दस्तावेज के आधार पर वोटिंग की जा सकती है। पलामू में 6 बूथ रीलॉकेट किए गए हैं, जबकि गढ़वा में रीलॉकेट मतदान केन्द्रों की संख्या चार है। निष्पक्ष तरीके से मतदान कराने के लिए तीन ऑब्जर्वर आ चुके हैं। पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की शिकायत के लिए सी विजिल एप का इस्तेमाल लोग कर सकते हैं। इसी तरह उम्मीदवार सुविधा पोर्टल का इस्तेमाल करेंगे। इसके अलावा अन्य ऐप को इस्तेमाल में लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डिस्पैच और स्ट्रांग रूम जीएलए कॉलेज में बनाया गया है। यहां की पूरी व्यवस्था सीसीटीवी कैमरे से लैस है। उन्होंने जानकारी दी की 520 वोटर घर पर रहकर मतदान करेंगे। ये वैसे मतदाता हैं जिनकी उम्र 85 वर्ष के आसपास है या 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं। ईवीएम की ट्रैकिंग की जाएगी। राजनीतिक दलों को भी ट्रैकिंग के बारे में जानकारी दे दी जाएगी, ताकि वह अपने क्षेत्र के ईवीएम को ट्रैक कर सकें। पूरी व्यवस्था पारदर्शी है और कहीं से किसी तरह की समस्या नहीं आने दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने जानकारी दी कि हर बूथ पर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी पूरी कर ली गई है। बूथ की स्थिति के अनुसार महिला-पुरुष और अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि सामान्य बूथ पर 300 मीटर के एरिया में गाड़ी की पार्किंग होगी। एसपी ने यह भी बताया कि अभी तक आदर्श आचार संहिता के चार मामले दर्ज किए गए हैं। हुसैनाबाद में दो, लेस्लीगंज में एक और चैनपुर में एक मामले दर्ज हुए हैं। पिछले दिनों जो राशि जप्त हुई थी, उसे आईटी डिपार्टमेंट को सौंप दी गई है।

हजारीबाग में दिव्यांगों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

हजारीबाग। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने स्वीप कार्यक्रम के तहत दिव्यांगजनों को लेकर जागरुकता रैली निकाली। रैली के दौरान सभी मतदाताओं को 20 मई को हजारीबाग में चुनाव के दिन भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। समाज कल्याण पदाधिकारी ने रैली में मौजूद सभी दिव्यांजनों को मतदाता शपथ भी दिलाई। साथ ही आम मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की। इस दौरान स्वीप पंफलेट और हैंडबील आदि वितरित किए गए।

अन्नपूर्णा देवी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने के लिए चलाया गया संघन जनसंपर्क अभियान

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। जिले के डोमचांच प्रखंड के नावाडीह, माथाड़ीह बेहराडीह, पंचायत में जिलाध्यक्ष अनूप जोशी के नेतृत्व में केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने के लिए संघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। वहीं जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने पंचायत के बूथ अध्यक्षों से आग्रह किया है कि आप अपने बूथ पर 2019 की अपेक्षा 10 से 15 परसेंट मतदान प्रतिशत बढ़ाये और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के अभियान को सफल बनाये और

एक कमल फूल की माला में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी जी को रिकार्ड मतों से विजयी बनाऐ। बुथ अध्यक्ष, संयोजक, सहसंयोजक, पंचायत प्रभारी, पन्ना प्रमुखों से आग्रह किया है कि आप अपने बूथ को सशक्त बनाने और घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के उल्लेखनीय कार्य को जनता तक पहुंचाये और अधिक से अधिक मतदान भाजपा के पक्ष में कराकर अन्नपूर्णा देवी को रिकार्ड मतों से विजयी बनावे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, डोमचांच प्रखंड प्रभारी प्रभाकर लाल रावत, डोमचांच प्रमुख सत्यनारायण यादव, जिला मंत्री शशि भूषण प्रसाद, महेंद्र यादव, परमेश्वर यादव,जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष कामिनी देवी, संगीता सिन्हा, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष महेश वर्मा, मुकेश राम, मण्डल महामंत्री कुलदीप राम, परिजात सिंह, सुनील भारती, संजय मेहता, अखिल सिन्हा, सुजीत कुमार, सुदेश मोदी, निमेश कुमार, कृष्णनाथ गोश्वामी, प्रेमांशु कुमार, तुलसी मेहता, सियाराम यादव, अनील मेहता, सीताराम मेहता, मोहन मेहता, मनोहर मेहता, लक्ष्मण यादव, जयनारायण यादव, प्रकाश साव, चौधरी मेहता, जगदीश मेहता, संजीत कुमार, शंकर पासवान, मनोज साव, नीलकंठ मेहता, सकील अहमद, मनोज राम, महेश पासवान, प्रमांशु कुमार, उमेश कुमार, किरण देवी, दुलारी देवी, लीलावती देवी, कोशली देवी, शांति देवी, सुनील मेहता, पंकज कुमार, मनोज कुमार, धीरज कुमार, नवीन कुमार, रीतलाल मेहता, बलराम भारती, छोटीलाल मेहता, कृष्ण कन्हैया निराला, हर्ष मेहता, प्रदीप यादव, महेश मेहता, अमेरिका राणा, आदि दर्जनों कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल थे।

एक नजर

चेकनाका पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया

नवप्रदेश, जयनगर। लोकसभा चुनाव को लेकर कोडरमा व हजारीबाग जिला की सीमा पर परसाबाद जलमीनर के निकट अंतर जिला पर सोमवार को मजिस्ट्रेट रवि कुमार व पुलिस मजिस्ट्रेट एवं परसाबाद पुलिस पिकेट प्रभारी इस्लाम अंसारी के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों का हेलमेट, लाइसेंस इंश्योरेंस, एवं डिक्की गंभीरता पूर्वक जांच पड़ताल किया गया। वही मजिस्ट्रेट रवि कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार सभी वाहनों को जांच पड़ताल किया जाएगा। वही पुलिस मजिस्ट्रेट इस्लाम अंसारी ने सभी वाहन चालकों से कहा है कि वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें। उन्होंने सभी चार पहिया वाहन के चालकों से कहा है कि गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। मौके पर मजिस्ट्रेट रविकुमार। इस्लाम अंसारी सहित कई पुलिस के जवान मौजूद थे।

माले प्रखंड कमेटी की बैठक संपन्न

नवप्रदेश, जयनगर। प्रखंड की बैठक पिपचो पार्टी कार्यालय में प्रखंड सचिव अशोक यादव की अध्यक्षता में संपन्न पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा रिपोर्ट पेश किया गया आगामी कार्यभार की रणनीति तय किया गया इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह के नामांकन 1/5/2024 को सभी पंचायत से अधिक संख्या में गिरिडीह चलने का निर्णय लिया गया राज कमेटी सदस्य मोहम्मद इब्राहिम, एकटू जिला सचिव विजय पासवान ने कहा महागठबंधन के प्रत्याशी को जनबल का समर्थन पूरे लोकसभा क्षेत्र में बढ़ चढ़कर मिल रहा है इस बार महा गठबंधन की जीत सुनिश्चित है इसे और तेज करने की जरूरत है, प्रखंड सचिव अशोक यादव, जिला कमिटी सदस्य मुंना यादव ने कहा इस बार कोडरमा की जनता मन बना चुकी है सुख दुख के साथी को चुनकर लोकसभा भेजेंगे बैठक में पूर्व जिला सचिव मोहन दत्त नंदिता भट्टाचार्य असगर अंसारी किसुन दास, विजय ठाकुर सुरेंद्र सिंह हकीम खान शंभू नाथ वर्मा पूर्वी जोन लोकल कमेटी सचिव चांद अख्तर छात्र नेता सलीम अंसारी उपस्थित थे।

बिना चालान गिट्टी लदे तेज रफ़्तार ट्रक ने दो मोटरसाइकिल को लिया चपेट में कोई हताहत नहीं ट्रक जप्त

नवप्रदेश, कोडरमा। जिले के डोमचांच नगर क्षेत्र में एक ट्रक का तेज रफ्तार देखने को मिला दरअसल अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह डोमचांच सीओ रविंद्र पांडे जिला खनन पदाधिकारी दरोगा राय चुनाव संबंधित कार्य या किसी अन्य कार्य के लिए डोमचांच की ओर से नवलशाही की ओर जा रहे थे की एक बिना चालान गिट्टी लदे ट्रक चालक ने एसडीओ वाहन को देखते ही ट्रक की रफ्तार बढ़ा दी एसडीओ ने ट्रक का पीछा किया। इस दौरान उक्त ट्रक जेएच 12 एफ 5802 ने डोमचांच इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप मोलाइल दुकान का बोर्ड उखाड़ते हुए दो मोटरसाइकिल को अपने लिया चपेट में ले लिया इसमें कोई हताहत तो नहीं हुई लेकिन उक्त बिना चालान गिट्टी लदे ट्रक को एसडीओ रिया सिंह ने जप्त कर डोमचांच पुलिस के हवाले कर दिया और कार्रवाई की बात कहीं। तत्पश्चात घंटो इंतजार के बाद क्रेन के सहारे उक्त ट्रक को थाना ले गई पुलिस। मौके पर एसडीएम रिया सिंह, खनन पदाधिकारी दरोगा राय, सीओ रविंद्र कुमार, थाना प्रभारी प्रेम कुमार, नगर प्रबंधक बिजेंद्र कुमार, एसआई अजीत कुमार, एएसआई के एल तांती के साथ अन्य मौजूद थे।

लोकतंत्र, आरक्षण और संविधान बचाने की जिम्मेदारी जनता के कंधों पर : जेपी पटेल

रामगढ़। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल चुनावी मैदान में हैं। वे एक मई को नामांकन करेंगे। इससे पहले सोमवार को रामगढ़ के एक होटल में प्रेस कॉन्फ्रेन्स के दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, आरक्षण और संविधान बचाने की जिम्मेदारी जनता के कंधों पर है। जेपी ने कहा कि जिस गरीबी हटाओ और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता ने भाजपा को सत्ता सौंप थी, आज वही जानता आर्थिक तंगी से आत्महत्या कर रही है। किसानों को आंदोलन करना पड़ रहा है। देश के संसाधनों को मित्रों में बांटा जा रहा है। जिस भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा बोलती थी वही पार्टी पूरे देश में घोटाले के आरोपी नेताओं को अपने वाशिंग मशीन में साफ कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने यदि हस्तक्षेप नहीं किया होता तो इलेक्टोरल बॉन्ड भी जनता के बीच नहीं आता। हजारीबाग के उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने भी साढे चार करोड़ के इलेक्टरल बॉन्ड खरीदे थे। जनता के बीच पूरी स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। भाजपा चंदा दो और धंधा लो, चंदा दो, टिकट लो की पार्टी बन गई है।

सत्ता का दुरुपयोग कर रही भाजपा : अंबा

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने भी भाजपा पर पावर का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह एक विधायक हैं लेकिन पावर के मिसयूज का शिकार भी हो रही हैं। यही वजह है कि हमेशा विपरीत परिस्थितियों में ही उन्होंने चुनाव की जंग जीती है। पार्टी ने बहुत अच्छा प्रत्याशी जनता को दिया है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग के पिछले सांसद को बहुत शक्तियां मिली थीं लेकिन विस्थापितों की ना तो समस्या दूर हुई और ना ही बिजली, पानी, सड़क, ट्रेन, एयरपोर्ट, स्कूल, हॉस्पिटल जैसे मूलभूत संसाधनों में कोई बदलाव आया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जेएमएम वरीय नेता फागू बेसरा, कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर, राजद के वरीय नेता रमेश यादव, भाकपा माले के नेता देवकीनंदन बेदिया सहित कई लोग शामिल थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की लोकसभा आम निर्वाचन की अधिसूचना जारी

धनबाद संसदीय क्षेत्र में 22 लाख 78 हजार 221 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

27 आर्म्स लाइसेंस रद्द, 59 के विरुद्ध सीसीए की अनुशंसा

धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने आज लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी करते हुए प्रेस वार्ता का आयोजन कर पत्रकारों से कहा कि जिला प्रशासन स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जिले में 63 स्टैटिक सर्विलांस टीम, 21 फ्लाइंग स्क्वायड टीम व 21 विडियो सर्विलांस टीम कार्यरत है। 2 एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर भी धनबाद पधार चुके हैं। उन्होंने बताया कि अधिसूचना जारी होते ही उम्मीदवार नामांकन पत्र खरीद कर जमा कर सकेंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे तक है। नामांकन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। 7 मई को सुबह 11:00 बजे से नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। वहीं 9 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। साथ ही बताया कि धनबाद में 25 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान निर्धारित है। वहीं 4 जून 2024 को मतगणना तथा 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि धनबाद संसदीय क्षेत्र में बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद एवं झरिया को मिलाकर 22 लाख 78 हजार 221 मतदाता है। धनबाद संसदीय क्षेत्र में 1270 भवन में 2539 मतदान केंद्र है। इसमें शहरी क्षेत्र में 1177 और ग्रामीण क्षेत्र में 1362 मतदान केंद्र है। पुरुष मतदाताओं की संख्या 11 लाख 92 हजार 976, महिला 10 लाख 85 हजार 165 व 80 थर्ड जेंडर मतदाता है।

उन्होंने बताया कि एसएसआर 24 में 27 अक्टूबर 2023 से 27 अप्रैल 2024 तक 82628 नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है। वहीं 40949 का नाम डिलीट किया गया है। साथ ही बताया कि धनबाद जिले के सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी एवं बाघमारा विधानसभा में 1313 भवन में 2378 मतदान केंद्र है। इसमें शहरी क्षेत्र में 918 व ग्रामीण क्षेत्र में 1183 मतदान केंद्र है। कुल मतदाताओं की संख्या 2046473 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 10 लाख 72 हजार 318, महिला 9 लाख 74 हजार 106 व 49 थर्ड जेंडर वोटर्स है। धनबाद जिले में 172 पर्दानशीन व महिला मतदान कर्मियों द्वारा संचालित 19 बूथ है। जबकि पीडब्ल्यूडी मतदान कर्मियों द्वारा संचालित सिंदरी विधानसभा में एक और युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित धनबाद विधानसभा में एक बूथ है। वहीं टुंडी एवं बाघमारा में एक-एक यूनिक बूथ बनाए गए हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने बताया कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए 12 इंटर स्टेट चेक पोस्ट तथा जामताड़ा, गिरिडीह व बोकारो जिले की सीमा पर पांच चेक पोस्ट बनाए गए हैं। अब तक 75 लाख 48 हजार 850 रुपए की अवैध शराब, गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ की रिकवरी की गई है। जबकि एक करोड़ 18 लाख से अधिक रुपए का अवैध सामान पकड़ा गया है। एसएसपी ने बताया कि 1241 लाइसेंसी आर्म्स धारकों में 906 ने अपने हथियार जमा कराए हैं। 251 हथियार को जमा कराने से विमुक्ति प्रदान की है। वहीं 27 के आर्म्स लाइसेंस रद्द किए हैं। उन्होंने बताया कि जिनका 10 साल में आपराधिक इतिहास रहा है वैसे 4886 लोगों को चिह्नित कर 3192 का सत्यापन किया गया है। 1445 पर प्रीवेंटिव एक्शन लिया है। 336 लोगों का नाम गुंडा पंजी में दर्ज किया है। 59 लोगों के विरुद्ध सीसीए की अनुशंसा की है। 264 लोगों पर सर्विलांस प्रोसिडिंग की है। वैसे 3243 लोग जो चुनाव प्रभावित कर सकते हैं पर 107 की कार्रवाई तथा 805 के विरुद्ध 108, 109, 110 के तहत कार्रवाई की है। पत्रकार वार्ता में उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, डीडीसी सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह मौजूद थे।

घर से 150 मीटर दूर मिली युवक की लाश, हत्या की आशंका

पलामू। जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदगंज-कोसियारा रेलवे स्टेशन के बीच माली रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक से 20 फीट की दूरी पर सोमवार को एक युवक का शव मिला। इसकी सूचना ग्रामीणों ने मोहम्मदगंज पुलिस को दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी के निर्देश पर एएसआई विपिन ठाकुर घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। युवक की पहचान माली गांव निवासी नितेश कुमार (26) के रूप में हुई है। मृत युवक का घर घटना स्थल से महज 150 मीटर की दूरी पर है।

घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। वही स्वजनों ने हत्या की आशंका जताई है। हालांकि घटना किस कारण हुई है, इस पर कोई खुल कर कुछ नहीं बोल रहा है। मृतक के पिता राजेश्वर पासवान ने बताया कि नितेश कुमार रविवार की रात्रि में 10 बजे खाना खाकर बाहर निकाला था, जिसके कुछ देर बाद उसका फोन ऑफ बताने लगा। रात्रि में एक बजे वह आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। अगले दिन रेलवे ट्रैक के पास शव होने की सूचना मिली, जिसे देखकर उनके होश उड़ गए।

शहर में कई जगह प्रतिदिन सैकड़ो लीटर पानी की हो रही बबार्दी

जल जमाव से लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

गुमला। प्रचंड गर्मी के साथ शहर में पानी के लिए मारामारी चल रही है। वहीं लोगों को सुबह-शाम पानी के लिए भाग दौड़ करते देखा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर शहर में कई जगह पानी बर्बाद हो रहा है। सड़कों पर जल का जमाव देखा जा रहा है। जिससे लोगों को आवागमन में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह नजारा काफी लंबे समय से देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया जगह-जगह जमीन के अंदर पाइप लिक है जिससे प्रतिदिन सैंकड़ों लीटर पानी सड़क पर बर्बाद हो रहा है। विभाग को इसकी मौखिक सूचना भी दी गई है लेकिन विभाग की ओर से अब तक इस दिशा में किसी प्रकार की पहल नहीं की गई है। शहर के मेन रोड, मधुबाला गली, महावीर चौक पर प्रतिदिन सुबह और शाम पानी सप्लाई के समय सड़कों पर पानी बहते देखा जा सकता है। बता दे की कुछ दिन पूर्व ही महावीर चौक के समीप शहर वासियों के आंदोलन के बाद लीकेज पाइप को ठीक किया गया है। लोगों को नाली का गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा था। काफी लंबे समय के बाद इस व्यवस्था को ठीक किया गया था। लोगों ने बताया सड़क पर जल जमा होने से पैदल चल रहे लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। वही मधुबाला गली में गंदगी और जल जमाव होने से सड़क में चलना मुश्किल हो जाता है। लोगों ने बताया काफी लंबे समय से यह समस्या लोगों के बीच बनी हुई है लेकिन विभाग का इस ओर ध्यान ही नहीं है। वही थाना रोड पंजाबी गली रजा कॉलोनी इस्लामपुर आजाद बस्ती खारडिया पड़ा हुसैन नगर आदि बस्तियों में नहीं के बराबर पानी के सप्लाई होता है दूसरी ओर संपन्न लोग मोटर से भी सप्लाई पानी का दुरुपयोग कर रहे हैं नगर परिषद को इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है जानकारी देने के बावजूद विभाग के अधिकारी इस दिशा में कोई पहल नहीं करते हैं।

अपराध की योजना बनाते दो अपराधी गिरफ्तार, दो देशी कट्टा बरामद

पलामू। जिले की छतरपुर थाना पुलिस ने अपराध की योजना बनाते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो देशी कट्टा, मोबाइल और मोटरसाइकिल बरामद की गयी है। सभी की गिरफ्तारी सुलतानी घाटी से धोबीडीह जाने वाले रास्ते से हुई है। उनकी पहचान सुभाष कुमार यादव (22) और छोटू कुमार यादव (19) शामिल हैं। दोनों पिपरा थाना क्षेत्र के गहोरा के रहने वाले हैं। एसपी रीष्मा रमेशन ने सोमवार को जानकारी दी कि रविवार को गुप्त सूचना मिली थी कि छतरपुर के सुलतानी घाटी से धोबीडीह जाने वाले रास्ते के पास दो लोग अवैध हथियार के साथ जमा हुए हैं और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छतरपुर के नेतृत्व में टीम बनायी गयी और कार्रवाई की गयी। पुलिस को देखकर दोनों युवक बाइक छोड़कर भागने लगे, लेकिन पुलिसबल की सहायता से खदेड़कर दोनों को पकड़ा गया और बारी बारी से तलाशी लेने पर उनकी कमर से एक एक देशी कट्टा एवं मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ के बाद उनकी पहचान हुई। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया और सोमवार को दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

पति के हत्या आरोपी पत्नी रूनती देवी को भेजा गया जेल

चतरा। प्रतापपुर थाना क्षेत्र के लिप्ता गांव में हुई संदेहास्पद स्थिति में मौत मामले में पुलिस ने उद्भेदन करते हुए पत्नी रूनती देवी को पूछताछ के बाद रविवार को न्यायिक हिरासत में चतरा जेल भेज दिया गया है। आपको बता दें कि गुरुवार रात को लिप्ता गांव में 35 वर्षिय राजेश यादव उर्फ बोधन यादव की निर्ममता पूर्वक हत्या करने के बाद उसको खटिया पर सुला कर आग लगा दिया गया था। घटना के दूसरे दिन प्रतापपुर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और अध जला शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया गया और राजेश यादव उर्फ बोधन यादव की पत्नी रूनती देवी को हिरासत में लिया गया दो दिनों की पूछताछ में पत्नी ने घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली है। इस हत्याकांड के सम्बन्ध में प्रतापपुर थाना में कांड संख्या 51/24 के तहत मामला दर्ज करते हुए प्रतापपुर थाना के द्वारा मेडिकल चेकअप के बाद आवश्यक कार्रवाई करते हुए आरोपी पत्नी रूनती देवी को चतरा जेल भेज दिया गया है।

चतरा लोकसभा निर्वाचन के नामांकन के दूसरे दिन दो उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र किया दाखिल

चतरा। जिले में चुनावी तापमान का पारा धीरे धीरे आगे बढ़ने लगा है। आपको ज्ञात हो कि 26 अप्रैल से ही नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला जारी हो चुका है। इसी क्रम में आज सोमवार को यानी लोकसभा निर्वाचन के नामांकन के दूसरे दिन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार अर्जुन कुमार ने एक सेट में नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। वहीं झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जन नेता व युवाओं के प्रेरणा दीपक कुमार गुप्ता ने दो सेट में नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। इस तरह नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन तक कुल 4 उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। जबकि आज तक कुल 23 फॉर्म क्रय किए गए हैं। बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन भारतीय जनता पार्टी से कालीचरण सिंह व निर्दलीय से अभिषेक कुमार सिंह द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया था। पर्चा दाखिल के मौके पर अर्जुन कुमार के साथ हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता सहित कई अन्य व दीपक कुमार गुप्ता के साथ जेएलकेएम पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो, केंद्रीय प्रधान महासचिव फैजान खान आदि मौजूद थें।

लातेहार में पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, दो की मौत

लातेहार। जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मेराल गांव के पास सोमवार को अनियंत्रित कार पेड़ से जा टकराई। इस घटना में कार पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान हजारीबाग बरकट्टा निवासी लवनाथ सिंह (56) और चतरा निवासी रितिक कुमार(22) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार लवनाथ सिंह मध्य प्रदेश के सिंगरौली में कोलियरी में कार्यरत थे। रितिक कुमार के साथ वे सिंगरौली से कार से हजारीबाग आ रहे थे। इसी बीच हेरहंज थाना क्षेत्र के मेराल गांव के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। घटना के समय गाड़ी की रफ्तार काफी अधिक थी। दुर्घटना में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। दुर्घटना के बाद तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग वहां पहुंचे और तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी विक्रम कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों को बालूमाथ अस्पताल पहुंचवाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। बाद में दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया। हालांकि, दुर्घटना की असली वजह का पता नहीं चल सका है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

भाजपा प्रत्याशी मनीष व पूर्व विधायक का तूफानी जनसम्पर्क अभियान, भाजपा के पक्ष में माँगा जनसमर्थन

चौपारण। लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के साथ दर्जनों गाँवों में जनसम्पर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन माँगा। अभियान की शुरूवात सिंघरावां मोड़ से हुवा जहां भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश साव व स्थानिय मुखिया बिरेन्द्र रजक के अगुवाई में स्वागत किया गया। बच्छई पंचायत के मलिकाना, गोविंदपुर पंचायत के लराही, गोरखा, भटबिगहा में सैकड़ो बाइक के साथ प्रत्याशी का स्वागत किया गया। इस दौरान डेबो पंचायत के चक, नवादा, डेबो, करमा में भव्य स्वागत हुवा। बढ़ती गर्मी के बावजूद वृन्दा व रामपुर में भाजपा कार्यकताओं ने मनीष जायसवाल व मनोज यादव का स्वागत किया व भाजपा के पक्ष में समर्थन का भरोसा दिया। प्रत्याशी ने भगवानपुर, पोडो, इगुनिया, पडरिया, ब्रहमोरिया, सेलहारा, पाण्डेयबारा, केंदुवा में चला सघन जनसम्पर्क अभियान। वही बसरिया में रोड शो हुवा जहां सैकड़ो ग्रामीणों ने अबकी बार मोदी सरकार के नारों को समर्थन दिया। अभियान में मंडल अध्यक्ष सुरेश साव, जिला परिषद सदस्य आरती कौशल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप मंत्री गुरुदेव गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजाधर प्रसाद, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, अशोक यादव, भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, राजेन्द्र चनद्रवंशी, अर्जुन साव, महामंत्री अरविंद सिंह, अरविंद साव, बालेश्वर साव, मोहन साव, विजय यादव, नरेश पासवान, पिन्टू सोनी, मुखिया मंटू सिंह, पप्पू रजक, सन्तोष सिंह, पप्पू रजक, भाजपा नेता देवल यादव, संजय यादव, त्रिलोकी यादब, सुरेन्द्र रजक, राजू यादव, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, सुनील सिंह, शिवकुमार प्रजापति, उमेश पासवान, बिनय रजक, बासुदेव यादव सहित अन्य।

देश सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित है, मजबूत हाथो में है देश का कमान : मनीष जायसवाल

जनसम्पर्क अभियान को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा मोदी की गारंटी को दोहराते हुए कहा कि देश आज सुरक्षित हाथो में है। मोदी जी के जनहित व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। आज दुनिया भारत को सम्मान की नजरों से देखता है। तीसरी बार मोदी जी पीएम बनेंगे तो कई योजनाएं है जो भारत का तस्विर बदल देगा।

आपका उत्साह व जनसमर्थन भाजपा प्रत्याशी के जीत की गारंटी है : मनोज यादव

पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार के प्रति लोगों में उत्साह का माहौल है। प्रचंड गर्मी में आपका घरों से बाहर निकलना मनीष जी के जीत की गारंटी बन रहा है। एक सवाल के जवाब में श्री यादव में कहा कि देश में आरक्षण को लेकर विपक्ष भ्रम फैला रही है। मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि किसी में दम नही है जो आरक्षण को समाप्त कर दे।

एक नजर

स्वीप गतिविधि के तहत विद्यार्थियों के द्वारा अपने अभिभावकों के लिए लिखा गया पोस्ट कार्ड

गुमला। जिले में 13 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से आम नागरिकों के बीच विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। चुनाव निमित स्वीप गतिविधि में जिले के विभिन्न विद्यालयों के बच्चें भी अपनी भूमिका निभाते चुनाव जागरूकता में अपना सहयोग प्रदान करते नजर आ रहे हैं। जहां विभिन्न गांव पंचायतों एवं प्रखंड स्तरों में विभिन्न विद्यालय के बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली वहीं कई विद्यालयों में विद्यार्थियों के बीच रंगोली, पेंटिंग, मेहंदी आदि जैसे कई गतिविधियों में विद्यार्थी शामिल हो रहें हैं एवं कलात्मक ढंग से मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य कर रहें हैं। इसी क्रम में आज स्वीप के कार्यकताओं के नेतृत्व में भरनो एवं सिसई के कस्तूरबागांधी बालिका उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा अपने अभिभावकों के लिए पोस्ट कार्ड लिखते हुए मतदान करने का आग्रह किया गया। आज लगभग 300 से अधिक विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के लिए पोस्ट कार्ड लिखा एवं उन्हें 13 मई को मतदान करने के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने जिले के मतदाताओं से अपील की की हमारे भविष्य के लिए मतदान अवश्य करेंऱ। पोस्ट कार्ड लिखे विद्यार्थियों के हाथों में बैंड भी लगाया गया, जिसके पश्चात विद्यार्थी हस्ताक्षर अभियान में भी शामिल हुए। जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी ने कहा कि जिले के मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग के द्वारा विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों के लिए पोस्ट कार्ड बनाने का मुख्य उद्देश्य है कि बच्चों के द्वारा लिखी गई चिट्ठी उनके अभिभावकों को वोट देने के लिए प्रेरित करेगी। इस प्रकार की गतिवधि जिले के अन्य उच्च विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच भी आयोजित की जाएगी ताकि अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक किया जा सके। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य रूप से स्वीप कोषांग के फिरदोष, राजेश कुमार पोद्दार, सुनील कुमार, शैलेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित कर्मियों की भूमिका रही।

अनुमंडल पदाधिकारी ने लिया विधि व्यवस्था का जायजा

धनबाद। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संदर्भ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर नामांकन प्रक्रिया के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने आज सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में की जाएगी। नामांकन के दौरान निरंकारी चौक से मेमको मोड़ तक (नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई 2024 तक) सुबह 10 बजे से संध्या 4 बजे तक नो एंट्री लागू है। साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू है। इस दृष्टिकोण से कलेक्ट्रेट, निरंकारी चौक तथा मेमको मोड़ का निरीक्षण कर वहां प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महिला मतदान पदाधिकारियों को मॉक पोल का दिया प्रशिक्षण

धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर आज श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय एवं पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में महिला मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, संजय कुमार ने मॉक पोल, 17 ए रजिस्टर का संधारण, एएसडी वोटर, बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में अमिट स्याही लगाने आदि के संबंध में बताया।प्रशिक्षण के दौरान सेन्टर प्रभारी सह जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी व जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार ने निरीक्षण किया। मौके पर मास्टर ट्रेनर कुमार वंदन, प्रवीण लाला, केके तिवारी, सुभाष, रामलखन कुमार, नीरज मिश्रा सहित अन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव के लिए 18 लोगों ने खरीदे नामांकन पत्र

धनबाद। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद आज 18 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि सामान्य वर्ग के लिए प्रति नामांकन पत्र का मूल्य 25 हजार रुपए तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 12500 रुपए निर्धारित है। आज सामान्य वर्ग में 14, अनुसूचित जाति में 3 तथा अनुसूचित जनजाति में 1 व्यक्ति ने नामांकन पत्र खरीदा। नामांकन पत्रों की बिक्री कार्यालय अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट में की जा रही है। बिक्री काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक रमेश कुमार तिवारी, शंभु महतो, नंदलाल चौहान मौजूद थे।

प्लांट में नौकरी देने के नाम पर अवैध वसूली पर एचआर विभाग पर जांच हो: रामदेव पासवान रैयत

टंडवा। एनटीपीसी प्रबंधन के नाक के नीचे प्लांट के अधीनस्थ कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर कंपनियों और एचआर विभाग के संबंधित अधिकारियों मिलीभगत से अवैध वसूली पर प्लांट के रैयत सह समाज सेवी रामदेव पासवान ने वार्ता वार्ता कर करके मामले का खुलासा किया है। प्रेस वार्ता ने श्री पासवान ने कहा एनटीपीसी के एचआर विभाग के सनी सेट के इशारे पर प्लांट के अधीनस्थ कंपनियों में नौकरी लगने के नाम पर 30 से 50 हजार देकर बेरोजगार युवक जाते हैं। जिसका प्रमाण उपलब्ध है। समय आने पर प्रमाण के साथ सभी के समक्ष खड़ा किया जाएगा। श्री पासवान ने कहा हम लोगों को यह उम्मीद कभी नहीं थी की एनटीपीसी प्लांट लगने पर बिजली पानी और सुविधा मिलेगी पर विपरीत हो रहा है। श्री पासवान ने आगे कहा सनी सेठ से लोग और पत्रकार मिले और इस मुद्दे पर कुछ भी बयान देने से मुकर गए। उन्होंने कहा सनी सेट और एचआर द्वारा किए गए बहाली पर जांच हो तो दर्जनो लोग पैसा देकर नौकरी और रोजगार देने का मामला उजागर होगा। प्रेस वार्ता में श्री पासवान ने एचआर विभाग के सनी सेट को चेताते हुए कहा रोजगार के नाम पर मोटी रकम लेने पर लगाम नहीं लगा तो मजबूरन ठोस निर्णय लिया जाएगा। कहा प्लांट के कुछ चहेते ओर दलाल किस्म के सफेदपोश द्वारा सनी सेठ के नाम पर पैसा लिया जाता है, जो एक जांच का विषय है। बताया गया सनी सेट संवेदनशील पदों पर कई वर्षों से जमे है। लंबे दिनों से संवेदनशील पद पर रहने से चचाओं का बाजार भी गर्म है।

अब पांच चरणों की बची 64 सीटों पर लगाएंगे जोर

राहुल-प्रियंका का प्लान

राहुल गांधी के अमेठी से चुनावी मैदान में उतरने की हो रही है चर्चा

रायबरेली लोकसभा सीट से ताल ठोंक सकती हैं प्रियंका गांधी वाड्रा

यूपी में पहले दो चरण के दौरान नहीं दिख पा रहा था कांग्रेस नेतृत्व

तीसरे चरण की वोटिंग से पहले हो सकती है अखिलेश-राहुल की रैली

उत्तर प्रदेश के चुनावी मैदान में अब तक राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की एंट्री नहीं हो पाई है। कांग्रेस पहले दो चरण में उत्तर प्रदेश में अपनी या गठबंधन की स्थिति को बेहतर बनाने की कोशिश करती नहीं दिखी। दरअसल, दूसरे चरण के चुनाव के दौरान 8 सीटों पर वोटिंग हुई। इसमें से चार सीटों पर गठबंधन के तहत कांग्रेस के उम्मीदवार थे। अमरोहा में गांधी परिवार के करीबी माने जा रहे बसपा के निवर्तमान सांसद कुंवर दानिश अली को चुनावी मैदान में उतारा गया, लेकिन उनके चुनाव प्रचार में भी गांधी परिवार से कोई सदस्य नहीं आया। पहले चरण की वोटिंग से पहले प्रियंका गांधी वाड्रा ने सहारनपुर में रोड शो किया। इसके अलावा उनकी सक्रियता नहीं दिख पाई। दो चरण की 16 सीटों पर हुए मतदान के दौरान राहुल गांधी बिल्कुल नहीं दिखे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भी उपस्थिति कम ही दिखी।

यूपी की 80 लोकसभा सीटों को अहम माना जाता है। कहते हैं कि दिल्ली का रास्ता लखनऊ से होकर ही जाता है। यही वजह रही कि पहले चुनाव चरण के चुनाव के ठीक पहले से उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों को साधने में पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरा भाजपाई कुनबा जुट गया। दूसरी तरफ कांग्रेस ने प्रदेश में चुनाव प्रचार का जिम्मा समाजवादी पार्टी पर छोड़ दिया। अखिलेश यादव चुनावी मैदान में सक्रिय दिख रहे हैं। लोकसभा चुनाव के दो चरणों के पूरा होने के बाद अब राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के चुनावी मैदान में उतरने की चचाएं जोर पकड़ रही है। माना जा रहा है कि यूपी की बची 64 लोकसभा सीटों को साधने के लिए राहुल-प्रियंका जोर लगाते दिख सकते हैं।

राहुल-प्रियंका के चुनावी मैदान में उतरने की चर्चा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के अमेठी से चुनावी मैदान में उतरने की चर्चा है। वहीं, रायबरेली से पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनावी मैदान में ताल ठोक सकती हैं। दरअसल, अब तक इन दोनों सीटों पर कांग्रेस ने कैंडिडेट का ऐलान नहीं किया है। माना जा रहा है कि शनिवार को होने वाली कांग्रेस की बैठक में अमेठी और रायबरेली के कैंडिडेट पर फैसला हो सकता है। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से 17 सीटें समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन के तहत कांग्रेस के पाले में आई है। राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से चुनावी मैदान में उतरे हैं। वायनाड सीट पर माकपा ने भी उम्मीदवार उतार कर मुकाबले को जोरदार बना दिया। राहुल गांधी को कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस इस स्थिति में राहुल गांधी की जीत सुनिश्चित करने के लिए उन्हें अमेठी से भी चुनावी मैदान में उतर सकती है। वहीं, पार्टी उत्तर प्रदेश में मोमेंटम बनाए रखने के लिए प्रियंका गांधी को भी चुनावी मैदान में पहली बार उतारने की तैयारी करती दिख रही है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव भी कन्नौज से ताल ठोक चुके हैं। ऐसे में राहुल-प्रियंका और अखिलेश की जोड़ी यूपी में विपक्ष का प्रभावी चेहरा बनने की कोशिश करते दिख रहे हैं।

तीसरे चरण से मौजूदगी बढ़ने के आसार

लोकसभा चुनादूसरे चैनल का चुनाव प्रचार करने के बाद अब उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की मौजूदगी बढ़ाने के आसार हैं। राहुल और प्रियंका के संभावित दौरों को लेकर अमेठी और रायबरेली जिला इकाइयों की तरफ से तैयारी भी शुरू कर दी गई हैं। सूत्रों का दावा है कि दिल्ली स्थित राहुल-प्रियंका के ऑफिस से चुनावी संबंधी तैयारियों का लगातार जायजा लिया जा रहा है। इससे इन कयासों को बल मिला है कि राहुल और प्रियंका अमेठी और रायबरेली सीटों से भी दावेदारी कर सकते हैं। कांग्रेस की अमेठी जिला इकाई के पदाधिकारी के मुताबिक, पिछले 15 दिनों से दिल्ली स्थित राहुल और प्रियंका के कार्यालय के अलावा ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी भी बूथ स्तर तक के संगठनों की रिपोर्ट मांग रहा है। इसके अलावा चुनावी तैयारी के संबंध में भी निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

राहुल-प्रियंका के दौरों को लेकर अभी तारीख तय नहीं हो पाई है। हालांकि, दावा किया जा रहा है कि तीसरे चरण से राहुल-प्रियंका यूपी के चुनावी मैदान में दिख सकते हैं। तीसरे चरण में अखिलेश यादव के साथ राहुल गांधी की एक संयुक्त रैली हो सकती है। इसके लिए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेता तैयारियों में जुटे हैं।

लालू के पॉलिटिकल प्रयोग वाली जमीन पर यादव बनाम गैर की लड़ाई

मधेपुरा सीट पर सीधी टक्कर

कभी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, तो कभी समाजवादी नेता शरद यादव और कभी बाहुबली पप्पू यादव के बीच चुनावी जंग का गवाह बनता मधेपुरा इस बार अपने चिर परिचित नेता के चुनावी जंग से वंचित रह गया। इस बार मधेपुरा लोकसभा का जंग सीधी टक्कर के रूप में आगे बढ़ रहा है। और यह मुकाबला जदयू के सीटिंग सांसद दिनेश चंद्र यादव और राजद के कुमार चंद्र दीप के बीच है। अगर पप्पू यादव की माने तो वर्ष 2024 के चुनावी जंग में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की इच्छा थी कि पप्पू यादव अपनी पार्टी को राजद में विलय कर मधेपुरा से चुनाव लड़ें। लेकिन पप्पू यादव की जिद्द में पूर्णिया लोकसभा शामिल था इसलिए उनकी ना के बाद लालू यादव ने प्रो चंद्र दीप को मधेपुरा से उम्मीदवार बनाया। वैसे बहुजन समाज पार्टी के मो. अरशद हुसैन भी इस चुनाव में मधेपुरा सीट से किस्मत आजमा रहे हैं। इस सीट के लिए 7 मई 2024 को मतदान होना है।

कौन हैं दिनेश चंद्र यादव!

राज्य सरकार में मंत्री रहे दिनेश चंद्र यादव ने मधेपुरा लोकसभा से वर्ष 2019 में पहली बार खम ठोका। यादव के एनडीए के उम्मीदवार रहने के कारण जदयू और भाजपा का भी साथ मिला। नतीजतन 2019 के लोकसभा चुनाव में जेडीयू के दिनेश चंद्र यादव ने मधेपुरा लोकसभा सीट पर जीत दर्ज की। उन्हें कुल 6,24,334 वोट मिले। इस चुनाव में दिनेश चंद्र यादव के निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजद के शरद यादव रहे। उन्हें कुल 3,22,807 वोट मिले थे। और दिनेश चंद्र ने 3,01,527 वोटों के अंतर से ये चुनाव जीत लिया था। तब 2019 के चुनाव में कुल 18,84,883 वोट पड़े थे, इसमें महिला मतदाता की संख्या 9,07,830 थी, जबकि पुरुष मतदाता 9,7,7022 रहे।

कौन हैं डॉ. कुमार चंद्रदीप!

राजद के उम्मीदवार कुमार चंद्रदीप का संबंध समृद्ध राजनीतिक घराना से है। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति व राज्य सभा सदस्य डॉक रमेंद्र कुमार यादव रवि के पुत्र और संविधान सभा के सदस्य कमलेश्वरी प्रसाद यादव के पौत्र हैं। ये प्राध्यापक है और राजद के विद्वान नेताओं में से एक हैं।

गैर यादव में तब्दील है जंग

चुनावी सरगर्मी के साथ मधेपुरा लोकसभा का चुनाव यादव बनाम गैर यादव के चुनावी जंग में तब्दील होते जा रहा है। यह राजद की मूल ताकत एमवाई है। यादव की संख्या लगभग 3.5 लाख तो मुस्लिम की 1.5 लाख मतदाता हैं। दूसरी ओर एनडीए की तरफ सवर्ण के करीब, तीन लाख मत और अति पिछड़ा और यादव माइनस पिछड़ा का साइलेंट वोट एनडीए की ताकत है।

जानकारों की राय

मधेपुरा के वरिष्ट पत्रकार मानस चंद्र का मानना है कि राजद के लिए प्लस प्वाइंट यह है कि इस बार पप्पू यादव यहां उम्मीदवार नहीं है। इसलिए राजद का वोट इस बार नहीं कटेगा। दूसरा प्लस प्वाइंट यह है कि इस बार वीआईपी राजद के साथ है तो इनका वोट भी प्लस होगा। लेकिन अति पिछड़ा और पिछड़ा तथा सवर्ण का वोट एनडीए के खाते में जाता है। गत लोकसभा चुनाव में दिनेश चंद्र यादव की जीत 3 लाख से भी ज्यादा मतों से हुई थी। इस आधार पर पप्पू यादव और वीआईपी के आने से राजद को को जो वोट का इजाफा होगा वह गत वर्ष 2019 के चुनाव में जीत के अंतर से कम होगा। दूसरी ओर कुमार चंद्र दीप स्थानीय हैं पर जमीन से जुड़े नेता नहीं है। पटना में प्रोफेसर हैं। और पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। इसका लाभ भी राजद को मिल सकता है।

विधानसभा की स्थिति

वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की 6 सीटें आती हैं । इनमें आलमनगर, बिहारीगंज, मधेपुरा, सोनबरसा, सहरसा और महिषी है। इनमे सोनबरसा, आलमनगर, महिषी और बिहारीगंज विधानसभा क्षेत्र पर जदयू के विधायक हैं। सहरसा विधानसभा में भाजपा के विधायक है। राजद के पास केवल मधेपुरा विधान सभा है। इस आधार पर भी जदयू का पलड़ा भारी है। वैसे अभी चुनाव में कई दिन है। कुछ नए समीकरण बन सकते हैं तो पुराने टूट भी सकते है। अभी तो यह कहा जा सकता है कि महागठबंधन और एनडीए के बीच कांटे का संघर्ष है।

कांग्रेस को झटका : नाम वापसी के दिन ले लिया नाम वापस

लोकसभा चुनाव में दो फेज की वोटिंग के बाद कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। इंदौर लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। अक्षय कांति बम को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का करीबी माना जाता था, लेकिन नाम वापसी के दिन वह बीजेपी विधायक रमेश मेंदोला के साथ जिला निर्वाचन आयोग पहुंचे और अपना नामांकन वापस ले लिया। आइए जानते हैं कांग्रेस को सियासी झटका देने वाले अक्षय कांति बम कौन हैं। अक्षय कांति बम पेशे से कारोबारी हैं और उनका परिवार इंदौर में कई महाविद्यालयों का संचालन करता है। बम शिक्षा के क्षेत्र में अपना कारोबार करते हैं। अक्षय कांति बम जैन समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। नामांकन के दौरान अक्षय कांति बम ने अपनी संपत्ति का खुलासा किया था। उनके पास 57 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति है। नामांकन के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा उनकी घड़ी की थी। वह करीब 14 लाख रुपए की रोलेक्स घड़ी पहनते हैं। इंदौर में जैन सुमदाय के करीब 2 लाख वोटर्स हैं। इन वोटर्स को साधने के लिए कांग्रेस ने अक्षय कांति बम को टिकट दिया था। अक्षय कांति बम ने 2023 के विधानसभा चुनावों में इंदौर-4 सीट से टिकट की डिमांड की थी लेकिन उस समय उन्हें टिकट नहीं मिला था। जीतू पटवारी के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद उनको टिकट मिला था। इंदौर सीट पर बीजेपी और कांग्रेस में हमेशा टक्कर रही है। यह सीट बीजेपी की सुरक्षित सीटों में से एक है। 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले यहां सुमित्रा महाजन का दबदबा था। सुमित्रा महाजन लगातार 8 बार इंदौर लोकसभा सीट से सांसद रही हैं। उसके बाद 2019 में यहां से शंकर लालवानी को टिकट मिला था। शंकर लालवानी ने रिकॉर्ड जीत दर्ज की थी।

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

आज का राशिफल : मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024

मेष : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-5-7-9

वृष : लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-6-8-9

मिथुन : दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-7-8-9

कर्क : विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होंगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। शुभांक-4-6-9

सिंह : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-4-6-8

कन्या : आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-3-6-9

तुला : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-8

वृश्चिक : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-3-5-7

धनु : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-6-7

मकर : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंग। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य पूर्ण होंग। शुभांक-3-5-7

कुंभ : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

मीन : अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान रहेगा। शुभांक-3-5-7





नीतीश से नौकरी पर तेजस्वी ने मांगा हिसाब

'चार लाख नौकरी पर साइन कर-के आये, क्यों नहीं कर रहे बहाली'

पटनाः लोकसभा चुनाव के दौरान तेजस्वी यादव सार्वजनिक मंच से लगातार ये कहते हैं कि उन्होंने आने के बाद पांच लाख नौकरी दी। तेजस्वी यादव ये भी कहते हैं कि वे जब हटने लगे, तो 4 लाख रिक्तियों की बहाली पर साइन किया। उसकी बहाली ये लोग क्यों नहीं कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने आज एक्स पर लिखकर नीतीश कुमार से पूछा है कि नौकरी कब दे रहे हैं। तेजस्वी ने कहा है कि मात्र 17 महीनों में हमने 5 लाख नौकरियां दी। सभी विभागों की रिक्तियों को भरने के आदेशानुसार 3 लाख से अधिक नौकरियां प्रक्रियाधीन करवाई।

पेपर लीक कैसे हुआ?

तेजस्वी ने एक आरोप लगाता हुए कहा कि हमारे हटते ही हमारे कार्यकाल में ही तीसरे चरण के लिए विज्ञापित 1 लाख से अधिक शिक्षकों की भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया। अगर हमारे द्वारा प्रक्रियाधीन 3 लाख से अधिक नौकरियों पर नियुक्ति की प्रक्रिया यथाशीघ्र आगामी महीनों में शुरू नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन होगा। 17 साल से एनडीए के लोग लाखों रिक्तियों पर कुंडली मारे बैठे थे। हमने 2020 विधानसभा चुनाव में 10 लाख नौकरियां देने का प्रण किया तो ये उसे असंभव बताते थे, उसका मजाक बनाते थे। हमसे पूछते थे पैसा कहां से आएगा?

नौकरी क्यों नहीं दे रहे : तेजस्वी

तेजस्वी यादव ने ये भी कहा है कि 2020 से लेकर 2022 तक भी बीजेपी और जेडीयू सरकार ने नौकरियों को लेकर कुछ नहीं किया लेकिन हमारे सरकार में आते ही हमने 17 महीनों में 5 लाख नौकरियां देकर तथा 3 लाख प्रक्रियाधीन कर उसी असंभव कार्य को सहजता से संभव कर दिखाया। तेजस्वी यादव के इस सवाल के बाद जेडीयू की ओर से जवाब आना तय बताया जा रहा है। तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार से नौकरी को लेकर सवाल किया है। तेजस्वी यादव यहीं नहीं रूके उन्होंने कहा कि बिहार में दो-दो डिप्टी सीएम हैं, उसके बाद भी सिर्फ बकवास होता है।

तेजस्वी के सवाल

तेजस्वी ने कहा कि एक नहीं दो-दो डिप्टी सीएम बना है। काम के नाम पर खाली बकवास करता है। दिन में निकलना बंद हो जाएगा। मंगलसूत्र ले लेगा। और कोई काम सुने हैं इन लोगों का। नौकरी, पलायन, गरीबी और महंगाई के बारे में कभी ई लोग बातचीत करता है। कर ही नहीं सकता। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के बारे में ये लोग बात नहीं कर सकते। मैं जो साइन करके आया हूं बहाली के लिए उसकी बहाली प्रक्रिया ये लोग क्यों नहीं शुरू कर रहे हैं। तेजस्वी यादव लोकसभा चुनाव प्रचार से लौटने के बाद मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे।

बच्चे की हाफ टिकट पर नहीं मिलेगा वैकल्पिक बीमा का लाभ

आईआरसीटीसी ने नियमों में किया बदलाव

नई दिल्ली। रेलवे ने यात्रा टिकट पर वैकल्पिक बीमा के नियमों में बदलाव कर दिया है। नए नियमों को मुताबिक अब बच्चे का हाफ टिकट लेने पर वैकल्पिक बीमा का लाभ नहीं मिलेगा। आईआरसीटीसी के मुताबिक अब फुल टिकट बुक कराने पर ही यात्रियों को बीमा सुविधा का लाभ मिल सकेगा। वहीं आईआरसीटीसी ने वैकल्पिक बीमा का प्रीमियम भी बढ़ा दिया है। प्रति यात्री प्रीमियम अब 45 पैसा कर दिया गया है। पहले यह 35 पैसा था।

आईआरसीटीसी के मुताबिक वैकल्पिक बीमा योजना का लाभ केवल ई-टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को ही मिल सकेगा। रेल टिकट काउंटर से खरीदे गए टिकट पर बीमा योजना नहीं लागू होगा। ऑनलाइन या ई-टिकट लेने पर ट्रेन के सभी क्लास- फर्स्ट एसी, सेकेंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर, चेयरकार आदि के कंफर्म और आरएसी टिकट पर यह सुविधा मिलेगी। वहीं वेटिंग टिकट वाले यात्री इस बीमा योजना के पात्र नहीं होंगे।

दरअसल, ऑनलाइन टिकट बुक कराते समय यह विकल्प चुनना होता है कि वे बीमा सुविधा का लाभ लेना चाहते हैं या नहीं। अगर यात्री बीमा सुविधा का लाभ लेना चाहता है तो उसे उस ऑप्शन पर क्लिक करना होता है। फिर बीमा कंपनी की ओर से रेल यात्री के मोबाइल और ई-मेल पर मैसेज आता है। अगर यात्रा के दौरान ट्रेन का रूट बदल दिया जाता है तब भी यात्री को इस सुविधा का लाभ मिलेगा।

बता दें कि इस बीमा योजना के तहत रेल यात्री की मौत होने पर 10 लाख रुपये, आंशिक विकलांग होने पर 7.5 लाख और घायल होने पर इलाज के लिए परिजनों को दो लाख रुपए दिए जाते है। रेल यात्री वैकल्पिक बीमा योजना की शुरुआत भारतीय रेलवे ने सितंबर 2016 में की थी। उस वक्त प्रति यात्री बीमा का प्रीमियम 92 पैसा था जो सरकार खुद देती थी। इसके बाद अगस्त में इसे 42 पैसा कर दिया गया और इसका बोझ यात्रियों पर डाल दिया गया था। बाद में इसे घटाकर 35 पैसा कर दिया गया था।

चौथी तिमाही में मारुति सुजुकी का शुद्ध मुनाफा 48 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। देश की अग्रणी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एक साल पहले की तुलना में 48 फीसदी की उछाल के साथ 3,878 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी के निदेशक मंडल की शुक्रवार को हुई बैठक में वित्तीय परिणामों के साथ 125 रुपये प्रति शेयर के लाभांश को भी मंजूरी दी गई, जो वाहन निर्माता के इतिहास में सर्वाधिक है। तिमाही के दौरान कंपनी का राजस्व भी रिकॉर्ड 38,235 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। कंपनी ने एक बयान में बताया कि पूरे वित्त वर्ष के दौरान उसकी बिक्री 20 लाख इकाई रही जो एक नया रिकॉर्ड है। साथ ही उसका निर्यात और शुद्ध लाभ भी नये शिखर पर रहे। मारुति सुजुकी के चेयरमैन आर.सी. भार्गव ने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि दो महीने से भी कम समय में आने वाली नई सरकार अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व स्तर तक पहुंचाएगी। बीएसई पर कंपनी के शेयर शुक्रवार को पिछले दिन की तुलना में 1.26 प्रतिशत गिरकर 12,760 रुपये पर बंद हुए।

एफपीआई की बिकवाली को बेअसर कर रहे घरेलू निवेशक

नई दिल्ली। इक्विटी बाजारों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की भारी बिकवाली के असर को घरेलू फंड और खुदरा निवेशक बेअसर कर रहे हैं। एफपीआई ने अप्रैल में अबतक भारतीय पूंजी बाजार में 6,304 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। इस दौरान नकदी बाजार में इक्विटी बिक्री 20,525 करोड़ रुपये रही। डेट मार्केट में भी नए सिरे से बिकवाली का चलन है।जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि अप्रैल में डेट बिक्री 10,640 करोड़ रुपये रही।

उन्होंने कहा कि अमेरिका में बॉन्ड पर ब्याज दर बढ़ने से इक्विटी और डेट दोनों में एफपीआई एक बार फिर बिकवाल हो गये हैं। दस साल के बॉन्ड पर ब्याज अब लगभग 4.7 प्रतिशत है जो विदेशी निवेशकों के लिए बेहद आकर्षक है।विजयकुमार ने कहा कि नवीनतम आंकड़ों में अमेरिका में गैर-खाद्य खुदरा महंगाई बढ़कर 3.7 प्रतिशत हो गई जबकि विशेषज्ञ 3.4 प्रतिशत की उम्मीद कर रहे थे। इसका मतलब है कि फेड द्वारा दरों में जल्द कटौती की संभावनाएं कम होती जा रही हैं। इससे बॉन्ड पर ब्याज ऊंची बनी रहेगी जिससे इक्विटी और डेट दोनों में एफपीआई बिकवाल रहेंगे।उन्होंने कहा कि सकारात्मक कारक यह है कि इक्विटी बाजारों में सभी एफपीआई की बिक्री के प्रभाव को घरेलू संस्थागत निवेशक, धनाढ्य व्यक्तिगत निवेशक और खुदरा निवेशक कम कर रहे हैं। यही एकमात्र कारक है जो एफपीआई की बिकवाली पर हावी हो सकता है।

आरबीआई की एक्शन के बाद कोटक महिन्द्रा बैंक एक्टिव

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ने प्राइवेट सेक्टर के बैंक कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ एक्शन लिया है। आरबीआई ने बैंक को निर्देश दिया है कि वह अब कोई नया कस्टमर को नहीं जोड़ेंगे और न ही कोई क्रेडिट कार्ड जारी करेंगे। आरबीआई के इस एक्शन को लेकर महिंद्रा बैंक के मुख्य कार्यकारी और प्रबंध निदेशक अशोक वासवानी ने कहा कि वह आरबीआई द्वारा उठाई गई चिंता को दूर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

इसको लेकर कोटक महिंद्रा बैंक के सोशल मीडिया हैंडल एक्स (ङ्ग) पर पोस्ट करके कहा कि वह इस मुद्दे को हल करने के लिए आरबीआई के साथ लगातार संपर्क में है। इस हफ्ते बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक को अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से किसी भी नए ग्राहक को जोड़ने से रोक दिया और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से भी रोक दिया।आईटी मानदंडों का बार-बार अनुपालन न करने और कोटक महिंद्रा बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन में गंभीर कमियों का पता चलने के बाद आरबीआई ने कार्रवाई की।अशोक वासवानी ने इस साल जनवरी में पदभार संभाला था। उन्होंने कहा कि नए क्रेडिट कार्ड जारी करने को अस्थायी रूप से रोक दिया है। हालांकि मौजूदा ग्राहकों के पास जो क्रेडिट कार्ड है वह सुचारू रूप से काम करेगा।आरबीआई की कार्रवाई के तुरंत बाद, बैंक ने बुधवार को कहा था कि उसने अपने आईटी सिस्टम को मजबूत करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए उपाय किए हैं और शेष मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने के लिए शीर्ष बैंक के साथ काम करना जारी रखेगा। आरबीआई की कार्रवाई के बाद कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में भारी गिरावट देखने को मिली थी। बुधवार के सत्र में बैंक के शेयर 0.85 फीसदी की गिरावट के साथ 1,643 रुपये पर बंद हुआ।

डाटा सेंटर बिज़नेस के लिए अदाणी कॉनेक्स ने जुटाए 1.44 बिलियन डॉलर

अहमदाबाद। भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने के लिए, अदाणी एंटरप्राइजेज और एजकॉनेक्स के बीच एक संयुक्त उद्यम अदाणीकॉनेक्स ने रविवार को कहा कि उसने 1.44 अरब डॉलर जुटाने के लिए देश की सबसे बड़ी सस्टेनेबिलिटी लिंक्ड फाइनेंसिंग स्थापित की है। इस ट्रांजैक्शन ने अदाणीकॉनेक्स के निर्माण वित्तपोषण पूल को 1.65 बिलियन डॉलर तक बढ़ा दिया है। इससे पहले पिछले साल जून में 213 मिलियन डॉलर की पहली निर्माण सुविधा बनाई गई थी। अदाणीकॉनेक्स के सीईओ जयकुमार जनकराज ने कहा, यह सफल अभ्यास टिकाऊ और मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना की चुनौतियों का सामना करने, मानदंडों को आगे बढ़ाने और नए उद्योग मानक स्थापित करने के लिए दोनों पक्षों के सामूहिक संकल्प का एक प्रमाण है।तैयार होने वाली डेटा सेंटर सुविधाएं परिचालन दक्षता को अनुकूलित करते हुए इकोलॉजी फुटप्रिंट को कम करने के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों का इस्तेमाल करेंगी।नए वित्तपोषण की शुरूआती प्रतिबद्धता 875 मिलियन डॉलर है, जिसे 1.44 बिलियन डॉलर तक बढ़ाया जा रहा है। जनकराज ने कहा, निर्माण वित्तपोषण अदाणीकॉनेक्स पूंजी प्रबंधन योजना का एक प्रमुख तत्व है, जो हमें टिकाऊ और पर्यावरणीय प्रबंधन में मजबूती से डेटा सेंटर समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाता है।कंपनी के अनुसार, डेटा सेंटर सुविधा की एक प्रमुख विशेषता परियोजनाओं की रणनीति के अनुरूप सिंडिकेटेड गारंटी-समर्थित आश्वासन कार्यक्रम है जो अपनी तरह का अनोखा है।

आइसक्रीम डिलीवर नहीं करने पर स्विगी को जुर्माना



नई दिल्ली। फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म स्विगी को आइसक्रीम की डिलीवरी ना करने पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगा है। दरअसल, कंज्यूमर कोर्ट ने स्विगी को ऑर्डर दिया है कि वह 3,000 रुपये जुर्माना और 2,000 रुपये कानूनी फीस के रूप में वापस में कस्टमर को वापस करे।

जानकारी के अनुसार, कस्टमर ने जनवरी 2023 में स्विगी ऐप का इस्तेमाल करते हुए, एक आईसक्रीम का ऑर्डर किया। इस आइसक्रीम का नाम हृह्वह्लह्ल4 ष्ठद्गड्डह्वद्ध ड्ड4 ष्टद्धशष्शद्यड्डह्लद्ग था और इसकी कीमत 187 रुपये बताई है। कस्टमर ने बताया कि उसको आइसक्रीम डिलिवर नहीं हुई और ऐप पर डिलिवर्ड का स्टेटस आने लगा। शिकायत के मुताबिक, डिलीवरी एजेंट ने आईसक्रीम शॉप से आईसक्रीम को पिकअप तो किया, लेकिन उसे डिलीवर नहीं किया। हालांकि ऐप पर बिना डिलीवरी किए डिलीवर्ड का स्टेटस आने लगा। इस मामले को शिकायतकर्ता ने स्विगी के शेयर किया और ऐप ने इस पर कोई रिफंड प्रोवाइड नहीं कराया। इसके बाद शिकायतकर्ता कंज्यूमर कोर्ट पहुंचीं।स्विगी ने बताया कि यह सिर्फ कस्टमर और रेस्टोरेंट के बीच का मामला है। साथ ही उसके डिलिवरी एजेंट की तथाकथित गलती पर स्विगी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। कंपनी ने कहा कि वह इसकी जांच नहीं कर सकते है कि ऑर्डर डिलिवर हुआ है या नहीं, खासकर तब जब ऐप पर डिलीवरी स्टेटस दिखाया है। कंज्यूमर कोर्ट ने कहा कि स्विगी के खिलाफ सेवा में कमी और अनुचित व्यपार प्रथाओं के आरोप साबित हुए हैं।

उबेर कप : युवा भारतीय महिला टीम ने क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम ने रविवार को चीन के चेंगदू में अपने ग्रुप ए मुकाबले में सिंगापुर पर 4-1 से आसान जीत के साथ बीडब्ल्यूएफ थॉमस और उबेर कप 2024 के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। युवा टीम, जिसने अपने ग्रुप ओपनर में कनाडा को 4-1 से हराया था, पहले एकल में येओ जिया मिन द्वारा अश्मिता चालिहा को 21-15, 21-18 से हराने के बाद वापस आई। राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा ने युगल मुकाबले में जिओ एन हेंग और यू जिया जिन के खिलाफ 21-15, 21-16 से जीत दर्ज कर बराबरी हासिल की, इसके बाद इशरानी बरुआ ने इंसिइरा खान को सिर्फ 31 मिनट में 21-13, 21-16 से हराकर एशियाई चैंपियंस को बढ़त दिलाई। इसके बाद पूर्व जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर ने यी टिंग एल्सा लाई और मिशेल ज़ान पर 21-8, 21-11 की शानदार जीत के साथ भारत के लिए मुकाबला समाप्त किया। इसके बाद अनमोल खरब ने तीसरे और अंतिम एकल में ली शिन यी मेगन पर 21-15, 21-13 से जीत के साथ अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। अब मंगलवार को आखिरी ग्रुप मुकाबले में भारत का सामना मजबूत चीन से होगा।

जेक फ्रेजर-मैकगर्क के हाथ की गति बहुत अच्छी है- डीसी कोच आमरे

नई दिल्ली। अगर कोई युवा बल्लेबाज है जिसने आईपीएल 2024 में क्रिकेट प्रशंसकों का ध्यान खींचा है, तो वह निस्संदेह जेक फ्रेजर-मैकगर्क हैं। हाई बैकलिफ्ट, स्थिर बेस, न्यूनतम फुटवर्क और अद्भुत बैट-स्विंग के साथ, फ्रेजर-मैकगर्क ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 311.11 के स्ट्राइक रेट से 11 चौकों और छह छक्कों की मदद से 27 गेंदों में सनसनीखेज 84 रन बनाकर इन सभी गुणों को एक बार फिर दिखाया।

फ़्रेज़र-मैकगर्क ने मिड-विकेट और मिड-ऑन के बीच के अंतराल में ल्यूक वुड की गेंद पर चौका लेने के लिए अपनी कलाइयों से मारना शुरू कर दिया। अपने स्थिर फ्रेम और सुंदर कलाई की कला के साथ, फ्रेजर-मैकगर्क ने शुरुआती ओवर में 19 रन लेने के लिए दो और चौके और एक छक्का लगाया।उन्होंने धीमी गेंद को लॉन्ग-ऑन पर छह रन के लिए भेजकर बुमराह का स्वागत किया और फ्री-हिट गेंद पर चार रन के लिए ड्राइव किया। दूसरे ओवर में 18 रन लेने के लिए फ्रेजर-मैकगर्क ने बुमराह को चौका लगाकर ओवर खत्म किया।उन्होंने नुवान तुषारा पर तीन चौके लगाए, इसके बाद पीयूष चावला की गेंद पर डीप मिडविकेट पर स्लॉग-स्वीप करके 15 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। चावला पर एक और चौका लगाने के बाद, फ्रेजर-मैकगर्क ने हार्दिक पंड्या को दो चौके और इतने ही छक्के लगाकर पांचवें ओवर में 20 रन बटोरे, जिसमें मिड ऑफ के ऊपर से इनसाइड-आउट लॉफ्ट सबसे खास रहा।हां, उसे मौका पाने से पहले चार-पांच मैच तक इंतजार करना पड़ा। लेकिन जब हम उसे नेट्स में देख रहे थे, तब भी उसके पास कुछ अलग था, वह एक्स-फैक्टर। यहां भी, उसने सिर्फ मैच की शुरुआत की और इसकी वजह से पारी के छह ओवर के बाद हमारा स्कोर बिना किसी नुकसान के 92 रन था।वह स्वाभाविक है। यदि आप उसका सेट-अप देखें, तो वह एक स्थिर आधार में विश्वास करता है। और उसके हाथ की गति उत्कृष्ट है। और जब आप पावरप्ले में बल्लेबाजी कर रहे होते हैं, तो आपके पास लेग-साइड पर केवल एक क्षेत्ररक्षक होता है। तो वह है हिट करने के लिए एक अच्छा क्षेत्र; यहां तक कि एक गलत हिट भी आपको एक बॉउंड्री दिला सकती है।

सैमसन, जुरेल की नाबाद शतकीय साझेदारी, आरआर ने एलएसजी को हराया

लखनऊ। कप्तान संजू सैमसन की 33 गेंदों में नाबाद 71 रन और ध्रुव जुरेल के पहले आईपीएल अर्धशतक की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से हरा दिया। राजस्थान ने 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय 60 के स्कोर पर तीन गेंदों में दो विकेट गंवा दिये थे। दूसरा विकेट सातवें ओवर की पहली गेंद पर गिरा था। नवें ओवर में 78 के स्कोर पर जब तीसरा विकेट गिरा तो राजस्थान के सामने कुछ मुश्किलें दिखने लगीं। लेकिन सैमसन ने एक और शानदार पारी खेली। उन्होंने सात चौके और चार छक्के लगाए। जुरेल ने भी कप्तान का अंत तक साथ दिया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 62 गेंदों में 121 रनों की अविजित साझेदारी की। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे एलएसजी के कप्तान केएल राहुल ने 48 गेंदों में 76 रन बनाए और दीपक हुडा ने 31 गेंदों में 50 रन बनाकर घरेलू टीम का स्कोर 196/5 पर पहुंचाया।

प्रभास की फिल्म कल्कि 27 जून को होगी रिलीज

इस साल कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। बात अगर पैन इंडिया फिल्मों की बात करें तो प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी को लेकर खूब शोर मचा हुआ है। इसके जरिए पहली बार प्रभास और दीपिका पादुकोण की जोड़ी सामने आएगी, वहीं अमिताभ बच्चन भी इसमें अहम भूमिका निभा रहे हैं।दर्शक इंतजार में हैं कि फिल्म कब पर्दे पर आएगी। उनकी इसी उत्साह को देखते हुए अब इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान कर दिया गया है।नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म कल्कि 2898 एडी प्रभास के करियर के लिए बहुत अहम मानी जा रही है। पिछले दिनों फिल्म से अमिताभ के किरदार का खुलासा हुआ था।अब फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान आखिरकार हो गया है, जिसे लेकर पिछले काफी समय से कयास लगाए जा रहे थे। इसकी पिछली रिलीज तारीख 9 मई तय की गई थी।नई घोषणा के मुताबिक, फिल्म इस साल 27 जून को सिनेमाघरों का रुख करेगी।यह साइंस फिक्शन फिल्म वीएफएक्स से भरपूर होगी, जिसमें शानदार एक्शन देखने को मिलेगा।फिल्म 600 करोड़ रुपये के भारी बजट से बनी है। इसे अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म बताया जा रहा है। फिल्म में दिशा पाटनी भी अहम भूमिका में हैं, वहीं दिग्गज अभिनेता कमल हासन इसमें मेहमान भूमिका में नजर आएंगे।बीते महीने मार्च में फिल्म से प्रभास का नया पोस्टर और उनके किरदार का खुलासा हुआ था। वह फिल्म में भैरवा की भूमिका निभाएंगे।निर्देशक नाग अश्विन के मुताबिक, फिल्म में उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई का इस्तेमाल नहीं किया। अगर ऐसा होता तो चीजें काफी आसान होतीं और वह एआई के आधार पर वीएफएक्स बनवा लेते। उन्हें इतना ताम-झाम नहीं करना पड़ता।वह कहते हैं, हमने वीएफएक्स में महीनो लिए।

1 मई को धूम मचाएगा इंडियन 2 का पहला गाना

कमल हासन की आगामी फिल्म इंडियन 2 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। शंकर शनमुगम के निर्देशन में बन रही फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रशंसक सेनापति के रूप में कमल हासन को बड़े पर्दे पर वापस देखने के लिए उत्सुक हैं। जैसे-जैसे फिल्म की रिलीज नजदीक आ रही है, निर्माता फैंस का उत्साह बढ़ाने के लिए इंडियन 2 की जानकारियां साझा कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म से कमल हासन के पोस्टर जारी हुए थे। वहीं, अब फिल्म के पहले गाने के बारे में जानकारी सामने आई है। फैंस फिल्म के पहले गाने की रिलीज का भी उत्सुकता के साथ इंतजार कर रहे हैं। खबर है कि इस हफ्ते फिल्म का पहला गाना रिलीज हो सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इंडियन 2 का पहला सिंगल ट्रैक 1 मई को रिलीज होने की संभावना है। अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा रचित इंडियन 2 का पहला ट्रैक थाथा वररू बताया जा रहा है। इस ट्रैक के बोल सेनापति उर्फ इंडियन थाथा के रूप में कमल हासन की वापसी की घोषणा करेंगे। इस गाने के अलावा निर्माताओं ने कथित तौर पर फिल्म के ऑडियो लॉन्च के कुछ ट्रैक का अनावरण करने की योजना बनाई है। कथित तौर पर इसे मई में करने की योजना बनाई गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माताओं को बहुप्रतीक्षित किस्त की उम्मीदों को बढ़ाने के लिए एक प्रचार योजना के साथ आने की उम्मीद है। कमल हासन ने 1996 की फिल्म इंडियन में दो भूमिकाएं निभाई, एक पिता की और एक उनके बेटे की। पिता को एक अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी के रूप में चित्रित किया गया था, जो देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सजग व्यक्ति के रूप में भी काम करते हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और अच्छी कमाई की। वहीं अब कहा जा रहा है कि इंडियन 2 में भाग एक की कहानी को आगे बढ़ाया जाएगा।

न्यूज गैलरी

रामबन में कई स्थानों पर भूस्खलन के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद

जम्मू (हि.स.)। जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में रातभर हुई बारिश के कारण रामबन में कई स्थानों पर भूस्खलन के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग सोमवार को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार रामबन जिले के मेहर, गंगरू, मोम पासी और किश्तवाडी पाथेर में भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है। अधिकारियों ने कहा कि बारिश जारी है, जिससे मार्ग को साफ करके बहाली कार्य में बाधा आ रही है। उन्होंने यात्रियों को मलबा साफ होने तक राजमार्ग पर यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू में पुंछ और राजौरी जिलों को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले से जोड़ने वाला वैकल्पिक मार्ग मुगल रोड पीर की गली और आसपास के इलाकों में बर्फबारी के कारण तीसरे दिन भी बंद रहा।

छत्तीसगढ़ः मुठभेड़ में नक्सली मारा गया, शव एवं हथियार बरामद

सुकमा (हि.स.)। सुकमा के किस्टाराम थाना अंतर्गत पेसेलपाड़ के जंगल में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। छत्तीसगढ़ के किस्टाराम थाना क्षेत्र अंतर्गत पेसेलपाड़ के जंगल में किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर एवं 208 वाहिनी कोबरा की संयुक्त पार्टी नक्सल उन्मूलन अभियान पर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान सोमवार सुबह 07 बजे पुलिस एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया है। घटनास्थल की तलाशी के दौरान मारे गए नक्सली का शव और हथियार बरामद किया गया है। जवानों की तरफ से मुठभेड़ कई नक्सलियों को गोली लगने का दावा किया जा रहा है। मारे गए नक्सली की पहचान अभी नहीं हुई है।

पूर्व केंद्रीयमंत्री और भाजपा सांसद वी श्रीनिवास प्रसाद का बेंगलुरु में निधन

बेंगलुरु (हि.स.)। पूर्व केंद्रीयमंत्री और चामराजनगर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद वी श्रीनिवास प्रसाद का रविवार रात यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। श्रीनिवास प्रसाद पिछले चार दिन से आईसीयू में भर्ती थे। उन्होंने 76 वर्ष की आयु में आखिरी सांस ली। भाजपा के दिग्गज नेता वी श्रीनिवास चामराजनगर लोकसभा सीट से सात बार चुनाव जीते। उन्होंने दो बार नंजनगुड विधानसभा सीट का भी प्रतिनिधित्व किया। उनके निधन की वजह मल्टी-ऑर्गन फेल्योर बताई गई है। उन्होंने हाल ही में राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की थी। पारिवारिक सदस्यों के अनुसार अंतिम दर्शन के लिए वी श्रीनिवास प्रसाद का पार्थिव शरीर आज मैसूरु में उनके जयलक्ष्मीपुरम आवास पर लाया जाएगा।

दरवाजा लॉक होने से सूरत में एक घंटे खड़ी रही वंदे भारत

सूरत (हि.स.)। अहमदाबाद से मुंबई जा रही वंदे भारत ट्रेन के एक कोच का दरवाजा लॉक होने से ट्रेन सोमवार को सूरत रेलवे स्टेशन पर एक घंटे तक खड़ी रही। रेलवे की इंजीनियरिंग टीम ने कड़ी मशक्कत कर एक घंटे बाद दरवाजा खोला गया। उसके बाद ट्रेन अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। अहमदाबाद से मुंबई जा रही वंदे भारत ट्रेन सुबह 8.20 बजे सूरत पहुंची, लेकिन तकनीकी कारणों से ट्रेन के कोच सी-14 का दरवाजा लॉक हो गया। दरवाजा न खुलने से यात्रियों को बाहर निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। दरवाजा न खुलते देख रेलवे विभाग का सूचना दी गई।

मोहिनी गौड़ा समाज के सामने अच्छा उदाहरण पेश किया : मोदी

पीएम ने फल बेचने वाली मोहिनी गौड़ा से मिले, लोगों ने बताया स्वच्छता का असली हीरो

नई दिल्ली (हि.स.)। कर्नाटक में चुनाव-प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को फल बेचने वाली मोहिनी गौड़ा से मुलाकात की। मोहिनी गौड़ा कर्नाटक के अंकोला बस स्टेशन पर फल बेचने का काम करती हैं। वह फलों को पत्तियों में बांधकर बेचती हैं। कर्नाटक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हेलीकॉप्टर जब लैंड हुआ, तब उन्होंने मोहिनी से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। प्रधानमंत्री मोदी ने मोहिनी गौड़ा की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने समाज के सामने अच्छा उदाहरण पेश किया है।

मोहिनी गौड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है, जहां वे बस की खिड़की से नीचे फेंके गए पत्तों को उठाकर कचरे के डिब्बे में फेंकती है। वीडियो को सोशल मीडिया पर आदर्श हेगड़े ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट से शेयर किया था। उनके वीडियो पर लोगों ने उन्हें स्वच्छता का असली हीरो बताया।

मोहिनी गोड़ा से उद्योगपति और महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिंद्रा भी काफी प्रभावित हैं। आदर्श हेगड़े के एक्स पोस्ट को रीट्वीट करते हुए उन्होंने लिखा कि ये हैं भारत के स्वच्छ बनाने वाले असली हीरो।

उल्लेखनीय है कि मोहिनी गौड़ा कर्नाटक के अंकोला बस स्टेशन पर फल बेचने का काम करती हैं। वह फलों को पत्तियों में बांधकर बेचती हैं। वहीं, जब कोई फल खरीदकर पत्तों को बस की खिड़की से नीचे फेंक देता है तो वो पत्तों को उठाकर कचरे के डिब्बे में फेंकती है। मोहिनी गौड़ा द्वारा कूड़ा और फलों के छिलके को बोटकर कूड़ेदान में डालने का वीडियो किसी ने शूट कर लिया था और सोशल मीडिया पर वो वीडियो वायरल हो गया था।

जिले में शांतिपूर्ण चुनाव, प्रशासन ने ली राहत की सांस

■ तैनात सुरक्षा बलों की वापसी हुई शुरू

खैरागढ़/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में डेढ़ माह से जुटे जिला प्रशासन ने पूरे जिले में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद राहत की सांस ली है। शुक्रवार को मतदान समाप्त होने के बाद जिले में खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ईवीएम मशीनों को स्ट्रांगरूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सील कर दिया गया। अब 4 जून को मतगणना के दौरान खुलेगा। पिछले डेढ़ माह से पूरा प्रशासन लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया में जुटा था।

आचार संहिता की घोषणा के साथ ही जिला कार्यालय सहित राजस्व सहित अन्य विभागों के काम अटक गए थे। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण से शुरू हुआ चुनावी कार्य ईवीएम की सिलिंग के साथ खत्म हो गया। मतगणना के लिए डेढ़ माह का समय है। ऐसे मे पूरी प्रक्रिया शांति और बेहतर व्यवस्था के साथ पूर्ण करने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली है। सुरक्षा बलों की वापसी शुरूः जिले में मतदान को शांतिपूर्ण तरीके से पूरा कराने बड़ी संख्या मे पुलिस सहित अर्धसैनिक बलों की तैनाती जिले में की गई थी। जिला पुलिस के अधिकारी और जवान भी चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही सुरक्षा व्यवस्था से लेकर मतदान केन्द्रों की सुरक्षा, जिले में अपराध रोकने सहित अन्य चुनावी निर्देशों का पालन कराने में जुटे थे। जिले के साल्हेवारा, बकरकटटा, गातापार जंगल इलाके के संवेदनशील मतदान केन्द्रों की सुरक्षा पुलिस और बलों के ऊपर थी। शुक्रवार को मतदान प्रक्रिया समापन होने के बाद अब जिला पुलिस बल ने राहत की सांस ली है तो बस्तर इलाके से पहले चरण का मतदान निपटाकर यहाँ ड्यूटी में डटे अर्धसैनिक बलो की तीसरे चरण के लिए होने वाले चुनाव में तैनाती के लिए जिले से वापसी शुरू हो गई ।

दो हजार से अधिक कर्मियों ने संभाली थी सुरक्षा की कमान

जिले में शांतिपूर्ण चुनाव कराने दो हजार से अधिक सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। इसमें जिला पुलिस, अर्धसैनिक बल, आईटीबीपी के जवान भी शामिल थे । मैदानी इलाकों में पुलिस बल, अर्धसैनिक बलो की तैनाती कम की गई थी । लेकिन अतिसंवेदनशील और संवेदनशील मतदान केन्द्र वाले इलाकों में बड़ी संख्या में बलों को तैनात किया गया था। जिले के सरहदी इलाकों के केन्द्रों में भी बड़ी संख्या में बल ने ही मोर्चा संभाला था।

सड़क हादसा, नौ लोगों की मौत
20 से ज्यादा घायल, नौ की हालत नाजुक

रायपुर (हि.स.)। छत्तीसगढ़ में बेमेतरा से 18 किलोमीटर दूर कठिया गांव के पास रविवार देररात एक पिकअप ने सड़क किनारे खड़े मिनी ट्रक को टक्कर मार दी। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। इनमें 5 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। इनमें 4 की हालत नाजुक है। घायलों को रायपुर एम्स रेफर किया गया है। कलेक्टर बेमेतरा रणवीर शर्मा ने सोमवार सुबह जानकारी दी कि मरने वालों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है और 23 घायल हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

एएसपी रामकृष्ण साहू के अनुसार पथर्रा गांव के 30 से ज्यादा लोग पिकअप में सवार होकर 8 किलोमीटर दूर ग्राम तिरवईया में छठी के कार्यक्रम में गए थे। खाना खाकर सभी पिकअप में सवार होकर लौट रहे रहे थे। पिकअप की रफ्तार काफी तेज थी। वह कठिया गांव से कुछ दूरी पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी मिनी ट्रक से जा टकराई। पिकअप के परखच्चे उड़ गए। हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हुई। शेष ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में 5 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। हादसे में मरने वालों की पहचान कर ली गई है। इनमें भूरी निषाद (50), नीरा साहू (55), गीता साहू (60), अग्निया साहू (60), खुशबू साहू (39), मधु साहू (5), रिकेश निषाद (6) और ट्विंकल निषाद (6) शामिल हैं।

पुलिस का कहना है कि हादसे की सूचना राहगीरों ने दी। सूचना पाकर बेमेतरा कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भी घटनास्थल पहुंचे और घायलों को बेमेतरा के जिला अस्पताल पहुंचाया गया। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू समर्थकों के साथ अस्पताल पहुंचे और घायलों से भेंटकर उनका हालचाल जाना।

60 करोड़ रुपये की 173 पैकेट चरस जब्त, 4 गिरफ्तार : डीजीपी

अहमदाबाद (हि.स.)। द्वारका-पोरबंदर के समीप भारतीय फिशिंग बोट से 60 करोड़ रुपये के 173 पैकेट हशीश (चरस) जब्ती मामले में सोमवार को गुजरात के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विकास सहाय ने प्रेस कांफ्रेंस कर पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुजरात एटीएस प्राथमिकी दर्ज कर इसकी जांच में जुट गई है। इस मामले में समुद्र से 2 लोगों के अलावा दो अन्य लोगों को भी पकड़ा गया है। इस बात की जांच की जा रही है कि ड्रग्स की खेप को कहां पहुंचाया जाना था।

डीजीपी विकास सहाय ने बताया कि सोमवार को एटीएस को फिर बड़ी सफलता मिली है। एटीएस के पुलिस अधीक्षक केके पटेल को 21 अप्रैल को प्राथमिक सूचना मिली थी कि महाराष्ट्र के तीन व्यक्ति कैलाश सनत, दत्ता सकारामा, मंगेश तुकाराम समुद्र से नारकोटिक्स का कन्साइनमेंट लाने का प्रयत्न कर रहे हैं। इसके लिए वे गुजरात के किसी फिशिंग बोट का उपयोग करेंगे।

पटेल को सूचना मिली थी कि 22 अप्रैल को ये सुबह किसी भी फिशिंग बोट में सवार होकर हाईसी में कन्साइनमेंट रिसीव कर 27-28 अप्रैल को वापस गुजरात आएंगे। इसके आधार पर एटीएस ने सीनियर अधिकारियों के साथ विमर्श कर स्ट्रैटजी बनाई। इसके तहत 24 अप्रैल को एटीएस के पीएसआई हितेश वाढे समेत कोस्ट गार्ड के कई अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ कोस्टगार्ड के वेसेल सजाद के जरिए हाई सी में रवाना हुए। संदिग्ध बोट की तलाश में तीन-चार दिन तक समुद्र में रहे।

75 समितियों के माध्यम से 2 लाख 70 हजार 600 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के 04 वन मंडल जगदलपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा व बीजापुर वन मंडल में तेंदूपत्ता संग्रहण जारी है। तेंदूपत्ते के अलावा यहां साल बीज, इमली, आंवला, महुआ, हर्रा, बहेड़ा, चिरौंजी, धवई, भेलवा, सतावर, कालमेघ, लाख, गोंद, आदि का संग्रहण भी बहुतायत से होता हैं। यह ग्रामीणों के आर्थिक स्रोत का प्रमुख साधन है, सरकार 65 तरह के वनोपज की खरीदी करती है।

वन विभाग ने बस्तर वृत्त के चारों वन मंडलों में 75 समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य 02 लाख 70 हजार 600 मानक बोरा तय किया है। लक्ष्य पूरा हुआ तो संग्राहकों को सिर्फ मजदूरी के एवज में ही 5500 के निर्धारित दर से 148 करोड़ 83 लाख रुपए मिल जाएंगे, सरकार से बोनस भी अलग से मिलेगा।मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि बस्तर में वनोपजों के कुल संग्रहण में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी तेंदूपत्ता का है, और ग्रामीणें को सबसे ज्यादा बोनस सहित आमदनी इसी से प्राप्त होती है। इसके बाद साल बीज हर्रा, बहेड़ा, आंवला व अन्य वनेंपज हैं। उन्होने बताया कि सबसे महंगा पत्ता बीजापुर के पुजारी कांकेर का 12199 प्रति मानक बोरा की दर पर बिका है। सुकमा वनमंडल में प्रति मानक बोरा की अधिकतम दर (एर्राबोर के पत्ते) 6309 रुपए आई है। वहीं सबसे कम दर का पत्ता भी सुकमा वन मंडल के जग्गावरम का बिका है, जिसकी बोली 2109 रुपए प्रति मानक बोरा आई है। उन्होंने बताया कि अनुकूल मौसम में लक्ष्य पूरा हो जाएगा। एक मानक बोरा तेंदूपत्ता में कुल 1000 गड्डी होती है। प्रत्येक गड्डी में 100 पत्ते होते हैं। पत्ता जितना ज्यादा महंगा बिकेगा उतना ज्यादा बोनस ग्रामीणों के खाते में आएगा।

चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपी से एक स्कूटी, एक बाइक, एक लैपटाप, एक वैन जुमला बरामद

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया पुलिस ने एक ही रात में चार स्थानों पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पकड़ने में सफलता पाई है। थाना पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति नया बस स्टैंड के पास कुछ सामान बेचने खरीदने की बात कर रहा है, जिसकी सूचना पाकर उक्त संदिग्ध व्यक्ति को संदेह के आधार पर पकड़ कर चोरी के संबंध में पूछताछ की गयी,पूछताछ करने पर अपना नाम धनीराम मार्को पिता शिवचरण मार्को (22) ग्राम दुल्लापुर चौकी खुडिया थाना चिल्फी जिला मुंगेली का निवासी होना बताया व उक्त चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया।

गौरतलब है कि प्रार्थी रामस्वरूप देवांगन पिता केजहा देवांगन (52) निवासी वार्ड नं.13 बाजाररोड बैरागपारा पंडरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम के घर के सामने से रात में टीव्हीएस जुपिटर स्कूटी क्रमांक CG09JL-8692 को रात में कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। इस पर थाना पंडरिया में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप0क्र0 166/2024 धारा-379 भादवि. अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। रोहित जायसवाल पिता खोरबाहरा जायसवाल (45) साकिन देव प्रापर्टी के सामने कवर्धा रोड पंडरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम के घर सामने से रात्रि में एचएफ डिलक्स क्रमांक CG28B-1317 को रात में कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। जिस पर थाना पंडरिया में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप0क्र0 167/2024 धारा 379 भादवि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। राहुल यादव पिता कृष्णा यादव (23) साकिन कुशालबंदपारा वार्ड नं.01 पंडरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम के डीजे पेंथर आडियो दुकान में रात्रि के समय दुकान के शटर को खोल कर डेल कंपनी का लैपटाप माडल नं.-DELL 5500 I5 8th 8GB/ 256 रू2/ Adapter काला रंग को रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है जिस पर थाना पंडरिया में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप0क्र0 168/2024 धारा 457,380 भादवि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विनोद कुमार गुप्ता पिता स्व. गणेश प्रसाद गुप्ता (41) साकिन वार्ड नबंर 10 बैरागपारा पंडरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम के घर के सामने से रात्रि में OMNI वैन CG09JE8599 सफेद रंग को रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है जिस पर थाना पंडरिया में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप0क्र0 169/2024 धारा 379 भादवि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इससे वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर थाना प्रभारी पण्डरिया को त्वरित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया, जो पण्डरिया पुलिस द्वारा थाना स्तर पर टीम बनाकर चोरी की पतासाजी में जुटे थे।

अमित शाह का फर्जी वीडियो शेयर करने वाले युवा कांग्रेस सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ मामला दर्ज

मुंबई (हि.स.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियो शेयर करने के आरोप में महाराष्ट्र कांग्रेस (युवा) सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ मुंबई पुलिस ने मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की शिकायत मुंबई भाजपा सचिव प्रतीक करपे ने मुंबई पुलिस में दर्ज कराई थी। मुंबई पुलिस की टीम मामले की गहन छानबीन कर रही है।

प्रतीक करपे ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि कांग्रेस पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल से अमित शाह का फर्जी वीडियो शेयर किया गया। इस वीडियो में गृह मंत्री अमित शाह का नाम लेकर कहा गया था कि केंद्र में अगली सरकार बनते ही एससी/एसटी या ओबीसी आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। जबकि इस तरह को कोई अधिकृत बयान अमित शाह की ओर से जारी नहीं किया गया गया था।

इस वीडियो की छानबीन के बाद पता चला कि यह वीडियो कांग्रेस के सोशल अकाउंट से जारी किया गया था। इसी वजह से उन्होंने इस मामले की शिकायत मुंबई पुलिस के पास की थी। इसी आधार पर सोमवार को अमित शाही कर बदनामी करने के जुर्म में मामला दर्ज किया है और मामले की गहन छानबीन जारी है।

इस्तीफा मामले में नपाध्यक्ष की बढ़ी मुश्किलें

उच्च न्यायालय ने शासन स्तर पर फैसले के दिए निर्देश, डबल बैंच ने खारिज की याचिका

खैरागढ़/नवप्रदेश। नगरपालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा के दो माह पूर्व दिए गए कथित इस्तीफे मामले में उच्च न्यायालय में वर्मा की याचिका खारिज होने के बाद अब अध्यक्ष पद से शैलेन्द्र वर्मा की विदाई तय हो चुकी है। आचार संहिता के बाद इस मामले में फैसला आ सकता है। नपाध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा द्वारा उच्च न्यायालय में दायर की गई राहत याचिका की सिंगल और डबल बेंच में सुनवाई के बाद न्यायालय ने सरकार के फैसले पर वर्मा की याचिका को खारिज कर दिया है।

अब मामला नगरीय प्रशासन विभाग के पाले में पहुँच गया है। ऐसे में वर्मा के इस्तीफा दिए जाने फिर इसका खंडन कर नपाअधिकारी द्वारा लेटर हेड का दुरूपयोग कर फर्जी हस्ताक्षर कर इस्तीफा लिखने जैसे मामले में जांच कार्यवाही पूरी कर ली गई है। दावा किया जा रहा है कि शासन स्तर पर जांच और अधिकारियों के प्रतिवेदन में शैलेन्द्र वर्मा द्वारा ही इस्तीफा दिए जाने की पुष्टि हो चुकी है। जल्द ही इस पर फैसला आ सकता है।

13 फरवरी को दिया था इस्तीफाः प्रदेश में सत्ता पलटने के बाद नगरपालिकाध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा ने 13 फरवरी को अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा नगरीय प्रशासन विभाग के अवर सचिव को दिया था। इसकी किसी को भनक तक नहीं लगी थी। 17 फरवरी को इसकी जानकारी जब स्थानीय स्तर पर मीडिया को हुई तो कांग्रेस भी हड़बड़ा गई। आनन फानन में कांग्रेस ने प्रेस वार्ता बुलाकर नपाध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा की उपस्थिति में किसी प्रकार का अध्यक्ष पद से इस्तीफा नहीं दिए जाने, नपाअधिकारी द्वारा ही अध्यक्ष के लेटर हेड का दुरूपयोग करने, फर्जी हस्ताक्षर कर इस्तीफा लिख कर देने का आरोप लगाया था। दो दिन बाद ही नपाध्यक्ष वर्मा ने

अवर सचिव नगरीय प्रशासन को अपने इस्तीफा दिए जाने से इंकार करते इस्तीफे को अस्वीकार करने का आवेदन सौंपा था। जबकि नपा अधिकारी के खिलाफ फर्जी हस्ताक्षर कर लेटरहैड का दुरूपयोग करने का आरोप लगाते एफआईआर कराने पुलिस में आवेदन दिया था। मामले में पुलिस के साथ नगरीय प्रशासन, जिला प्रशासन और नगरपालिका स्तर पर भी जांच की कार्यवाही की गई।

राहत के लिए कोर्ट की शरण में

मामले में शासन स्तर पर इस्तीफा स्वीकार कर अध्यक्ष पद से हटाने से रोकने और राहत के लिए नपाध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा ने मामला उच्च न्यायालय बिलासपुर में भी लगाया था। जहाँ न्यायालय ने मामले में नगरीय प्रशासन विभाग को एक माह में मामलें में उचित निर्णय लेने के निर्देश दिए थे। माह भर की कार्यवाही पूरी होने के पहले ही दोबारा उच्च न्यायालय में याचिका लगाए जाने पर उच्च न्यायालय ने नपाध्यक्ष वर्मा पर दस हजार रुपए का जुर्माना भी ठोंका था। इसके बाद नगरीय प्रशासन विभाग को 24 अप्रैल तक मामले में कार्यवाही के निर्देश देते न्यायालय ने पूरी जानकारी मांगी थी । डबल बेंच ने भी मामले को खारिज कर कार्यवाही को यथावत रखने निर्देश दिए हैं।

गेंद अब शासन के पाले में

इसका फैसला राज्य शासन स्तर पर नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा किया जाना है। मामले की जांच में साफ हो चुका है कि नपाध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा ने अपना इस्तीफा शासन स्तर पर सौंपा था। इस मामले में पुलिस, नगरपालिका, जिला प्रशासन के प्रतिवेदन में भी इस्तीफा दिए जाने की पुष्टि होने की जानकारी है। ऐसे में जल्द ही नपाध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा के अध्यक्ष पद से रवानगी होनी तय दिख रही है। अध्यक्ष पद से इस्तीफे मामले में नगरपालिका को मिले सभी दिशानिर्देशों का पालन कर जांच प्रतिवेदन सहित अन्य कार्यवाही शासन को भेज दी गई है। फैसला शासन स्तर पर होना है।

अमेठी से भाजपा प्रत्याशी के रूप में स्मृति ईरानी ने किया नामांकन

अमेठी (हि.स.)। केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति जुबिन ईरानी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट गौरीगंज पहुंचकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन करते समय उनके साथ उनके पति जुबिन ईरानी, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और अमेठी के शिक्षा एवं समाजसेवी के साथ-साथ प्रकांड विद्वान पंडित जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी नामांकन कक्ष में मौजूद रहे।
केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी नामांकन के पूर्व अपने निज निवास मेंदन मवई में हवन पूजन किया। इसके बाद वह भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पहुंचीं। पार्टी कार्यालय पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के आने के बाद रथ पर सवार होकर स्मृति ईरानी गौरीगंज नगर में रोड शो करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचीं। जहां पर उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रोड शो में बाबा का कई बुलडोजर लाइन से चल रहा था। उस पर लोग कमल निशान वाला झंडा लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान उनके रोड शो में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, अयोध्या के महापौर पंडित गिरीश पति त्रिपाठी, केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी सलोन विधायक अशोक कोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि सहित संगठन के तमाम पदाधिकारी एवं भाजपा नेता के साथ-साथ लोकसभा क्षेत्र अमेठी की तमाम जनता मौजूद थी।

मैं तो कार्यकर्ता रहना चाहता हूं अगर ये लोग रहने दें: अरविंदर सिंह लवली

नई दिल्ली (हि.स.)। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद आज (सोमवार) अरविंदर सिंह लवली ने कहा है कि वे दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रुप में उस तरह से काम नहीं कर सकते जिस तरह से कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह उनके खिलाफ बयानबाजी हो रही है। कांग्रेस प्रभारी और आम आदमी पार्टी के लोग बयान दे रहे हैं उससे उन्हें दुख होता है। उन्होंने आगे कहा कि मैं तो कार्यकर्ता रहना चाहता हूं अगर ये लोग रहने दें। सोमवार को मीडिया से बातचीत में अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि अगर कांग्रेस नहीं चाहती काम कराना तो यह अलग मामला है लेकिन वे अनुमति देते हैं तो वे एक कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में काम करने को तैयार हैं। लवली ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की गरिमा के तहत उम्मीदवारों की घोषणा करने से पहले कम से कम अनौपचारिक रूप से सूचित किया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने आगे कहा कि मैंने कभी नहीं कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं। इस्तीफा देने का मुख्य कारण यह है कि वे अपना 100 प्रतिशत अपना नहीं दे पा रहे हैं।

प्रगति मैदान पर कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में राहुल गांधी ने की जनसभा

हिन्दुस्तान के एक फीसदी लोग करते हैं 40 फीसदी धन कंट्रोल: राहुल गांधी

पाटण (हि.स.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पाटण लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार चंदनजी ठाकोर के प्रचार के समर्थन में सोमवार को स्थानीय प्रगति मैदान में एक जनसभा संबोधित किया। राजा-महाराजाओं के संबंध में राहुल गांधी की एक टिप्पणी के विरोध में पाटण क्षत्रिय समाज ने उन्हें काले झंडे दिखाए। पुलिस ने विरोध कर रहे 12 लोगों को हिरासत में लिया है।
पाटण की धरती पर जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपना भाषण जय अंबाजी, जय बहुचराजी बोल कर किया। राहुल गांधी ने कहा कि देश में 22 लोग ऐसे हैं जिनके पास उतना ही धन है जितना 70 करोड़ हिन्दुस्तानियों के बराबर धन है। इन लोगों के नाम सभी जानते हैं, गुजरात में ही यह शुरू हुआ था, उनमें अदाणी व अंबानी हैं। राहुल ने पूरे भाषण में भाजपा को निशाना बनाया।
राहुल गांधी ने कहाकि केन्द्र सरकार ने 22-25 लोगों के 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया। नरेन्द्र मोदी ने किसानों का कर्ज माफ नहीं किया, लेकिन इन 22-25 लोगों के 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिए। आम लोगों को पता नहीं है कि 16 लाख करोड़ कितना होता है। इसे ऐसे समझें कि यूपीए की सरकार ने किसानों का कर्ज माफ किया था। यदि 25 बार हिन्दुस्तान के किसानों का कर्ज माफ करो तब यह 16 लाख करोड़ रुपये होते हैं। यानी 25 साल तक हर साल किसानों का कर्ज माफ करेंगे तो यह 25 लाख करोड़ रुपये होता है। इसी तरह 24 साल के मनरेगा के पैसा के बराबर है यह 25 लाख करोड़ रुपये। हिन्दुस्तान के एक फीसदी लोग 40 फीसदी धन कंट्रोल करते हैं, यह देश की सच्चाई है। राहुल ने कहा कि हिन्दुस्तान में सबसे बड़े मुद्दे बेरोजगारी, महंगाई, भागीदारी और किसानों की स्थिति हैं लेकिन यह मुद्दे गायब हो गए। इसकी वजह है कि कॉरपोरेट समेत अन्य सभी निजी क्षेत्रों में गरीब, आदिवासी, पिछड़ा गायब हैं।
राहुल ने नोटबंदी व जीएसटी आदि पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि इस देश में युवाओं को रोजगार नहीं है, 45 साल से सबसे अधिक बेरोजगारी हिन्दुस्तान में आज है। उन्होंने कहा कि इस वर्ग की 90 फीसदी आबादी है। देश में 15 फीसदी दलित हैं, 50 फीसदी पिछड़ा वर्ग है, 8 फीसदी आदिवासी है, 5 फीसदी सामान्य वर्ग के गरीब वर्ग के लोग है। उन्होंने बड़ी कंपनियों, निजी क्षेत्र में पिछड़े, दलित, आदिवासियों की उपेक्षा का आरोप लगाया।
राहुल ने आरोप लगाया कि केन्द्र की सरकार 90 लोग चलाते हैं, जो आईएएस ऑफीसर हैं। देश के किस क्षेत्र में कितना पैसा जाएगा यही लोग निर्णय करते हैं। राहुल ने कहा कि जीएसटी में भेदभाव है। गरीब और अमीर सभी से बराबर जीएसटी लिया जा रहा है। राहुल ने अपने भाषण में कांग्रेस के न्याय पत्र की चर्चा की। महालक्ष्मी योजना, अग्निपथ योजना, राम मंदिर और जातिगत जनगणना पर भी अपनी बात कही।
राजा-महाराजाओं के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की एक टिप्पणी के विरोध में पाटण क्षत्रिय समाज में आक्रोश दिखा। पाटण क्षत्रिय समाज के कार्यकर्ताओं ने टीबी तीन रास्ता पर राहुल गांधी को काले झंडे दिखाए। इस मामले में पुलिस ने 12 लोगों को हिरासत में लिया है।

सत्ता पाने के लिए पहले से ही देश को बांटती रही है कांग्रेस : पीएम मोदी

मुंबई (हि. स.)। भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सोलापुर में कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सत्ता पाने के लिए देश को बांटती रही है। इंडी गठबंधन का मकसद किसी तरह सत्ता हासिल कर मलाई खाना है। इसलिए मतदाताओं को इंडी गठबंधन की साजिश से सावधान रहने की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को सोलापुर में भाजपा उम्मीदवार राम सातपुते के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन में नेता के नाम पर महासंग्राम चल रहा है। अब आप बताइए, क्या आप इतना बड़ा देश किसी ऐसे व्यक्ति के हाथ में देने जा रहे हैं, जिसका नाम नहीं पता, जिसका चेहरा नहीं मालूम?
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे धन, दौलत नहीं चाहिए। मुझे सफलता प्रसिद्धि नहीं चाहिए। मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए। मैं आज आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। इस साल के चुनाव में आप अगले 5 साल के विकास की गारंटी के लिए वोट करने जा रहे हैं। दूसरी ओर वे लोग हैं जिन्होंने 2014 से पहले देश को भ्रष्टाचार, आतंकवाद और कुशासन की ओर अग्रसर किया। अपने दागदार इतिहास के बावजूद कांग्रेस देश की सत्ता दोबारा हासिल करने का सपना देख रही है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए पिछले 10 साल में जितना काम हुआ है, उतना आजादी के बाद कभी नहीं हुआ। कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए एससी, एसटी, ओबीसी के हर अधिकार को रोकने की कोशिश की। उनकी एक चाल उन्हें अपना आश्रित बनाए रखने की थी, ताकि हम उनसे वोट प्राप्त कर सकें। उसने जानबूझकर ऐसा किया लेकिन मोदी और आपका रिश्ता दिल से जुड़ा है। पिछले 10 वर्षों में हमने सामाजिक न्याय पर काम किया है।
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैंने तय कर लिया है कि अब गरीब बच्चों को डॉक्टर बनाना है। उनकी बेटियां भी इंजीनियर और डॉक्टर बनना चाहती हैं लेकिन हर किसी की किस्मत में अंग्रेजी पढ़ना नहीं लिखा होता। अगर वह मराठी स्कूल में पढ़ रहा है तो उसका अपराध क्या है? अब आप मराठी के जरिए डॉक्टर, इंजीनियर बन सकते हैं। अगर आपको अंग्रेजी नहीं आती तो भी आप देश चला सकते हैं। कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि दलित, आदिवासी और ओबीसी नेता देश का नेतृत्व करें। पीएम मोदी ने कहा कि देश के विकास के लिए मतदाता भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों को मतदान करने की अपील की है।

मुंबई सीएसएमटी स्टेशन पर लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरे, हार्बर रेलवे की सेवा प्रभावित

मुंबई (हि. स.)। मुंबई सीएसएमटी स्टेशन के पास सोमवार को दोपहर में लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन इससे मुंबई सीएसएमटी से वडाला स्टेशनों के बीच हार्बर रेलवे की सेवा प्रभावित है। मध्य रेलवे के प्रवक्ता स्वप्रिल नीला ने बताया कि सीएसएमटी स्टेशन के मरम्मत का काम जारी है। बहुत जल्द हार्बर रेलवे की सेवा बहाल हो जाएगी। नीला ने यात्रियों से सहयोग की अपील की है।
दोपहर के समय पनवेल से सीएसएमटी जा रही लोकल ट्रेन के दो डिब्बे सीएसएमटी स्टेशन के करीब ही अचानक पटरी से उतर गए। इससे ट्रेन में बैठे यात्री तेज आवाज से सहम गए लेकिन मोटरमैन ने तत्काल ब्रेक लगा दिया। इससे काफी बचाव हो गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं है। इसकी जानकारी मिलते ही मध्य रेलवे की मरम्मत टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। मध्य रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि फिलहाल मसजिद स्टेशन से हार्बर रेलवे की सेवा आंशिक तौर पर शुरू कर दी गई है। बहुत जल्द हार्बर रेलवे की सेवा पूर्ववत बहाल कर दी जाएंगी।

अरब सागर में पोरबंदर के पास 1200 करोड़ की हेरोइन बरामद, दो पाकिस्तानी गिरफ्तार

अहमदाबाद (हि.स.)। पोरबंदर के निकट अरब सागर में भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ा ऑपरेशन चला कर 1200 करोड़ रुपये कीमत की 173 किलो हेराइन बरामद की है। यह लगातार दूसरा दिन है, जब ड्रग्स की इतनी बड़ी खेप पकड़ी गई है। ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा एजेंसी की बोट को नुकसान पहुंचाने और ड्रग्स के पैकेट समुद्र में फेंकने का भी प्रयास किया गया।
इंडियन कोस्टगार्ड, गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने खुफ़िया इनपुट के आधार पर पोरबंदर के निकट अरब सागर में संयुक्त ऑपरेशन चलाया। संदिग्ध बोट दिखाई देने पर उसकी घेराबंदी करके 1200 करोड़ रुपये कीमत की 173 किलो हेराइन बरामद की है। इस दौरान बोट पर सवार चालक दल ने भारतीय सुरक्षा एजेंसी की बोट को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, जिसके कारण सुरक्षा बलों ने फायरिंग की। चालक दल ने एजेंसियों की कार्रवाई को देखते हुए ड्रग्स के 3 पैकेट समुद्र में भी फेंक दिए। प्राथमिक जांच में पता चला है कि यह ड्रग्स तमिलनाडु से होते हुए श्रीलंका भेजी जा रही थी। इससे पूर्व रविवार को भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) ने आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के सहयोग से समुद्र में नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान 600 करोड़ रुपये मूल्य के 86 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए और सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध तरीके से पाकिस्तानी जहाज से चालक दल के 14 सदस्यों को गिरफ्तार किया।
एटीएस और एनसीबी अधिकारियों से लैस आईसीजी जहाज राजरतन ने पहचान से बचने की कोशिशों के बावजूद संदिग्ध नाव की पहचान कर ली। समवर्ती मिशनों पर जहाजों और विमानों के बेड़े से लैस राजरतन जहाज की त्वरित प्रतिक्रिया ने दवा से भरे जहाज को घेर लिया और भागने के लिए कोई जगह नहीं छोड़ी। जहाज की विशेषज्ञ टीम संदिग्ध जहाज पर चढ़ गई और गहन जांच के बाद बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की मौजूदगी की पुष्टि की। आगे की जांच और कानूनी कार्यवाही के लिए चालक दल और जहाज को फिलहाल पोरबंदर लाया गया है। आईसीजी और एटीएस के इस प्रकार मिलकर काम करने से पिछले तीन वर्षों में ग्यारह ऐसे सफल ऑपरेशन हुए हैं, जो राष्ट्रीय उद्देश्यों के लिए तालमेल की जरूरत को दर्शाता है।

न्यूज गैलरी

इंदौर में लोकसभा के कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति नामांकन वापस लेकर भाजपा में शामिल

इंदौर (हि.स.)। मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। ऐसे में इंदौर में भाजपा के सामने कांग्रेस की चुनौती खत्म हो गई है। इसके बाद अक्षय कांति बम भाजपा कार्यालय पहुंचे और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ली। दरअसल, इंदौर लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम सोमवार को कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और उन्होंने अपना नामांकन वापस ले लिया। इसके बाद वे कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक मेंदोला के साथ भाजपा कार्यालय पहुंचे और भाजपा की सदस्यता ली। अक्षय कांति बम का कहना है कि नामांकन जमा करने के बाद से ही उन्हें पार्टी की ओर से कोई समर्थन नहीं मिल रहा था। इसी बीच अक्षय कांति बम की मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से एक होटल में मुलाक़ात हुई। इसके बाद भाजपा विधायक रमेश मेंदोला को अक्षय के साथ नामांकन फॉर्म वापस लेने के लिए भेजा गया, जबकि विजयवर्गीय खुद बाहर डटे रहे। इसके साथ ही अक्षय कांति बम के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।
कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार अक्षय कांति बम के नामांकन वापस लेने के साथ अब इंदौर में भाजपा के सामने कांग्रेस की चुनौती भी खत्म हो गई है। यह इंदौर में अब तक हुए लोकसभा चुनाव के इतिहास में पहली बार है, जब कांग्रेस का कोई उम्मीदवार मैदान में नहीं होगा। इंदौर में 1951 से अब तक हुए लोकसभा चुनाव में सात बार कांग्रेस ने चुनाव जीता है और नौ बार भाजपा ने चुनाव जीता है। एक-एक बार जनता पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी यहां चुनाव जीत चुकी है। भाजपा ने इंदौर में पहला चुनाव 1989 में जीता था, जब सुमित्रा महाजन ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे प्रकाश चंद्र सेठी को हराया था। इसके बाद इंदौर भाजपा का गढ़ बन गया और महाजन आठ बार इंदौर से सांसद रहीं। फिर पिछले 2019 में भाजपा ने शंकर लालवानी को उम्मीदवार बनाया, तब उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार को 5 लाख वोटों के अंतर से हराया था। इस बार भी भाजपा ने शंकर लालवानी को दोबारा मैदान में उतारा है।

कांग्रेस ने गुरदासपुर से सुखजिंदर सिंह रंधावा को मैदान में उतारा

नई दिल्ली (हि.स.)। कांग्रेस ने सोमवार को पंजाब में लोकसभा चुनाव के लिए 4 उम्मीदवारों की सूची जारी की है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगावाल ने मीडिया को इसकी जानकारी दी। पार्टी ने पंजाब के गुरदासपुर से सुखजिंदर सिंह रंधावा मैदान में उतारा है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह बराड़ लुधियाना से लड़ेंगे, खडुर साहिब से कुलबीर सिंह जीरा और आनंदपुर साहिब से विजय इंदर सिंगला उम्मीदवार होंगे। पंजाब में अंतिम चरण में 1 जून को मतदान होगा। पंजाब में कुल 13 लोकसभा क्षेत्र हैं। राज्य भर में 24,433 मतदान केंद्रों के साथ, पंजाब में लगभग 2,12,71,246 पात्र मतदाता हैं, जिनमें 1,11,92,959 पुरुष, 1,00,77,543 महिलाएं और 744 ट्रांसजेंडर शामिल है।

इतिहास के पन्नों में 30 अप्रैल : तानाशाह हिटलर ने की आत्महत्या

देश-दुनिया के इतिहास में 30 अप्रैल की तारीख तमाम अहम वजह से दर्ज है। इतिहास में 30 अप्रैल की तारीख दुनिया के सबसे बड़े तानाशाह माने जाने वाले जर्मन नेता अडोल्फ हिटलर की मौत के रूप में दर्ज है। दुनिया से यहूदियों का नामो निशान मिटा देने का ख्वाब देखने वाले जर्मन तानाशाह हिटलर ने 30 अप्रैल, 1945 को सोवियत सेनाओं से घिरने के बाद बर्लिन में जमीन से 50 फुट नीचे एक बंकर में खुद को गोली मारकर अपनी पत्नी इवा ब्राउन के साथ आत्महत्या कर ली थी। पूरे विश्व में क्रूरता और तानाशाही के लिए कुख्यात एडोल्फ हिटलर का जन्म 20 अप्रैल 1889 को ऑस्ट्रिया में हुआ था। बड़ा होने पर हिटलर सेना में भर्ती हुआ। जर्मनी की ओर से पहले विश्व युद्ध में हिस्सा लिया। इस युद्ध में जर्मनी हार गया। इसके बाद हिटलर ने सेना छोड़ दी और जर्मन वर्कर पार्टी का सदस्य बन गया। बाद में यही पार्टी नाजी पार्टी के रूप में सामने आई। हिटलर भाषण देने में इतना माहिर था कि समझदार लोग भी उसके बहकावे में आ जाते थे। इसके चलते धीरे-धीरे उसको जनसमर्थन मिलने लगा और साल 1933 में उसने जर्मनी की सत्ता पर कब्जा कर लिया। जर्मनी में उसने पूरी तरह से नस्लवाद को बढ़ावा दिया। यहूदियों से नफरत के चलते नरसंहार किया। होलोकास्ट में तो लगभग 60 लाख यहूदियों को मरवा दिया, जिनमें 15 लाख तो बच्चे ही थे।
हिटलर की उम्र जब 40 साल की थी तो म्यूनिख में उसकी मुलाकात एक लड़की से हुई। उसका नाम इवा ब्राउन था। तब इवा सिर्फ 17 साल की थी और म्यूनिख में नाजी फोटोग्राफर हेनरिक हॉफमैन के स्टूडियो में नौकरी करती थी। वहीं दोनों मिले। देखते ही देखते हिटलर और इवा एक-दूसरे से प्यार करने लगे पर कभी भी एक-दूसरे को अपने दिल की बात नहीं बताई। मौत से खौफ खाने वाला हिटलर नहीं चाहता था कि उसकी लव स्टोरी किसी को पता चले। इस बीच, प्रेम परवान चढ़ता रहा और हिटलर का ज्यादा से ज्यादा देशों पर अपना आधिपत्य बढ़ाने का लालच भी। उसने जर्मनी का आधिपत्य बढ़ाने के लिए कई देशों पर हमला शुरू कर दिया, जिसने दूसरे विश्व युद्ध का रूप ले लिया।
यहां तक कि स्टालिन से समझौते के बावजूद हिटलर ने तत्कालीन सोवियत संघ पर भी धावा बोल दिया और उसकी सेनाएं रूस की राजधानी मॉस्को तक पहुंच गईं। इस बीच कई देश एकजुट होकर हिटलर के खिलाफ लड़ने लगे। इस युद्ध में सोवियत संघ भी कूद गया और शुरुआती झटकों के बाद 1945 में सोवियत संघ की सेनाएं हिटलर की सेना को खदेड़ते हुए बर्लिन तक पहुंच गईं। उधर, अमेरिकी सेनाएं भी लगातार हिटलर को तलाश रही थीं। हिटलर ने बर्लिन के पास एक बंकर में शरण ले रखी थी। उसके साथ इवा भी थी।
वहां करीब एक महीना दोनों साथ रहे। 29 अप्रैल 1945 को दोनों ने अचानक शादी कर ली। अगले दिन 30 अप्रैल को हिटलर और इवा ब्राउन ने एक साथ लंच किया और अपने कमरे में चले गए। इसके बाद उनके कमरे से गोली चलने की आवाज आई। सैनिक अंदर पहुंचे तो इवा और हिटलर मृत पड़े थे। इवा ने सायनाइड की गोली खाई थी, जबकि हिटलर ने सायनाइड की गोली खाने के साथ ही खुद को गोली भी मार ली थी। इससे पहले हिटलर ने अपने पालतू डॉग ब्लांडी और उसके पिल्लों को भी सायनाइड खिला दिया था।

महत्वपूर्ण घटनाचक्र

1598: अमेरिका में पहली बार थियेटर का आयोजन।
1789: जॉर्ज वॉशिंगटन सर्वसम्मति से अमेरिका के पहले राष्ट्रपति चुने गए।
1908: खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर में किंग्सफोर्ड के मजिस्ट्रेट की हत्या करने के लिए बम फेंका, लेकिन दो बेगुनाह बम की चपेट में आकर मारे गए।
1936: महात्मा गांधी ने अपना आवास बदला और वर्धा में सेवाग्राम आश्रम रहने लगे।
1945: जर्मन तानाशाह हिटलर एवं उसकी पत्नी इवा ब्राउन ने आत्महत्या की।
1973: रिचर्ड निक्सन ने अमेरिका के राष्ट्रपति के नाते वॉटरगेट कांड की जिम्मेदारी ली। हालांकि उन्होंने कहा कि वह निजी तौर पर इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं।
1975: वियतनाम युद्ध का अंत। तीन दिन के सत्तारूढ़ राष्ट्रपति दुओंग वैन मिन्ह ने अपनी सेनाओं से समर्पण करने और उत्तरी वियतनामियों से हमले रोकने को कहा।
1985: अमेरिकी पर्वतारोही रिचर्ड डिक बास (55) माउंट एवरेस्ट पर सर्वाधिक उम्र में चढ़ने वाले व्यक्ति बने।
1991: बांग्लादेश में भीषण चक्रवात में सवा लाख से अधिक लोगों की मौत और 90 लाख लोग बेघर।
1991: अंडमान द्वीप समूह के एक निर्जन द्वीप पर एक सुप्त पड़े ज्वालामुखी में विस्फोट। शताब्दी में पहली बार ऐसा हुआ।
1993: जर्मनी के हैम्बर्ग में एक मैच के दौरान तत्कालीन दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी मोनिका सेलेज़ को छुरा मारकर घायल कर दिया गया।
1999: लेविंस्की-क्लिंटन मामले को दुनिया के सामने लाने वाले पत्रकार माइकल इशिकॉफ़ को अंग्रेजी साप्ताहिक पत्रिका न्यूज वीक का नेशनल मैंगनीज अवार्ड प्रदान किया गया।
2004: इराक के फजुला में हिंसा। 10 अमेरिकी सैनिक मारे गए।
2005: नरेश के असाधारण अधिकार बरकरार रखते हुए नेपाल में इमरजेंसी समाप्त।
2006: क्रिकेट विश्वकप- 2011 की मेजबानी भारतीय उपमहाद्वीप को मिली।
2007: नेत्रहीन पायलट माइल्स हिल्टन ने विमान से आधी दुनिया का चक्कर लगाकर रिकार्ड बनाया।
2008: चालक रहित विमान लक्ष्य का ओडिशा के बालासोर जिले के चांदीपुर समुद्र तट से सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।
2010: हिन्दी चलचित्र जगत के सदाबहार अभिनेता देव आनंद को मुंबई में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार और प्राण को फाल्के आइकॉन से सम्मानित किया गया।
2017: नेपाल के उच्चतम न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की पर महाभियोग का प्रस्ताव।

जन्म

1870: भारतीय सिनेमा के पितामह धुंदीराज फाल्के उर्फ दादा साहब फाल्के।
1896: आनंदमयी मां।
1949: संयुक्त राष्ट्र संघ के नौवें महासचिव एंटोनियो गुटेरेस।
1967: भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिज्ञ मीनाक्षी लेखी।

निधन

1030: भारत में कई मंदिरों को लूटने वाला महमूद गजनवी।
2011: अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दोरजी खांडू।
2020: हिंदी सिने जगत के जाने-माने अभिनेता ऋषि कपूर।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)